फाल्गुन शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, गुरुवार
13 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 42, पृष्ठ-12




**रांची का तापमान**

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 33.0° | अधिक. 34.1° |
| न्यून. 18.2° | न्यून. 17.2° |

₹80700 (10 ग्राम)

₹102000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,029.76 | 87.187 |
| −72.56 | +0.011 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:59 | 4:40 |
| 13 मार्च | 14 मार्च |

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने नवनियुक्त चिकित्सकों को दिया नियुक्ति पत्र, कहा

# झारखंड में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का हो रहा प्रयास

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**

- सीएम हेमंत सोरेन की सोच 'स्वस्थ झारखंड, सुखी झारखंड' को कर रहे पूरा
- रिमोट एरिया में बाइक एंबुलेंस व हर जिले में हेलीकॉप्टर एंबुलेंस की होगी व्यवस्था

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच 'स्वस्थ झारखंड, सुखी झारखंड' को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। रिम्स में मरीजों के दबाव को कम करने के लिए सरकार बहुत जल्द ही 5 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना करने जा रही है। ये बातें उन्होंने बुधवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत नवनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकित्सक और ओटी टेक्निशियन के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में कही।

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में चिकित्सकों की कमी को पूरा शेष पेज 11 पर

### एयर एंबुलेंस के माध्यम से हजारों की बचाई गई जान



स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से झारखंड के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत राज्य में आम लोगों के लिए एयर एंबुलेंस की सेवा शुरू की गई थी। इस सुविधा के माध्यम से हजारों लोगों कि जान बचाने का काम किया गया। इसी के तर्ज पर प्रत्येक जिले में हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा देने पर भी विचार किया जा रहा है।

**इनकी हुई नियुक्ति**

| विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी | चिकित्सा पदाधिकारी | दंत चिकित्सक | ओटी टेक्निशियन |
|---|---|---|---|
| 56 | 38 | 11 | 57 |

**कंपनियां सीएसआर फंड के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में करें काम :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में स्थापित बड़ी कंपनियों को सीएसआर फंड के माध्यम से भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। प्राइवेट अस्पतालों को मरीजों की मौत पर उनके बकाए बिल को माफ करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि मरीज के परिजनों को उनके दुख की घड़ी में परेशान ना होना पड़े। इसका सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

**एक नजर**

### उपराष्ट्रपति धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। बुधवार को एम्स द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल के बाद उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है।

### 14 और 15 मार्च को बंद रहेंगी कूरियर सेवाएं

**रांची।** झारखंड कूरियर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक बुधवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से होली के अवसर पर अवकाश की चर्चा की गई। बैठक का संचालन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने किया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार होली के अवसर पर सभी कूरियर कंपनियां 14 और 15 मार्च को बंद रहेंगी। इसके अगले दिन 16 मार्च को रविवार की साप्ताहिक बंदी है। इसके पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन के दिन कूरियर के कार्यालय समय से पूर्व जल्दी ही बंद हो जाएंगे और काम प्रभावित रहेगा।

## राज्य कैबिनेट की बैठक में 31 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# उत्पाद सिपाही में भर्ती के लिए अब सिर्फ 1600 मीटर की दौड़

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई। इसमें कुल 31 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कैबिनेट बैठक में लिए गए की निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट में उत्पाद सिपाही की दौड़ में नियम संशोधन पर सहमति दी गई है। वंदना दादेल ने बताया कि उत्पाद सिपाही की दौड़ में संशोधित नियमों के मुताबिक अब अभ्यर्थियों को 10 किलोमीटर नहीं दौड़ना होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अब 10 किमी की जगह 16 सौ मीटर की दौड़ छह मिनट में पूरी करनी होगी। इसके अलावा, महिला अभ्यर्थियों को पूर्व की तरह 16 सौ मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी, लेकिन अब इसके लिए समय को घटाकर 10 मिनट कर दिया गया गया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष कांस्टेबल नियुक्ति के लिए 10 किलोमीटर की दौड़ में 19 अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी और इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था।

वहीं, एल ख्यांगते को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किए जाने के उपरांत घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। शेष पेज 11 पर

### एल ख्यांगते को जेपीएससी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने को घटनोत्तर स्वीकृति

**सेविका सहायिका चयन नियमावली में संशोधन को मंजूरी**

राज्य में सेविका सहायिका चयन नियमावली और चिकित्सा महाविद्यालय में तीन वर्षों के आवश्यक सेवा नियमावली में भी बदलाव किया गया है। अब जनजातीय इलाकों में दो किलोमीटर के दायरे में रहने वाली महिलाओं का चयन सेविका और सहायिका के रूप में हो सकेगा। पूर्व में यह दायरा केवल एक किलोमीटर ही था, जिसे बढ़ाया गया है।

- आंधी-तूफान और लू को आपदा घोषित करने की दी गई स्वीकृति
- खनिजों पर सेस दर में बढ़ोतरी करने के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

**राज्य कैबिनेट की बैठक**



**बिरसा जैविक उद्यान में लगेगी धरती आबा की प्रतिमा**

रांची के ओरमांझी स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा जैविक उद्यान में भगवान बिरसा की नौ फीट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी। कैबिनेट ने मूर्ति लगाने के निर्णय को मंजूरी दे दी। प्रतिमा लगाने पर कुल 25 लाख रुपए खर्च होंगे।

**कैबिनेट के अन्य फैसले**

- झारखंड हाई कोर्ट में दायर मामले में भगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित करने और उनकी बेटी प्रिया महांती को अनुकंपा पर नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।
- हाई कोर्ट के आदेश पर हसनैन अख्तर की सेवा नियमित करते हुए उन्हें वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।
- हाई कोर्ट में दायर मामले में सेवानिवृत्त लिपिक देवनारायण सिंह की सेवा नियमित करने और अन्य वित्तीय लाभ देने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट के लिए नियुक्त विधि पदाधिकारियों और उनके एसोसिएट काउंसल की ओर से हाई कोर्ट के अलावा मुख्यालय के अंदर किसी अन्य कोर्ट या न्यायाधिकरण में पैरवी करने के लिए फीस निर्धारण की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मार्च, 2025 तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई। शेष पेज 11 पर

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी में झारखंड को खिताब



**गत चैंपियन हॉकी हरियाणा को शूटआउट में 4-3 से हराया | मिजोरम ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर कांस्य जीता**

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची।** झारखंड की महिला हॉकी टीम सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में विजेता बनी और राज्य व राज्यवासियों को गौवान्वित किया। हॉकी झारखंड ने हरियाणा के पंचकूला में 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में गत चैंपियन हॉकी हरियाणा को 4-3 से शूटआउट में हरा दिया।

हॉकी झारखंड के लिए प्रमोदनी लकड़ा ने गोल किया, जबकि हॉकी हरियाणा के लिए कप्तान रानी ने गोल किया। पहला हाफ में काफी कड़ा मुकाबला रहा। शुरुआती मिनटों में हॉकी हरियाणा ने कब्जा जमाया, लेकिन हॉकी झारखंड ने भी अपने मौके बनाए और पहले क्वार्टर में एक पेनाल्टी कॉर्नर भी पाया। लेकिन, इसे गोल में नहीं बदला जा सका। दूसरे क्वार्टर में टीमें फिर से आमने-सामने हुईं, क्योंकि दोनों पक्षों को एक-एक पेनाल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन खेल हाफ टाइम तक गोल रहित रहा। तीसरे क्वार्टर में मैच खुल गया और दोनों टीमें नेट खोजने में सफल रहीं। 42वें मिनट में हॉकी हरियाणा को पेनाल्टी कॉर्नर मिला, जिसे रानी ने डिफेंडरों के बीच से गोल में बदलकर गोल में बदल दिया। हॉकी झारखंड ने दो मिनट बाद ही फील्ड गोल करके जवाब दे दिया। यह गोल प्रमोदनी लकड़ा ने किया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें जीत की तलाश में आक्रामक खेल खेल रही थीं। 51वें मिनट में हॉकी हरियाणा की रानी ने सर्कल के अंदर गेंद प्राप्त की और निर्णायक गोल करने से कुछ इंच की दूरी पर थीं, लेकिन उनका शॉट पोस्ट के ऊपर से निकल गया। 1-1 गोल की बराबरी के कारण फाइनल एक रोमांचक शूटआउट में बदल गया। शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## होलिका दहन 13 को, होली 15 को

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि को होली मनाने की परंपरा रही है। उदया तिथि के अनुसार, इस वर्ष होली 15 मार्च 2025 (शनिवार) को मनाई जाएगी। इस वर्ष होली तीन दिनों की होगी। दरअसल, जिस दिन होलिका दहन होता है, उसके अगले दिन होली मनाई जाती है। लेकिन, इस वर्ष होलिका दहन के बाद एक दिन गैप करके होली मनाई जाएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, 13 मार्च की रात को अगजा (होलिका) जलेगा और 15 मार्च को होली मनेगी। इस बार होलिका दहन किए जाने और बसंतोत्सव को लेकर द्वंद की स्थिति बनी हुई है। वाराणसी मुद्रित ऋषिकेश पंचांग, विश्व पंचांग, महावीर पंचांग आदि के अनुसार, फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि गुरुवार (13 मार्च) को दिन में 10:02 बजे से आरंभ होकर शुक्रवार (14 मार्च) को दिन में 11:11 बजे तक रहेगी। वहीं, 13 मार्च को रात में 10:37 बजे तक भद्रा काल है। इसलिए 13 मार्च को रात में 10:37 के बाद होलिका दहन किया जाएगा।

चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि का आगमन शुक्रवार (14 मार्च) को दिन में 11:11 बजे से शुरू हो रहा है, जो शनिवार (15 मार्च) को दिन में 12:48 बजे तक रहेगा। उदयातिथि में शनिवार (15 मार्च) को होली मनाई जाएगी।



- उदयातिथि में चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 15 मार्च को है

### कुएं में गिरे हिरण को वन विभाग ने बचाया

**चतरा।** टंडवा वन विभाग की टीम ने टंडवा वन क्षेत्र के रक्सी गांव में गहरे कुएं में गिरे हिरण को रेस्क्यू कर लिया। बुधवार को उसे वाइल्ड लाइफ सेंचुरी हजारीबाग में ले जाकर छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, हिरण वन प्रक्षेत्र अंतर्गत मिश्रोल के रक्शी गांव पहुंचा और भागने के दौरान वह कुएं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने त्वरित संज्ञान लेते हुए एक टीम को स्थल पर भेजा। टीम द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से हिरण को सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया।

### नीलांबर-पीतांबर विवि के वीसी प्रो दिनेश कुमार को विनोबा भावे विवि का अतिरिक्त प्रभार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार सिंह को विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति राज्यपाल के निर्देश पर की गई है, जिसका आदेश राजभवन से जारी किया गया। प्रो सिंह वर्तमान में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर (उत्तराखंड) में वेजिटेबल साइंस विभाग के प्रोफेसर हैं और इस विभाग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



उनके कार्यकाल में यह विभाग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की श्रेणी में आया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कुलपति का पद लगभग दो वर्षों से खाली था, जिससे विश्वविद्यालय के कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस नियुक्ति से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक और शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार की उम्मीद है।

### इस वर्ष नहीं बदलेगा अप्रैल से कोर्ट का समय

**रांची।** राज्य में इस वर्ष जिला अदालतों में सुनवाई का समय नहीं बदलेगा। हर वर्ष रांची सिविल कोर्ट सहित झारखंड के सभी जिला न्यायालयों में अप्रैल से मॉर्निंग कोर्ट में मुकदमों की सुनवाई होती थी, लेकिन अब झारखंड हाई कोर्ट ने पत्र जारी कर डे कोर्ट में ही सुनवाई जारी रखने की सूचना बुधवार को जारी कर दी है। डे कोर्ट में अदालत के कामकाज का समय सुबह 10:30 से लेकर शाम के पांच बजे तक निर्धारित किया गया है। पहले करीब दो महीने से ज्यादा समय से मॉर्निंग कोर्ट में सुनवाई चलती थी लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

**इंडिया**

# रासायनिक नहीं, प्राकृतिक खानपान है स्वास्थ्य का आधार



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

जब से आधुनिक खेती की प्रतिस्पर्धा बढ़ी उसमें हाइब्रिड बीजों के प्रयोगों के अलावा रासायनिक खादों का उपयोग बढ़ा जो अब रासायनिक दवाओं के साथ खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। कृषि उत्पादों के बेस्वाद होने प्राकृतिक गुणों की कमी के अलावा कैंसर तक के मामले मिल रहे हैं। इसी प्रकार खेतों के बंजर होने की शिकायतें भी बढ़ गईं हैं। विगत दो दशकों से खेती में रासायनिक खादों पर निर्भरता थोड़ी ज्यादा बढ़ती गई है। रासायनिक खादों के लगातार इस्तेमाल से कृषि लागत लगातार बढ़ती जा रही है। यूरिया, डीएपी और म्यूरिएट ऑफ पोटाश के लिए हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं। एमओपी के लिए हम कनाडा, रूस, जॉर्डन, इस्राइल, तुर्कमेनिस्तान और बेलारूस जैसे देशों पर निर्भर हैं। हमारे यहां यूरिया की आवश्यकता का अस्सी प्रतिशत उत्पादन होता है, मगर यूरिया बनाने के लिए तरल गैस का आयात कतर, अमेरिका, यूएई और अंगोला से किया जाता है। इन देशों की निर्यात नीतियां हमें प्रभावित करती हैं और यूरिया उत्पादन की लागत बढ़ती जाती है। बीस प्रतिशत यूरिया की कमी पूरी करने के लिए भी हम आयात पर निर्भर हैं। डीएपी की अत्यधिक कीमत और कमी से विगत कई वर्षों से किसान परेशान हैं। यूक्रेन युद्ध के कारण भी इस समस्या में वृद्धि हुई है। कृषि वैज्ञानिकों ने आयातित रासायनिक खादों के विकल्प के तौर पर अमोनियम फॉस्फेट सल्फेट जैसे उर्वरकों को बढ़ावा देने की रणनीति तैयार की है, जिसकी कीमत बेशक डीएपी से कम है, मगर इतनी भी कम नहीं है कि उस नीति से बहुत ज्यादा लाभ मिल सके। एपीएस खाद में 20 प्रतिशत नाइट्रोजन, 20 प्रतिशत फॉस्फोरस, शून्य प्रतिशत पोटाश और 13 प्रतिशत सल्फर होता है। एपीएस खाद, रॉक फॉस्फेट और सल्फ्यूरिक एसिड से तैयार की जाती है, जिससे फॉस्फोरिक एसिड की बचत होती है। यह खाद तिलहन, दलहन, मक्का, कपास, प्याज, मिर्च जैसी फसलों के लिए उपयुक्त है, मगर गेहूं, धान और गन्ने के लिए अब भी डीएपी का विकल्प, एपीएस नहीं है। वैज्ञानिक कुछ फसलों के लिए ही एपीएस को डीएपी के विकल्प के रूप में तैयार कर रहे हैं। ऐसे समय में, गोबर खाद और जैविक खादों को गांव-गांव में व्यापक स्तर पर तैयार करने के लिए एक नीति और अभियान की जरूरत महसूस की जा रही है। हमारी अवैज्ञानिक कृषि नीतियों के कारण गांवों से पशुओं की संख्या घटती गई है। क्रय-विक्रय की अड़चनों ने भी पशुपालन को हतोत्साहित किया है। पशुओं के कम होने से गोबर का उत्पादन कम हुआ है। खेती-किसानी से युवा वर्ग के पलायन के कारण भी गोबर खाद के उत्पादन के प्रति लोग लापरवाह हुए हैं। उसकी कमी को पूरा करने के लिए ही किसान रासायनिक खादों पर निर्भर होते गए हैं, लेकिन लगातार रासायनिक खादों के इस्तेमाल से मिट्टी के बंजर हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। गोबर खाद और जैविक खाद तैयार होने में समय जरूर लेती है, मगर वह पूरी तरह से खेती और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिए बेहतर है।

इसलिए गोबर और जैविक खादों को तैयार करने के लिए सरकारी ग्राम सभा स्तर पर कृषि यंत्रों को उपलब्ध कराने की जरूरत है, जिससे हर खेत में फसलों के डंठलों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर गड्ढों में थोड़ी-सी गोबर घोल और जानवरों के मूत्र छिड़ककर मिट्टी में दबा दिया जाए। इन गड्ढों में गोबर के साथ पशुओं के बिछावन, भूसा और घास-फूस को भी डाला जा सकता है। हर फसल के समय अगर हम ऐसा करने लगेंगे, तो एक साल बाद, गड्ढों से सड़ी हुई गोबर और जैविक खाद मिलने लगेगी, जो उसी खेत को न केवल उर्वरक बनाएगी, बल्कि रासायनिक खादों पर हमारी निर्भरता कम करती जाएगी। इस प्रक्रिया से खेतों में फसलों के डंठलों को जलाने की जरूरत न पड़ेगी। हम बिना अतिरिक्त लागत के देसी खाद तैयार करेंगे और पर्यावरण को भी दूषित होने से बचाएंगे। साथ ही साथ एमओपी और यूरिया जैसे उच्च पोषक तत्व वाले उर्वरकों की खपत को सीमित करने में मदद मिलेगी। यह कोई नई विधि नहीं है। पहले किसान मात्र गोबर खाद से ही खेती करते थे। हरित क्रांति के बाद, रासायनिक खादों का इस्तेमाल बढ़ा और कृषि मशीनों के इस्तेमाल के बाद हमने जानवरों को पालना कम कर दिया। हमें खेती-किसानी के लिए आधुनिक औजारों के साथ-साथ खाद बनाने के परंपरागत तरीकों को अपनाने की जरूरत है। पेड़ों के पत्ते, फसलों और सब्जियों के अवशेषों से जैविक खाद बनाने के लिए आगे आना चाहिए।

इसके साथ ही साथ गाय और भैंस पालन, उनके आवागमन और बिक्री में अड़चनें खत्म कर, गोबर का उत्पादन बढ़ाने और उसे खाद के रूप में इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करने के लिए आगे आना चाहिए। उर्वरकों की आयात निर्भरता कम करने और किसानों को संतुलित उर्वरकों के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करना चाहिए। विदेशों की तरह अनेक शहरों में ऑर्गेनिक खेती के उत्पादों को अधिक कीमत मिल रही है।



### झारखंड में कल से चल सकती है लू मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** इस वर्ष राज्य में मार्च महीने से ही लू चलने लगेगी। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को अलर्ट जारी किया है। विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, 14 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी भाग तथा 15 और 16 मार्च को पलामू तथा गढ़वा जिले में लू चलने की आशंका है। 14 मार्च को विशेष रूप से कोल्हान प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लू चलने की आशंका व्यक्त की गई है।

मौसम विभाग ने लू को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। कहा है कि पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लोग दोपहर में निकलने से बचें। बच्चे और बुजुर्गों का विशेष रखें। गर्मी से बचने के लिए ठंडा पेय का उपयोग करें। घर से बाहर निकलने की मजबूरी हो, तो छाता का प्रयोग करें। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, यह स्थिति देश के पश्चिमी भाग से आने वाली गर्म हवाओं के साथ एंटी साइक्लोन के प्रभावी होने की वजह से पैदा हुई है। विभाग का कहना है कि पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में तापमान बढ़कर 40 डिग्री हो सकता है। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में आने वाले दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। शेष पेज 11 पर

बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़

## दो नाबालिग समेत छह गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड किया है। पुलिस ने चोर गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुभाष उरांव, भागीरथ कुमार, संतोष लकड़ा, अमन कुमार के अलावा दो नाबालिग भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस की टीम ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी की और चोरी की चार बाइक के साथ दो नाबालिग समेत छह को गिरफ़्तार कर लिया। सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर एसएसपी डीएसपी हटिया के नेतृत्व में कई टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही है।

लॉ एंड ऑर्डर पर हाई लेवल मीटिंग में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का निर्देश

# बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें

*शरारती तत्वों तथा अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए राज्य में विधि व्यवस्था संधारण की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी इत्यादि त्योहारों के मद्देनजर राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हर हाल में सुनिश्चित करें। पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में आपसी प्रेम-सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में किसी भी प्रकार से कोई छोटी-मोटी अप्रिय घटना, सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इस निमित्त पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ अलर्ट मोड पर रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सांप्रदायिक तनाव अथवा विवाद की संभावनाएं रहती है, उन क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक श्री अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिए कई दिशा निर्देश

- आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- विधि-व्यवस्था संधारण हेतु दण्डाधिकारी/बलों की उपलब्धता एवं प्रतिनियुक्ति करें।
- धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई एवं सी0सी0टी0वी0 का अधिष्ठापन तथा इलेक्ट्रोनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।
- जुलूस मार्गो का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
- जुलूस मार्गो में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी/बलों की प्रतिनियुक्ति तथा विडियोग्राफी/ड्रोन द्वारा एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
- जुलूस के साथ दण्डाधिकारी / बलों की प्रतिनियुक्ति एवं दफ्फ़र इत्यादि की व्यवस्था की जाए।
- जुलूस मार्गो में लगातार प्रकाश / पब्लिक संबोधन सिस्टम की व्यवस्था की जाए।
- संयुक्त नियंत्रण कक्ष तथा आपातकालीन योजना सुनिश्चित की जाए।
- जिला स्तरीय थाना ने स्तरीय शांति समिति की बैठक की जाए।
- जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन एवं एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था की जाए।
- अवैध मादक पदार्थो/शराब के विरूद्ध छापामारी की जाए।
- डीजे/अन्य साउंड सिस्टम द्वारा उत्तेजक भडकाऊ गानों के प्रसारण पर रोक के लिए अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
- सुरक्षा बलों के लिए भोजन/आवासन/पानी आदि की व्यवस्था की जाए।
- पर्व-त्योहार के दौरान आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता रहे।

## निशिकांत दुबे ने संसद में संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ पर जताई चिंता

*घुसपैठ को रोकने और संथाल परगना सहित झारखंड के अन्य जिलों में जनसंख्या असंतुलन की जांच करने की मांग की*



**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/नई दिल्ली।** गोड्डा लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने संथाल परगना में जनसंख्या असंतुलन पर चिंता जताते हुए बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1951 में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 45 प्रतिशत थी, जो 2011 की जनगणना के अनुसार घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। वहीं, मुस्लिम जनसंख्या, जो 1951 में 9 प्रतिशत थी, 2011 में बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई है।

सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि देशभर में मुस्लिम जनसंख्या में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन संथाल परगना में यह बढ़ोतरी 15 प्रतिशत तक पहुंच गई है। उन्होंने दावा किया कि यह वृद्धि बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हुई है, जो पश्चिम बंगाल के रास्ते देवघर, दुमका, अररिया, गोड्डा और जामताड़ा सहित कई इलाकों में फैल चुके हैं। उन्होंने सरकार से इस घुसपैठ को रोकने और संथाल परगना सहित झारखंड के अन्य जिलों में जनसंख्या असंतुलन की जांच करने की मांग की। दुबे ने कहा कि यदि इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में यह बड़ा सामाजिक और सुरक्षा संकट बन सकता है।

इस दौरान, दक्षिणी राज्यों में परिसीमन को लेकर चल रहे विवाद पर निशिकांत दुबे ने कहा कि 1973 में परिसीमन के बाद कांग्रेस शासित राज्यों में सीटों की संख्या में वृद्धि देखी गई थी। 1973 के परिसीमन के बाद, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में यथास्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। निशिकांत दुबे ने कहा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और अन्य जैसे कांग्रेस शासित राज्यों में सीटों की संख्या में वृद्धि हुई है। साथ ही, यह वही पार्टी है जिसने परिसीमन अभियान के लिए जनसंख्या को मानक बनाने की वकालत की थी। उनका यह बयान स्टालिन के नेतृत्व वाली डीएमके द्वारा यह आशंका जताए जाने के बाद आया है कि जनसंख्या आधारित परिसीमन से संसद में तमिलनाडु के प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

हाल ही में चेन्नई में सर्वदलीय बैठक के दौरान डीएमके प्रमुख स्टालिन ने मांग की कि 1971 की जनगणना को परिसीमन के माध्यम से सीटों के आवंटन का आधार बना रहना चाहिए, साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि उत्तर-दक्षिण की आबादी में मौजूदा असमानता के कारण उन्हें कई लोकसभा सीटों से हाथ धोना पड़ सकता है।

रूफ टॉप बार मामला

## नगर निगम के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में सरोस रूफ टॉप रेस्टोरेंट की ओर से रांची नगर निगम के आदेश के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने उक्त मामले में आगे की सुनवाई के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट में भेजने का निर्देश दिया है। नगर निगम ने 25 फरवरी को आदेश जारी कर सरोस रूफ टॉप रेस्टोरेंट के संचालन पर रोक लगा दी थी। इसके खिलाफ सरोस की ओर से याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शादाब बिन हक की ओर से अदालत को बताया कि सरोस रूफ टॉप रेस्टोरेंट का नक्शा पास नहीं होने का आरोप लगाते हुए नगर निगम ने संचालन पर रोक लगा दी है। सरकार के पास रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट संचालन को लेकर कोई नीति नहीं है। व्यावसायिक भवन का नक्शा स्वीकृत है और छत पर सिर्फ रेस्टोरेंट चलता है। किचन सहित अन्य स्टोरेज भवन में हैं। पूर्व में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की अदालत ने नगर निगम के उक्त आदेश पर रोक लगाई है। यह भी समान मामला है, इसलिए निगम के आदेश को निरस्त किया जाए। अदालत ने निगम के आदेश पर रोक लगाते हुए याचिका चीफ जस्टिस की कोर्ट में स्थानांतरित करने का आदेश दिया।

## झामुमो के नीति-सिद्धांत को देख शामिल हुए काफी लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नीति-सिद्धांत पर आस्था प्रकट करते हुए काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के समक्ष पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहना कर पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर धनबाद जिला के संयोजक प्रमुख लखि सोरेन, संयोजक मन्नू आलम एवं मुकेश सिंह उपस्थित थे। पार्टी में मुख्य रूप से सर्व बलराम महतो, महादेव दास, रूपा देवी, सविता देवी, चांदनी देवी, सुरेश महतो, जीतू बाउरी, संतोष प्रसाद, रणधीर विश्वकर्मा, अमित दास, प्रवीण शर्मा, दीपक शर्मा, सोनू सिंह, मुकेश सोनी, राजकुमार तिवारी, मनोज महतो, गंगा चौहान, रोहित पंडित, अजरुद्दीन, मनोज तुरी, बेलूल रवानी, सत्यवान रवानी, आकाश हवलदार, राम महतो, डॉ निर्मल रजवार, पप्पू रजवार, मो खलील, लक्की दशौंदी, प्रभाकर, दिलीप सिन्हा, धनंजय, अमित दास, सुनील साव, माणिक दशौंदी, सनोज महतो, करण, राम, आबिग, लालू, समीर, दीपेश महतो, पंकज, साधन, बबलू, सिनोद महतो, राखी, कृष्णा, किशोर महतो, लता देवी, उमेश धारी, बाली दास, रंजित रवानी, मेहबूब अंसारी, रणधीर महतो, सदानंद दास, रुपेश महतो, टुन टुन दास, सतीश, टप्पू, सुबोध महतो, राजू श्रीवास्तव, धीरज आदि शामिल हुए।

## राज्यपाल से आम और खास ने की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडलों ने राजभवन में मुलाकात की और विभिन्न मांगों को लेकर पहल करने का आग्रह किया। महिपाल महतो के नेतृत्व में प्रशिक्षित शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने राज्य में जेटीईटी परीक्षा के आयोजन को लेकर राज्यपाल से पहल करने का अनुरोध किया। वहीं, हरेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल ने कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (ए.स.टी.) का दर्जा देने की मांग को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। इसके अलावा, नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने एन.सी. कर्जी के नेतृत्व में राज्यपाल से भेंट कर वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वहीं राज्यपाल से राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एपी सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को श्री सिंह ने झारखंड राज्य के पांचवे वित्त आयोग का प्रथम प्रतिवेदन समर्पित किया।

## भीड़ नियंत्रित करने को आज तीन ट्रेनों में जोड़े जाएंगे अतिरिक्त कोच



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होली पर घर जाने वालों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही। सामान्य बोगी में क्षमता से अधिक लोग यात्रा कर रहे हैं। लोग बोगी में घुसने के लिए धक्का-मुक्की पर उतारू हो जा रहे हैं। वहीं, सभी तरह के आरक्षित बर्थ भी फुल चलने से पर्व में यात्रा करना मुसीबत मोल लेने जैसा साबित हो रहा है। हालांकि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गुरुवार को रांची से तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने की तैयारी है। रेलवे इसके लिए रांची-गोड्डा एक्सप्रेस में 13 मार्च को द्वितीय श्रेणी स्लीपर का कोच जोड़ेगा। वहीं, रांची-वाराणसी एक्सप्रेस में 13, 15, 17 और रांची-आरा एक्सप्रेस में द्वितीय श्रेणी का अतिरिक्त कोच जोड़ा जाएगा। बता दें कि इन सभी ट्रेनों में सामान्य दिनों के मुकाबले कई गुना अधिक भीड़ सफर कर रही है। रांची और हटिया से बुधवार को खुलने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की इतनी ज्यादा भीड़ रही कि लोग एक-दूसरे से धक्का-मुक्की पर उतारू हो गए। क्षमता से ज्यादा भीड़ होने के चलते दोनों स्टेशनों के प्लेटफार्म फुल गए। हालांकि भीड़ नियंत्रित करने के लिए 20-20 टुकड़ियों में अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को लगाया गया है। जयनगर के लिए बुधवार को ट्रेन नहीं होने पर रांची-जयनगर स्पेशल ट्रेन दोपहर में रवाना की गई। यात्रा करने वाले इतने ज्यादा थे कि एसएलआरडी के दो, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 13 कोच, एसी थ्री टियर के दो, एसी टू टियर के एक कोच फुल हो गए। दो सामान्य बोगियों में पैर रखने की भी जगह नहीं थी।

**इन ट्रेनों में स्थिति सामान्य नहीं :** गोंदिया से पटना होकर चली ट्रेन भी देर रात रांची-मुरी होकर गुजरी। इस ट्रेन में भी आरक्षित बोगी खाली नहीं रही। रांची-गोरखपुर के लिए चली होली स्पेशल ट्रेन में बर्थ नहीं रही।

**विशाखापट्टनम-पटना के बीच रांची होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन :** विशाखापट्टनम-पटना-विशाखापट्टनम के बीच रांची होकर स्पेशल ट्रेन चलेगी। यह विशाखापट्टनम से 16, 23 और 30 मार्च को प्रस्थान करेगी। रविवार को यह ट्रेन शाम 7.30 बजे रवाना होगी और रायगड़ा-टीटलागढ़-संबलपुर-राउरकेला होते हुए दोपहर 12:35 बजे रांची पहुंचेगी। इसके बाद मुरी, बोकारो, गोमो, गया होते हुए सोमवार को रात 9 बजे पटना पहुंचेगी। पटना से यह ट्रेन 17, 24 और 31 मार्च को रात 10:30 बजे खुलेगी। रांची सुबह 8:05 बजे आकर हटिया होते हुए अलसुबह 3:50 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। इस ट्रेन में एसएलआरडी का एक, जेनरेटर यान का एक, सामान्य श्रेणी का चार, स्लीपर द्वितीय श्रेणी का सात, एसी थ्री टियर इकोनॉमी का चार, एसी टू टियर का तीन कोच होगा।

## जेपीएससी मेधा घोटाले के दो और आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची की पीएमएलए की विशेष अदालत ने बुधवार को जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के आरोपी डॉ. स्मरिता कुमारी एवं बिजय प्रसाद सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने 11 मार्च को सुनवाई के पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने 3 मार्च को सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था।

दोनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 27 फरवरी को याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 31 आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

## अतिथि शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने बुधवार को अलबर्ट एक्का चौक पर अपनी मांगों को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार और कुलपति अजीत कुमार सिन्हा के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। वे मांग कर रहे थे कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग से पारित संकल्प का संशोधन कर आवश्यकता आधारित शिक्षक के रूप में हमारा समायोजन किया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों ने अजीत कुमार सिन्हा इस्तीफा दो..., शिक्षा विरोधी सचिव राहुल पुरवार इस्तीफा दो... जैसे नारे लगाए। अतिथि शिक्षकों ने आरोप लगाया कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय ने मिलकर सरकार को गुमराह करके ऐसा संकल्प पारित करा लिया है जिससे हमारा समायोजन न होकर निष्कासन का रास्ता खुल गया है। संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि कुलपति प्राचार्यों के माध्यम से हमें काम करने से रोक भी रहे हैं और दूसरी ओर शिक्षकों की कमी का रोना भी रो रहे हैं। वहीं, अंकित शर्मा ने कहा कि झारखंड हाईकोर्ट से भी हमें अंतरिम राहत दी गई कि हमें नहीं हटाया जा सकता है इसके बावजूद हमें काम करने से रोका जा रहा है। अतिथि शिक्षकों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए रांची विश्वविद्यालय परिसर में पुलिस बल की तैनाती थी। इसकी भी अतिथि शिक्षकों ने कड़ी आलोचना की।

## रातू में कार गैराज में घुसा अनियंत्रित ट्रक लाखों का नुकसान




**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के एनएच 39 पर अनियंत्रित ट्रक (जेएच 01 डीके 0184) अनियंत्रित होकर गुरुचरण मारुति गैराज में घुस गया। इससे गैराज में बनने के लिए खड़ी तीन वैन क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक के घुसने गैराज का शेड और शटर ध्वस्त हो गया। घटना बुधवार की भोर 4:20 बजे की है। दुर्घटना से गैराज मालिक गुरुचरण साहू को लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गुरुचरण ने बताया कि ट्रक मालिक ने मुझे पौने दो लाख रुपये देने की बात कही है। लेकिन इससे मेरे नुकसान की भरपाई नहीं हो सकती। गुरुचरण ने रातू थाना में ट्रक चालक के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों का जल्द करें पूरा : के. रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजिकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे। श्री कुमार बुधवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजिकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं। उस कार्यप्रणाली को अभी भी एक्टिव रखें ताकि ससमय मतदाताओं के समस्याओं का निराकरण होता रहे। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर किसी भी मतदाता के शिकायत पेंडिंग न रहे सभी शिकायतों का ससमय निराकरण करते हुए संबंधितों को सूचित करें। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डकैती करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** हथियार के बल पर डकैती में शामिल दो अपराधियों को दशमफॉल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनमें सायको निवासी शिबा नायक उर्फ लंबू और खूंटी का दाउद नाग शामिल है। बताया जा रहा है कि दशमफॉल थाना क्षेत्र के सरजमडीह में आधा दर्जन अपराधियों ने हथियार के बल पर एक लाख रुपये और मोबाइल लूट लिया था। मामले में तुलसी भगत ने दो मार्च को दशमफॉल थाने में केस दर्ज कराया था। इसी आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह हजार रुपये व मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के बारे में बताए जाने के बाद पुलिस सभी को तलाशने में जुट गई है।

## अमन साहू गिरोह के तीन अपराधी हथियार के साथ हुए गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने अमन साहू गिरोह के कल्लू बंगाली उर्फ समीर बागची समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कल्लू बंगाली, अजय सिंह और वसीम अंसारी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्टल, दो देसी कट्टा, चार जिंदा गोली और बाइक बरामद हुए हैं। गौरतलब है कि बीते सात मार्च को अमन साहू गैंग ने व्यवसायी विपिन मिश्रा पर फायरिंग की थी। जिसके बाद रांची पुलिस ने अलग-अलग टीम गठित कर संगठित अपराधियों के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चला रही थी। इसी दौरान अमन साहू गैंग के तीन सदस्यों को पकड़ा गया है। पकड़ाये सभी अपराधियों का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। रायपुर से गैंगस्टर अमन साहू को रांची के होटवार जेल ले जा रही थी। इसी दौरान पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा के पास 11 मार्च की सुबह कुछ अपराधियों ने गाड़ी पर हमला किया और अमन साहू को छुड़ाने की कोशिश की। इस दौरान अमन साहू मारा गया। एफआईआर के अनुसार, एटीएस को 38 राउंड गोलियां चलानी पड़ीं। इस दौरान उनका एक जवान भी घायल हो गया।

### अमन का भाई क्रियाकर्म में शामिल होगा या नहीं फैसला होली बाद

जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू का भाई आकाश साहू अपने भाई की क्रियाकर्म में शामिल होगा या नही, इसका फैसला होली बाद आएगा। बुधवार को एनआईए की विशेष अदालत में आकाश साहू की ओर से अपने भाई की क्रियाकर्म में शामिल होने के लेकर दाखिल औपबंधिक जमानत याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रांची एसएसपी के द्वारा रिपोर्ट दायर नहीं किए जाने के कारण आगे की सुनवाई टल गई। अब मामले में सुनवाई की तारीख 17 मार्च निर्धारित की गई है। भाई की क्रियाकर्म में शामिल होने के लिए उसने 13 दिनों की औपबंधिक जमानत की मांग की है। आकाश साहू वर्तमान में एनआईए कांड संख्या 1/2021 से जुड़े मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। एनआईए ने उसे अमन साहू मामले में संलिप्त होने के आधार पर 6 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया था।

# होली को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** होली और रमजान को लेकर रांची जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय में केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा समेत जिला प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। सदस्यों ने अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी कार्रवाई, रैश ड्राइविंग पर रोक और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि होली को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी तरह की अफवाहों से बचने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले मैसेज को न फैलाएं, क्योंकि साइबर सेल इन पर कड़ी नजर रख रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि शांति समिति में नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। थाना और अंचल कार्यालयों को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है और सत्यापन के बाद नए सदस्यों को समिति से जोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि समिति में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी और सदस्यों के लिए आई-कार्ड जारी किए जाएंगे।

### सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों की खैर नहीं: डीआईजी

डीआईजी-सह-एसएसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि रांची की संस्कृति हमेशा से सौहार्दपूर्ण रही है और इस बार भी होली और रमजान को मिलजुल कर मनाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। डीआईजी ने बताया कि होली के दौरान पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे और संवेदनशील इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि छोटी-छोटी बातों को बड़ा न बनने दें और समाज में शांति बनाए रखें।

## एक नजर

### भगवा नारी सेना व संगीत सरिता ने मनाया होली मिलन

**रांची।** भगवा नारी सेना एवं संगीत सरिता के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित संस्कार गार्डेन मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर,एक मां दो किरदार कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। जिसमें हुई वैसी महिलाएं जो बिना पुरुष के आगे बढ़ रही हैं और अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण खुशियों के साथ कर रही है। साथ ही अपने बच्चों को अच्छा एजुकेशन भी दे रही हैं वैसी सिंगल मदर को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएससीए के वाइस प्रेसिडेंट संजय पांडे एवं विशिष्ट अतिथि राज्य अल्पसंख्यक अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू, सीडबलूसी की चेयरपर्सन तनुश्री सरकार, समाजसेवी सीमा राय, दीपक ओझा, साधना कुमार, प्रियंका सिंह, कमल ठाकुर, नितिन सिरमौर, गिरजा शंकर पेड़ीवाल, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, मां सुभद्रा ग्रुप के संस्थापक प्रभात रंजन,विजन आरोग्यं के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा, संस्कार गार्डन के निदेशक प्रदीप सरकार आदि मौजूद थे।

### इंडस्ट्रियल फीडर में पावरकट से हो रही परेशानी : चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर की एनर्जी उप समिति ने बुधवार को रांची क्षेत्र आपूर्ति के महाप्रबंधक मनमोहन कुमार के साथ बैठक की। बैठक के दौरान चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने पावरकट, मेंटेनेंस के लिए निर्धारित समय, ओवरहेड वायर सहित स्मार्ट मीटर से जुड़ी परेशानियां बताई। कहा कि इंडस्ट्रियल फीडर में बार-बार पावरकट और मेंटेनेंस का निर्धारित समय नहीं होने से उद्योगों के संचालन में परेशानी हो रही है। स्मार्ट मीटर की रीडिंग काफी फास्ट है। इससे काफी परेशानी हो रही है। चैंबर के मुताबिक, इन सभी समस्याओं पर विद्युत आपूर्ति के महाप्रबंधक ने सकारात्मक आश्वासन दिए हैं। कहा कि इंडस्ट्रियल फीडर में पावर कट को कम करने के लिए आवश्यकता अनुसार एबी स्वीच लगाए जाएंगे। इसके लिए चैंबर से सूची की मांग की है। वहीं, स्मार्टमीटर को उन्होंने खूबियों से लैस बताया। कहा कि उपभोक्ताओं को इसे ऑपरेट करने को लेकर जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बिजली बिल नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। चैंबर ने कहा कि अगर किसी का बिल 4-5 माह का है तो उसे बिना डीपीएस के 4-5 इंस्टॉलमेंट में भुगतान का विकल्प दिया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में प्रमोद सारस्वत, एचपी बियानी, महेंद्र जैन, शशांक भारद्वाज, आनंद जालान, राजू चौधरी, तेजविंदर सिंह, विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर डीएन साहू, कार्यपालक अभियंता हिमांशु कुमार, डीजीएम अमित खलखो, एमआरटी पुरूषोत्तम मिश्रा, कार्यपालक अभियंता राजेश मंडल सहित अन्य उपस्थित थे।

2022 में शुरू हुआ रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण

# बाबा साहब की जयंती पर भी संभव नहीं है उद्घाटन




राजकुमार गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रातू रोड में बन रहे एलिवेटेड कोरिडोर के साथ नालियां भी बनाई जा रही है। एक तरफ पुरानी नालियों की सफाई नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर नई नालियां बनाई जा रही है। इन नालियों का लेवल, पुराने और नए बने रहे नालियों की कनेक्टिविटी पर सवाल उठाए जा रहे हैं। वहीं बारिश में पानी जमा होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

आइए जानते है रातू रोड में रह रहे आम जनता क्या सोचती है। रातू रोड के घड़ी दुकानदार राजकुमार गुप्ता ने कहा कि जब से एलिवेटेड कोरिडोर का काम शुरू हुआ है धूल से परेशान हो गए है। नई नालियां बन रही है वह भी आगे जाकर बंद हो जाती है। देवी मंडप से काली मंदिर तक नाली नई बनी है लेकिन वह भी आगे जाकर बंद हो जाती है। पुराने और नए नालियों की कनेक्टिविटी नहीं है। नाली बनाने का कोई फायदा नहीं होगा। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है। बारिश के मौसम में पानी का जमाव रहेगा।

व्यवसायी प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि पुराने नालियों की सफाई आज तक नगर निगम ने नहीं की है। एलिवेटेड कोरिडोर निर्माण पूरा होने के बाद ही सही जानकारी हो सकती है कि नालियों और सड़कों का पानी सड़क से निकलेगा या फिर जमेगा।

विदित हो कि ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात देने के लिए 535 करोड़ रुपए की लागत से रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है, इसकी कुल लंबाई 3.70 किमी है। 7 जुलाई 2022 से निर्माण कार्य चल रहा है, इस कॉरिडोर का एक छोर ओटीसी ग्राउंड है दूसरी तरफ इटकी रोड है। ये दोनों रूट राज भवन के पास जाकिर हुसैन पार्क पर एप्रोच रोड से मिलते है। लगभग तीन वर्षों से बन रहे इस कोरिडोर के उद्घाटन को लेकर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा था कि जनवरी के अंतिम सप्ताह तक निर्माण पूरा होगा और फरवरी के प्रथम सप्ताह में जनता के लिए समर्पित रहेगा। मगर अब इसके उद्घाटन की तारीख बढ़ा दी गई है और उद्घाटन 14 अप्रैल किया जाएगा। मगर तीनों ओर रैम्प के निर्माण,एलिवेटेड कोरिडोर में लाइट की व्यस्था सहित अन्य कार्य पूरा होने में समय लगेगा जिस कारण इसके उद्घाटन की तारीख बढ़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। रातू रोड निवासियों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार धुल-धुआं से परेशान हैं। उनका कहना है कि तारीख पर तारीख मिल रही है। बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर भी उद्घाटन संभव नहीं होने की बात कही जा रही है।

### होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत : संजय सर्राफ

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा-धाम ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि होली हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है. इस दिन लोग अपने गिले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हैं और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते हैं, होली से एक दिन पहले होलिका दहन मनाया जाता है, इस वर्ष होलिका दहन 13 मार्च को होगा। तथा होली 14 एवं 15 मार्च को मनाया जाएगा। होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है,कथा के अनुसार होली का त्योहार भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद की जीत का प्रतीक है प्रह्लाद के पिता हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को भगवान विष्णु की पूजा करने से रोकने की कोशिश की लेकिन प्रह्लाद ने अपनी भक्ति नहीं छोड़ी। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रह्लाद को आग में जलाने के लिए कहा लेकिन भगवान विष्णु ने प्रह्लाद की रक्षा की और होलिका को आग में जला दिया इस जीत की खुशी मनाने के लिए होली का त्योहार मनाया जाता है। होली का त्योहार रंगों का त्यौहार है जो प्रेम, सौहार्द और जीवन की खुशियों का प्रतीक है।

एसएस मेमोरियल कॉलेज में होली मिलन का आयोजन

### बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय के सभी पदाधिकारी, प्राध्यापक, कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर सभी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए होली का बधाई दिए होली पर्व की शुभकामनाएं दीं और शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. बीपी वर्मा ने कहा कि साल भर में यही पर्व एक ऐसा पर्व है जिसमें लोग अपनों के बीच मनाना चाहते हैं। यह पर्व बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। डॉ समर सिंह ने कहा कि महापर्व को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली ऐतिहासिक धरोहर है इसके पीछे एक लंबी इतिहास भी है। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन का जिम्मा प्रेमा कुमारी और रंजीत कुमार चौधरी संभाल रहे थे।

डॉ तनुज खत्री ने कहा कि इसे उमंग और उत्साह के साथ सामाजिक सद्भाव के पर्व के रूप में मनाना चाहिए। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बी.पी.वर्मा,डॉ.समर सिंह,डॉक्टर रानी प्रगति प्रसाद, डॉक्टर सावित्री कुमारी,डॉक्टर अनिल वीरेंद्र कुल्लू,डॉ सीमा सुनील,डॉ रंजीत कुमार चौधरी,डॉ राजश्री महतो,डॉक्टर बी.पी. अखौरी,डॉक्टर तनुज खत्री,डॉक्टर प्रेम कुमारी डॉक्टर अनीता गुप्ता, डॉक्टर मंजू सिंकु,डॉक्टर लक्ष्मी कुमारी डॉ रवि कुमार दास डॉक्टर जुरान सिंह मानकी, डॉ मैतुर रहमान,डॉक्टर रीना कुमारी,डॉक्टर त्रिभुवन शाही डॉ मुकेश उरांव,डॉक्टर अनल कुमार,डॉ सुबास साहु ,डॉ संजय कुमार सारंगी डॉक्टर फरहत जेबा,डॉ राजश्री इन्दवार,डॉ अर्चना सिंह डॉक्टर संगीता कुमारी डॉक्टर कन्हैया लाल, डॉक्टर रुकैया परवीन डॉक्टर अभिषेक गुप्ता डॉक्टर प्रांजल शाह,डॉक्टर लक्ष्मी कुमारी,डॉक्टर गायत्री सिन्हा,शिवली अख्तर,डॉ पपीहा सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे ।

### रिम्स में 14 तक होली का अवकाश ओपीडी सेवाएं रहेगी बंद

**रांची।** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने 15 मार्च को एनआई एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया गया है। उक्त अधिसूचना के आलोक में रिम्स अवस्थित वाह्य विभाग (ओपीडी), निदेशक कार्यालय, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, सभी विभाग पुस्तकालय/ माईक्रोबायोलॉजी विभाग/ पैथोलॉजी विभाग/ जीव रसायन विभाग/ एमआरडी सेन्ट्रल पैथोलॉजी विभाग होली के अवसर पर 14 मार्च को बंद रहेंगे लेकिन आकस्मिक सेवाएं जारी रहेंगी। वहीं 15 मार्च को आकस्मिकी सेवाएं हर दिन की तरह चालू रहेंगी।

15 घंटे का बिल 47 हजार रुपए हुआ

### डॉक्टर ने डॉक्टर के पिता से वसूला बिल

- रांची के अस्पतालों में मची है लूट

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** सदर अस्पताल के जाने-माने चिकित्सक सर्जन डॉक्टर अजीत राज्य और देश स्तर पर कई अवार्ड जीत चुके हैं। कई जगहों पर व्याख्यान देने के लिए वे आमंत्रित किए जाते रहे हैं । डा अजीत जब ऑपरेशन में थे तो उनके पिता की अचानक तबियत खराब हुई। डॉक्टर अजीत के परिवार वाले बगल के अस्पताल रामप्यारी सुपर स्पेशलिटि में लेकर गए। डॉ अजीत के पिता का इलाज डा राजीव रंजन के अंदर हो रहा था। अस्पताल के इमरजेंसी में बताया गया कि सीजीएचएस दर पर इलाज हो जाएगा। दो बोतल पानी चढ़ने के बाद डॉ अजीत के पिता को होश आया। डॉ अजीत ने बताया कि उनके पिता का इलाज मेदांता में कैश लेस हो जाएगा मगर डॉक्टर के कहने पर आईसीयू में ही छोड़ दिया गया। सुबह पूछने पर बिल नहीं बताया गया वहीं दोपहर में 47000 रुपए की राशि का भुगतान करने को कहा गया। बिल में कुछ चार्जेज जुटने की बात कही गई। शहर में चर्चा बनी हुई है कि डॉक्टर ने डॉक्टर के पिता को नहीं छोड़ा है।

### रांची जिला बार भवन में वकीलों और जजों ने खेली होली



**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को नए बार भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटी गई। कार्यक्रम में सिविल कोर्ट के सभी न्यायिक पदाधिकारी शामिल हुए। जजों और वकीलों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। महासचिव संजय कुमार विद्रोही समेत अन्य वकीलों ने होली के गीत गाए। समारोह में पहुंचे प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे समेत सभी न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल, उपाध्यक्ष बीके राय, संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार भारती, प्रदीप कुमार चौरसिया, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार केसरी, सहायक कोषाध्यक्ष दीनदयाल सिंह, कार्यकारिणी समिति के सदस्य बीरेंद्र प्रताप, बबलू सिंह, पीपी एवं एपीपी ने होली खेली।

### साहित्योत्सव में लहराया नागपुरी का परचम

**रांची।** नई दिल्ली के रवींद्र भवन में आयोजित साहित्योत्सव-2025, में बुधवार को नागपुरी भाषा की विरासत पर रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के प्राध्यापक डॉ वीरेंद्र कुमार महतो ने वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि नागपुरी झारखंड की सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा है। इस भाषा की मधुरता व सरलता के कारण भाषाविदों ने इसे बांसुरी की भाषा, गीतों की रानी व मांदर की भाषा, कह कर सुशोभित किया है। डॉ महतो ने कहा कि 64वीं इस्वी में छोटानागपुर प्रांत के नागवंशी राजाओं ने नागपुरी भाषा को राजकाज का भाषा बनाया था। तब से लेकर 1947 तक नागपुरी झारखंड की राजभाषा बनी रही। अंग्रेजों व ईसाई मिशनरियों ने भी अपने धर्म प्रचार के लिए इसे अपनाया। कालांतर में इसे लिखने के लिए कैथी, बांग्ला, उड़िया, मराठी, रोमन व देवनागरी लिपि का प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि भाषा विज्ञान की दृष्टिकोण से नागपुरी एक स्वतंत्र भाषा है। इसका आपना साहित्य, शब्दकोश व व्याकरण है। झारखंड के आलावा असम, पश्चिम बंगाल, नेपाल, ओड़िशा, बिहार, बांग्लादेश व अंडमान तक क्षेत्र विस्तार है। मौके पर डॉ महतो ने सात नागपुरी कविताओं का पाठ किया। इस सत्र में नागपुरी भाषा के अलावा असमिया, मलयालम, पंजाबी, संस्कृत, तमिल व उर्दू भाषा के साहित्यकारों ने भी अपना वक्तव्य दिया।

**आज / कल**




# वैष्णवी को जय श्री ग्रीन सिटी के लोगों ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** अरगोड़ा चौक स्थित जय श्री ग्रीन सिटी के लोगों ने वैष्णवी को सम्मानित किया। वैष्णवी डीपीएस स्कूल की छात्रा है। वैष्णवी ने यूसीईईडी (अंडर ग्रेजुएट कॉमन एंट्रेस एग्जाम फॉर डिजाइन) जो आईआईटी मुंबई द्वारा आयोजित किया जाता है। इसमें ऑल इंडिया में 12 वां स्थान मिला है। वैष्णवी पढ़ाई में शुरू से अव्वल रही है। दसवीं सीआईएससीई बोर्ड में 99 प्रतिशत अंक लाकर देश में पांचवां स्थान हासिल किया था।

वैष्णवी ने नृत्य एवं नाट्य कला के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी कई उपलब्धियां हासिल की हैं। टीवी के माध्यम से भी दर्शकों का खूब झुमाया है।

बुधवार को जय श्री ग्रीन सिटी के लोगों ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर वैष्णवी को सम्मानित किया। मौके पर एपी सिन्हा ने कहा कि वैष्णवी से उनके माता पिता ही नहीं हम मोहल्ले के लोगों को बहुत उम्मीद है। रंजना दास ने कहा कि पूत के पांव पालने में ही दिखाई देते हैं। अनामिका सिन्हा ने कहा कि वैष्णवी से ज्यादा आज उसके माता पिता और हम मोहल्ले वाले खुश है। श्वेता सहाय ने वैष्णवी की बचपन के बातों को बताया।

मौके पर डीएन अमष्ठा, जसवंत सिन्हा, बीके सिन्हा, कुमार विश्वजीत, बिपिन सिंह, संगीता कुमारी, रेनू सिन्हा, शीतल श्रीवास्तव, पंकज, प्रकाश, अर्चना, प्रीति,संजय समर सहित कई लोग उपस्थित थे।




## एक नजर

### होलिका दहन 13 को और 15 को मनाई जाएगी होली

**खूंटी।** रंगों का त्यौहार होली खूंटी जिले के लगभग सभी गावों और शहरों में 15 मार्च शनिवार का मनाई जाएगी। होलिका दहन 13 मार्च की रात को होगा। बाबा आम्रश्वर धाम परिसर स्थित दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित सच्चिदानंद शर्मा ने बताया कि पंचागों की गणना के अनुसार 13 मार्च गुरुवार को चतुर्दशी तिथि पूर्वाहन 10.02 मिनट तक है। उसी रात भद्रा की समाप्ति के बाद रात 10.57 के बाद होलिका दहन होगा। शुक्रवार 14 मार्च को पूर्णिमा दिन को 11.12 मिनट तक है। उदया तिथि के अनुसार रंगोत्सव होती 15 मार्च को मनाया जाएगा। कुंजला गांव की बैठक में शनिवार को होली मनाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। ग्राम अध्यक्ष काशीनाथ महतो और बेदेया पाहन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई बैठक मे निर्णय लिया गया।

### रांची जिले के 3 लाख लाभुकों के खाते में सम्मान राशि स्थानांतरित

**रांची।** होली से पहले राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में सम्मान राशि स्थानांतरित की जा रही है। इस वर्ष योजना अंतर्गत लाभुकों के खाते में एक साथ 3 महीने की सम्मान राशि 7500 रुपए स्थानांतरित की जा रही है। रांची जिला में भी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 3 लाख 08 हजार 280 (308280) लाभुकों के खाते में 7500 रुपए सम्मान राशि स्थानांतरित की गई है। डीबीटी के माध्यम से उपरोक्त सभी लाभुकों के खाते में कुल 231 करोड 18 लाख 72 हजार 500 रुपये सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किये गये हैं। रांची जिला के सभी लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी एवं मार्च महीने की सम्मान राशि एक साथ स्थानांतरित की गयी है, इनमें कुछ लाभुक ऐसे भी हैं जिनके आवेदन फरवरी माह में स्वीकृत हुए थे।

#### स्कूल में बच्चों ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

# होली हमारी आत्मा में रची बसी भारतीय संस्कृति का प्रतीक है : प्रवीण कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं यह यहां के लोगों की आत्मा में रची बसी भारतीय संस्कृति और भारतीय परम्परा धर्म का प्रतीक है। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को आयोजित होली मिलन समारोह सह रंगोली प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के निदेशक प्रवीण कुमार ने कही। उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को बताया कि होली से एक दिन पूर्व होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह हिन्दुओं का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसमें होली के एक दिन पहले यानी पूर्व संध्या को होलिका का सांकेतिक रूप से दहन किया जाता है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व के रूप में मनाया जाता है। वहीं विद्यालय की प्राचार्या विनिता देवी ने कहा कि अलग-अलग रंग खुशियों का प्रतीक है। प्रत्येक रंग हमारे जीवन से जुड़ा है। प्रकृति ने जितनी खूबसूरत दुनिया बनाई है उन खूबसूरती को हम अपने अंदर महसूस करते हैं। होली मिलन समारोह के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और कई अलग अलग रंगोली बनाई। वहीं होली मिलन समारोह के दौरान बच्चों ने अपने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं बच्चों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह के दौरान बच्चों ने खूब मस्ती की। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती कुमारी, सुमन कुमारी, सुधा कुमारी, अंजु कुमारी, सुरभि कुमारी, सुषमा कुमारी, अनुराधा कुमारी, अंजली कुमारी, कपिल कुमार, सुजीत मुंडा, विरेंद्र साहु तथा छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पंचतत्व में विलीन हुए मुक्तिनाथ गिरि, दामोदर नदी तट पर हुआ अंतिम संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के वरिष्ठ पत्रकार दिवंगत मुक्तिनाथ गिरि का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। खलारी के दामोदर नदी तट पर उनके ज्येष्ठ पुत्र अविनाश गिरि ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पूर्व खलारी पत्रकार कालोनी स्थित आवास पर लोगों ने उनका अंतिम दर्शन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। रांची प्रेस क्लब की ओर से सचिव अमरकांत सहित अन्य पदाधिकारियों, एनके क्षेत्र महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता, विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनके शव यात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार में खलारी, पिपरवार, रांची, मैक्लुस्कीगंज, बालूमाथ के पत्रकारों सहित स्थानीय विधायक सुरेशकुमार बैठा, खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### डीसी ने छात्राओं को बेरहमी से पीटने वाली वार्डेन पर की कार्रवाई

**रांची।** गिरिडीह जिले सरिया स्थित पीएम श्री झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के वार्डेन सह शिक्षिका अंशु कुमारी के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है। उनको पूरे सेवाकाल तक वार्डेन से वंचित रखने और उनके एक वर्ष तक वेतन में बीस प्रतिशत कटौती आदेश जारी कर दी गई है। मालूम हो कि वार्डेन ने 2 मार्च को अध्यनरत छात्रों की बेरहमी से की गई। इस घटना पर गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने संज्ञान लेते पांच मार्च को मुख्य सचिव एवं गिरिडीह जिले के डीसी को पत्र लिख कर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने इस घटना की जांच कर कर दोषी वार्डेन के विरुद्ध कार्रवाई कर इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद इस घटना की जांच डीसी ने कराई। जांच में यह घटना सही पाया गया। वार्डेन सह शिक्षिका ने छात्राओं को बेरहमी से पिटायी की थी। छात्राओं के चोटिल होने के उपरांत भी इलाज का उनके द्वारा प्रयास नहीं किया गया और ना ही इसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को दीगई। इस घटना को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी बगोदर- सरिया की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की गई। जांच में वार्डन का कृत्य सही पाया गया। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने वार्डन के विरुद्ध यह कार्रवाई की है। पदाधिकारियों का कहना है कि बच्चों को पीटना नहीं बल्कि उसे डांट-फटकार कर काम चलाना चाहिए। बच्चों को स्कूल में डराकर नहीं रखा जा सकता है। बच्चों के दिलों डर पैदा होने वह सही रूप से शिक्षकों का सामना नहीं कर पाते हैं।

### दो दिवसीय सेमिनार 12 व 13 अप्रैल को



**सिल्ली।** 12 एवं 13 अप्रैल को समाज को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने एवं पेसा कानून के संबंध में गहराई से विचार विमर्श को लेकर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया है।इसको लेकर प्रदेश संयोजक लालचन महतो ने गोला मुरी रोड भिखारी चौक के समीप शिबू रेस्टोरेंट प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि सिल्ली विलेज रिसोर्ट सुलमजूड़ी में आयोजित इस दो दिवसीय सेमिनार में कुरमी/कुडमी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रतिनिधिमंडल भी हिस्सा लेंगे। जहां पहले दिन 12 अप्रैल को समाज से जुड़े साहित्यकार भाषाविद भाषा विद गाना एवं कलाकारों के साथ-साथ सामान्य समिति के सभी पदाधिकारी प्रभारी एवं समाजसेवी को आमंत्रित किया गया था।वहीं दूसरे दिन 13 अप्रैल को समाज के सभी जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों एवं बुद्धिजीवों को आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय सेमिनार के बाद आंदोलन को तेज किया जाएगा। इस मौके पर महावीर महतो, निताई महतो, विष्णु महतो, मधुसूदन महतो, मधुर प्रसाद महतो इत्यादि उपस्थित रहे।

## अंबेडकर जयंती समारोह कमेटी के अध्यक्ष बने देवपाल मुंडा, सचिव रामलखन गंझू



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
एसटी/एससी/ओबीसी एकता मंच की बैठक बुधवार को अंबेडकर पार्क डकरा में हुई। अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष देवपाल मुंडा ने की। बैठक में आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती समारोह पूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संयोजक बहुरा मुंडा, मिथिलेश पासवान, बिगनसिंह भोगता, विनय खलखो, अमृत भोगता, इंदिरा देवी, अनिता एक्का, अब्दुल्ला अंसारी, नरेश गंझू, विश्वनाथ गंझू, जगरनाथ महतो (चूरी), जंगबहादुर राम, अध्यक्ष देवपाल मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र उरांव, उपाध्यक्ष अशर्फी राम, अनिल पासवान, जगन्नाथ महतो (रोहणी), प्रभाकर गंझू, राजकुमार उरांव, सेवा उरांव, ध्वजाराम धोबी, सचिव रामलखन गंझू, सहसचिव सतीश पासवान, रविंद्र बैठा, सुखराम सेठ, किशोर रजक, बरतु मुंडा, हलीम खान, संगठन सचिव कन्हाई पासी, विजय उरांव, बालेश्वर उरांव, राजदेव राम के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में नत्यानंद कुमार, रामचरण सतनामी, चरका मुंडा, संजय राम, सुनील राम, वीरेंद्र गंझू, परमेश्वर राम, जोगिंदर कुमार, विजय विश्वकर्मा, रामू सतनामी, मीडिया प्रभारी अमरलाल सतनामी, कार्यालय प्रभारी भावेश वर्मा को बनाया गया है।

#### विधायक ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की दी बधाई

# आपसी भाईचारा का पर्व है होली : राजेश कच्छप



**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**
नामकुम के जोरार स्थित लीची बगान में समाजसेवी सह कांग्रेस के वरीय नेता रमेश पांडे के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह सह फगुआ गीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खिजरी विधायक सह कांग्रेस के उप नेता राजेश कच्छप मौजूद थे। रमेश पांडे ने भोजपुरी फगुआ गीत गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विधायक राजेश कच्छप ने उपस्थित लोगों ये कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारा का संदेश देता है। सभी लोग एक दूसरे के साथ रंग व अबीर लगाकर त्योहार साथ मानते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने उपस्थित सभी लोगों को रंग गुलाल लगाकर सभी को होली की दी बधाई। इस सत्यनारायण सिंह, सुदेश तिर्की,जय कुमार मिश्रा, रामबाबू यादव, सोनल कच्छप, आत्मानंद पांडे, प्रेम सिंह, सहदेव यादव, सिकंदर ठाकुर, राजेंद्र कच्छप, अशोक मुंडा, निलेश मिश्रा, सरोजिनी कच्छप, रामकुमार यादव, रमाशंकर तिवारी, बिनय, पंचू तिर्की, यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य बने अनिल



**पिठोरिया ।** राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद की अनुशंसा पर भारत सरकार के संचार मंत्रालय अंतर्गत टेलीफोन सलाहकार समिति रांची का सदस्य पिठोरिया गांव निवासी अनिल कुमार केसरी को बनाया गया है। इस संबंध में संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया के द्वारा तत्संबंधी कार्यालय आदेश निर्गत किया गया है। अनिल कुमार केसरी के सदस्य मनोनीत होने पर सांसद आदित्य प्रसाद के साथ-साथ क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने बधाई दी है।

### कंठामृत रस धारा कीर्तन मंडली का हुआ होली मिलन



**चान्हो।** कंठामृत रस धारा कीर्तन मंडली का तृतीय होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इसमें चान्हो, कुडू, कैरों व मांडर प्रखंड के कीर्तन प्रेमी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित हुए। मौके पर शिव उरांव की ओर से सरना गमछा का वितरण किया गया।

### सिमेंट लदा ट्रक पलटा, ड्राइवर व खलासी का पता नहीं



**अड़की।** थाना क्षेत्र कोरवा कुचाई रोड पर बुधवार की दोपहर सिमेंट लदा 14 चक्का ट्रक बडानी घाटी के सौड़ीहातु के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गया। सिमेंट लदा ट्रक कुचाई से कोरवा की तरफ आ रहा था। घटना की सूचना मिलते ही अड़की थाना प्रभारी प्रवीण तिवारी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी के अनुसार ड्राइवर व खलासी का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। वे सुरक्षित हैं या गाड़ी के नीचे दबे हुए हैं स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। फोन भी स्वीच ऑफ है। गुरुवार को हाइड्रा से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को बाहर निकालने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### ज्ञान भूमि ने मनाया गया होली मिलन समारोह



**नामकुम।** ज्ञान भूमि के अध्यक्ष गणेश कुमार प्रजापति व भाजपा के सांसद प्रतिनिधि बिरसा पाहन की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल बीके सिंह, कर्नल प्रभात कुमार, 23 इन्फेंट्री डीओयू के कर्नल नितेश कुमार उपस्थित हुए। मौके पर अखिलेश चंद, रणविजय सिंह, शंकर गुप्ता, अनिल शर्मा, शत्रुघ्न सिंह, आरपी सिंह, रामानंद गुप्ता, मनोज प्रमाणिक, ललन गोप, बृजेश कुमार सिंह, विश्वजीत महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## त्योहार मनाएं, पर ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
होली और रमजान को लेकर बुधवार को तपकारा थाना परिसर में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य त्यौहार मनायें, पर इस बात का ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो। उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी पहचान और यहां की संस्कृति है। एसडीपीओ ने भी लोगों से मिलजुल कर सभी पव मनाने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने बिजली, पानी और साफ-सफाई को लेकर समुचित व्यवस्था का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में बनायें। थाना पभारी नितेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई अफवाह न फैंलायें और कोई ऐसा करता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। बैठक में काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगारक होली की शुभकामनाएं दी।

### तमाड़ पुलिस ने दो अफीम तस्करों को किया गिरफ्तार

**तमाड़।** तमाड़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अफीम तस्करी में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिलने के बाद की गई। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी तमाड़ थाना क्षेत्र के जिलिंगसेरेंग और बारूडीह के निवासी हैं। पुलिस ने उनके पास से 1 किलो 400 ग्राम अफीम बरामद किया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रुपया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे किसानों से अफीम खरीदते हैं और बाहर के तस्करों को सप्लाई करते हैं। वहीं पुलिस दोनो को पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की पुलिस जांच कर रही है।

### स्कूल में बच्चों ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच मिठाइयां, पिचकारी और गुलाल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि होली बसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय लोगों का त्यौहार है। यह एक ऐसा त्योहार है जो खुशी सद्भाव और सकारात्मक फैलता है जिसमें लोग रंगों, नृत्य, संगीत और मिठाइयों के माध्यम से जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि होली भारत का बहुत ही लोकप्रिय और हर्षोल्लास से परिपूर्ण त्योहार है। हम लोगों को होली आपसी भाईचारे तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। लोग चंदन और गुलाल से होली खेलते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने शिक्षक के चरणों में अबीर डालकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर अंजली कुमारी, राहुल भद्रा,नकुल बडाईक, गोविंदर सिंह, प्रतिमा देवी, हर्षा कुमारी, प्रेमचंद, सुजाता, जितेंद्र महतो,पायल कुमारी, राकेश महतो,लंकेश्वर एवं विपुल मौजूद रहे।

### 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम की होगी शुरूआत

**सिल्ली।** धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20.03.2025 दिन बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहा है क ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं एंव युवतियां जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पुरी तरह से निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड इत्यादि कागजात की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए 7820953480, 952338118, 9308544400, 7370885508, पर संपर्क कर सकते हैं।

#### फ्रांस के लोगों ने ईटा चिल्दरी के मनरेगा पार्क और आम की बागवानी का किया भ्रमण

# बाद में भारत के ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भी पहुंचे



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
फ्रांस के पेरिस से टी आर आई एफ संस्था के नेतृत्व में एम एस लुसेडो, और एम एस स्नेहा, एम आर अमित सिंह ने बेड़ो प्रखंड के ईटा चिल्दरी स्थित मनरेगा पार्क का भ्रमण कर यहां के किसानों के क्रियाकलापों को नजदीक से देखा। सभी विदेशी मेहमान मनरेगा पार्क में चटाई पर बैठकर मनरेगा पार्क के विषय में विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त किए। ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने फ्रांस से आए हुए लुसेडो और स्नेहा को मनरेगा पार्क में लगे लगभग 35 एकड़ की बागवानी के बारे में शुरूआत से लेकर पौधों के बड़े होने तक की विस्तृत जानकारी दी । मनरेगा पार्क में लगे आम के हजारों पौधों को देखकर सभी विदेशी मेहमान लोग बहुत ही ज्यादा खुशी व्यक्त किया और मुखिया बुधराम बाड़ा तथा ग्रामीणों के कार्यों की सराहना किया। इस मौके पर टी आर आई एफ संस्था से डायरेक्टर अशोक कुमार, ब्लॉक कॉर्डिनेटर अरित्रा पात्रा और नेहा रोबा तिर्की, रोजगार सेवक शांति टोप्पो, के अलावे नमिता, रंजन,अनिता, बागवानी लाभुक कलिंद्र और नागेंद्र शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर बेड़ों प्रखंड के ईटा पंचायत में आम बागवानी की योजना को खेतों में देखकर भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने बहुत खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मनरेगा लोगों की आजीविका में परिवर्तन ला सकता है यह बागवानी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। अतः फसल इस अभियान की प्रमुख स्तंभ है। शुरूआत के वर्षों में यहां की आम बागवानी की प्रसंशा पूरे राज्य में की गई। इससे बागवानी की सफलता का अंदाजा लगता है। ईटा चिलदीरी मनरेगा पार्क में 35 एकड़ आम बागवानी की खेती है और पूरे पंचायत में लगभग 200 एकड़ की आम बागवानी लगा हुआ है स्वयं किसान, बागवानी सखी और मुखिया इस आम बागवानी की सफलता की रीढ़ हैं। यदि नेचुरल फार्मिंग को इससे जोड़ा जाए तो संभवत और सफलता मिलेगी।

#### अभाविप के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित

# मांडर महाविद्यालय में छात्रों ने जमकर उड़ाए अबीर-गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
मांडर हाविद्यालय के ग्राउंड में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं एक दूसरे अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। घंटों तक छात्रों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया, कार्यक्रम का आगाज शिक्षकों ने छात्रों को गुलाल लगाकर किया एवं तत्पश्चात छात्रों ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया। मांडर कॉलेज एडमिशन इंचार्च डॉ.पवन ने छात्रों को संदेश दिया कि पारंपरिक और सभ्यता के तहत होली मनाना चाहिए,यह आपसी सद्भावना का त्योहार है इसे मिलजुल कर मनाना है एवं वर्तमान युवा पर्व के नाम पर फूहड़ता एवं नशा के शिकार हो जाते हैं यह युवाओं को बबार्दी ओर धकेलता है इस तरह के कुसंस्कृति से युवाओं को बचाना चाहिए। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र उपस्थित रहे। इस आयोजन में परिषद के आदर्श प्रसाद, राहुल ठाकुर रोहित साहू, दीपक सिंह रोहित लोहरा, पवन साहू, बिट्टू सिंह, अमन सिंह, अनिकेत सिंह, रोहित करमाली, कमलेश सिंह, पंकज महतो सहित अन्य छात्रों का योगदान रहा।

## एक नजर

### जिला विधिक प्राधिकरण ने चलाया डोर टू डोर कानूनी जागरूकता अभियान

**बरकट्ठा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण रांची के तत्वावधान में जिला विधिक प्राधिकरण हजारीबाग के बैनर तले सचिन गौरव खुराना के नेतृत्व में पीएलबी नवीन पांडेय ने डोर टू डोर कानूनी जागरूकता अभियान चलाया। लोंगो को घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान, सड़क दुर्घटना, साइबर क्राइम आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। वहीं साइबर शिकायत के लिए 1930 तथा मुक्त कानूनी के बारे में भी बताया गया। पीएलवी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और महिलाओं से संबंधित कानून की जानकारी कर लिए पत्रिका दिया।

### रामनवमी संरक्षण समिति ने किया होली मिलन समारोह

**हजारीबाग।** रामनवमी संरक्षण समिति हजारीबाग ने बुधवार को मालवीय मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने किया। होली मिलन समारोह के दौरान होली खेले रघुबीरा अवध में, रंग बरसे, जैसे पारंपरिक गीतों पर संरक्षण समिति सदस्यों ने जम कर मस्ती किया साथ ही साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया वहीं पारंपरिक व्यंजन कचरी, बर्रा, धुस्का, पकौड़ी, मालपुआ का लुफ्त उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हजारीबाग सहित देश के लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम का प्रतीक है इसे सौहार्द पूर्वक मनाएं आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग में होली का एक अलग ही उत्साह होता है उसका मुख्य कारण है कि होली के साथ साथ हजारीबाग में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त रामनवमी का आगाज भी होता है।

विवि में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

# होली भारतीय संस्कृति एकता का त्योहार है : कुलाधिपति बीएन साह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, डॉ संजय सिंह ने विधिवत विन्ध्वासिनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा की होली भारतीय संस्कृति एकता का ऐसा त्योहार है जिसके माध्यम से हमें भाईचारे, आपसी प्रेम तथा सद्भावना की शिक्षा मिलती है। वहीं, सचिव प्रियंका कुमारी ने होली के त्यौहार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उत्साह के साथ एकत्रित हुए और सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाईयां दीं। विद्यार्थियों ने भी इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जहां उन्होंने पहले अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और फिर एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय परिसर में नृत्य गीत एवं कीर्तन मंडली का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ने हर्षित और उल्लासित होकर के अपना नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत होली की परंपरागत मिठाइयों का वितरण हुआ और सभी ने भोजन का भी आनंद लिया।

पतरातू पावर प्लांट चालू करने की डीसी ने की समीक्षा

# ग्रामीणों के लिए आईटीआई प्रशिक्षण आयोजित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर जयनगर ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं जयनगर ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर जयनगर ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा पीवीयूएनएल के अधिकारियों को पतरातू प्रखंड अंतर्गत रसदा, बालकुदरा, जयनगर एवं गेगदा ग्राम में ग्रामीणों के लिए आईटीआई प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपरोक्त चारों गांव में सहकारी समितियों का गठन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### धूमधाम से मनाई गई होली



**बरही।** हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में विद्यार्थियों सहित केंद्र कर्मियों ने होली मिलन के तहत एक दूसरे को गुलाल लगाकर आगामी होली की शुभकामनाएं दी. कार्यक्रम सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी की अगुवाई में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा और संचालन लैब इंस्ट्रक्टर शिवानी और भोला ने किया. सेंटर मैनेजर ने सबों को हर्बल गुलाल के साथ पारंपरिक तरीकों से होली खेलने की अपील की. वहीं केंद्र निदेशक ने विद्यार्थियों सहित कर्मियों को रंगोत्सव की शुभकामनाएं दिया. साथ ही नशा और रसायनिक रंगो का बहिष्कार करते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्योहार मनाने की सलाह दी. अंत में सबों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया. इसी के साथ केंद्र निदेशक ने होली के अवसर पर आगामी 17 मार्च तक सेंटर बंद रहने की सूचना दिया. कार्यक्रम में नूपुर, सोनू, अभिषेक, इंद्रदेव आदि कई विद्यार्थी मौजूद थे.

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**रामगढ़।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 12 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।प्राचार्य उमेश प्रसाद ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों का उत्सव है। इसे सभी भाईचारे के साथ प्रेम एवं उत्साहपूर्वक मनाएं और आचार्य,बच्चों के जीवन में ज्ञान-विज्ञान, अनुशासन, संस्कार का नया रंग भरने का संकल्प लें। उन्होंने तमाम अभिभावकों एवं बच्चों को भी होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य एवं दीदी जी के द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, इंद्रजीत सिंह, दिलीप सिंह, रोहित राज, लोकेश कुमार, शम्मी राज, विदेश सिंह, देव कुमार, शशि कान्त, भुनेश्वर कुमार, अमरदीप, अनिल कुमार, आचार्या ललित गिरि, आरती झा, रिंकी कुमारी, ज्योति, श्वेता पंडा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का हुआ समापन

**बरही ।** भगवती मंदिर सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से आयोजित 15 वें श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह बरही महोत्सव बुधवार को हवन और भंडारे के साथ संपन्न हुआ. भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी. जिन्हे देर रात्रि तक महायज्ञ कमिटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से वितरित करने का काम किया. महायज्ञ कमिटी के संरक्षक रमेश ठाकुर ने बताया कि महायज्ञ यज्ञाचार्य पंडित यदुनंदन पांडेय के पांडित्य में संपन्न हुआ. इस दौरान जागरण, प्रवचन आदि जैसे कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिसमे अनुमंडल के विभिन्न प्रखंड सहित आस पास के हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत किया. महायज्ञ परिसर में लगे मीना बाजार और लजीज व्यंजनों के दुकान ने दर्शकों को खूब लुभाया है. जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मेले का लुत्फ उठाया. महायज्ञ में शांति व्यवस्था कायम रखने में स्थानीय प्रशासन का सार्थक सहयोग रहा.

मीटर बाईपास करने व टोका लगाकर बिजली जलाने को लेकर मामला दर्ज

# वैध कनेक्शन से ही बिजली जलाएं पकड़े जाने पर होगी प्राथमिकी दर्ज : जेई



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बिजली विभाग ने क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के खिलाफ अभियान युद्ध स्तर पर जारी है. इसी क्रम में विभाग में अवैध रूप से विद्युत उपभोग करने वालो के खिलाफ बुधवार को कोनरा पंचायत के शादी मुहल्ला क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान मो एजाहुर, मो इस्माइल पिता मो सोमर मियां, गया रोड निवासी ऋतिक केसरी पिता भोला प्रसाद केसरी, प्रदीप केसरी पिता स्व लोकनाथ प्रसाद केसरी, विनिता कुमारी पति गोपाल साव पर सिंगल फैज कनेक्शन को बाईपास करते हुए व्यवसायिक प्रतिष्ठान में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने और बरही चौक योगेंद्र भगत पिता बासुदेव साव को टोका लगाकर बिजली उपभोग करते पाया गया. इन सभी लोगो के खिलाफ कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने आर्थिक जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई जा चुकी है. कनीय अभियंता श्री आनंद ने बताया कि छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा. उन्होंने लोगों से वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली उपभोग करने की अपील किया है. अन्यथा पकड़े जाने पर जुमार्ना सहित सुसंगत धाराओं के साथ कानूनी कारवाई किया जायेगा.

### अध्यक्ष ने विद्यालय प्रभारी पर मनमाने ढंग से नामांकन करने समेत कई आरोप लगाये



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा जलहिया स्थित मॉडल पब्लिक स्कूल में मनमानी ढंग से नामांकन करने का मामला सामने आया है। इस बाबत विद्यालय के अध्यक्ष अर्जुन नायक पिता डोमन नायक ने जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि विद्यालय में प्रभारी मनमानी कर गलत तरीके से नामांकन कर रहे हैं तथा समिति गठन 6 माह बीत जाने के बाद भी खाता नहीं खुला। इसकी जानकारी प्रभारी राहुल कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होने गलत जानकारी देने का आरोप लगाया है। आवेदन में लिखा है कि प्रभारी स्कूल में कम और निजी विद्यालय में अधिक समय देते हैं। इस संबंध में जानकारी लेने पर प्रभारी ने साफ इनकार करते हुए कहा कि यह आपका अधिकार नहीं है। वहीं अर्जुन नायक ने आवेदन में कई विभिन्न आरोप लगाए हैं।

# विधायक के आवासीय कार्यालय में जमकर उड़े अबीर गुलाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
भाजपा विधायक के आवासीय कार्यालय बरकट्ठा में बुधवार को होली मिलन समारोह में जमकर अबीर गुलाल उडा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कार्यकर्ताओं को अबीर- गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी भेदभाव को भुलाकर एक रंग में रंगने का संदेश होली त्योहार देता है। समारोह में बरकट्ठा, चलकुशा, जयनगर, इचाक समेत अन्य प्रखंड के लोगों ने हिस्सा लिया और एकजुट होकर रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्री विधायक ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, प्रेम और भाई चारे को मजबूत करने का संदेश देता हैं। कार्यक्रम में व्यास अशोक राणा की टीम के द्वारा गाए होली गीत संगीत और हास्य व्यंग्य से भरी प्रस्तुति ने माहौल को और खुश नमा बना दिया।

❑ होली मिलन सह हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

# पानी को बचाने के लिए सभी सूखी होली खेलें : डॉ सुनील कश्यप



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में बुधवार को होली मिलन सह हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप को मूर्ख मंत्री का पद दिया गया । जबकि विद्यालय के अध्यक्ष योगेश्वर भुईयां को मूर्ख राजा ,सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा को मूर्ख अध्यक्ष ,सहायक अध्यापक गौतम कुमार गुप्ता को मुर्ख प्रजा, जेठू लाल मांझी को मूर्ख कवि की उपाधिक से नवाजा गया । इसके पश्चात सभी का पलाश फूल और सब्जियों के माला से स्वागत किया गया । बारी-बारी से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सभी के चेहरे पर रंग गुलाल लगाया और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक शारदानंद शर्मा ने किया। प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं की बसंत में मनाया जाने वाला यह होली त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। लोग एक दूसरे पर रंग-बिरंगे रंग फेकते हैं ।उसे सभी संगीत पर नाचते गाते हैं और स्वादिष्ट मिठाइयों का आनंद लेते हैं । यह ऐसा समय है जब दूरिया मिट जाती है दो दोस्त और अजनबी सभी प्यार और जश्न की भावनाओं में एक साथ होते हैं । ऐसे अवसर पर हम सबों को ऐसे पवित्र और प्रेम प्रतीक त्योहार होली के अवसर पर पर्यावरण के साथ स्वास्थ्य को और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए सुखी होली खेलनी चाहिए । क्योंकि पर्यावरण इतना प्रदूषित हो रहा है हम सभी मनुष्य अपने लिए खतरा मोल रहे हैं। इसलिए पर्यावरण को स्वच्छा बनाने और पानी को बचाने के लिए सभी सुखी होली खेलें। इसके बाद छात्र-छात्राओं होली गीत गाते झूमते हुए खुशियां बनाई और एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

### पुलिस अधीक्षक ने किया रामगढ़ उपकारा का औचक निरीक्षण




**रामगढ़।** उपकारा रामगढ़ में कैदी द्वारा मोबाइल इस्तेमाल किए जाने संबंधित गुप्त सूचना प्राप्त होने के उपरांत मंगलवार की रात्रि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार के नेतृत्व में उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपकारा रामगढ़ से तंबाकू, ताश के पत्ते, ताश के डब्बे में 8900 रुपये, कुछ कागजात टेलीफोन नंबर बरामद किए गए , उक्त सारा सामान किचन रसोई घर से किया गया बरामद। जिसके उपरांत मामले में नियम अनुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि उपकारा में इस तरह की त्रुटि नहीं होनी होने देंगे। समय-समय उपकारा की जांच की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़,थाना प्रभारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

सद्भावना विकास मंच के होली मिलन समारोह का हुआ समापन

# भाईचारे और सौहार्द्र का त्योहार है होली, प्रेम का देता है संदेश : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
वीर कुंवर सिंह पथ स्थित क्षत्रिय धर्मशाला में सद्भावना विकास मंच का होली मिलन समारोह संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव सहित सीडीपीओ अजीत कुमार विमल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पंसस विकास सिंह, आकाश जायसवाल आदि सहित मंच के दर्जनों लोग शामिल हुए. जिन्हे मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने अंगवस्त्र देकर समानित किया. इस अवसर पर कोविड काल मंच के द्वारा किए गए सेवा कार्य एलईडी के माध्यम से दशार्या गया. इंस्पेक्टर श्री कुमार ने कहा कि होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेवारी है, इसके लिए आम लोगों का सहयोग अनिवार्य है. एसडीपीओ श्री बिमल ने कहा कि सुरक्षा और शांति के लिए इस मंच जैसे सामाजिक संस्थान या लोगो की आवश्यकता है. उन्होंने लोगो से अफवाहों से दूर रहकर होली मनाने की बात कही. मुख्य अतिथि विधायक श्री यादव ने सबों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है. जो आपसी प्रेम का संदेश देता है. उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रेम पूर्वक त्योहार मनाने की अपील किया. कार्यक्रम के अंत में सबों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. वहीं अध्यक्ष श्री चौहान ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम में मंच के दर्जनों महिल व पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष श्री चौहान व संचालन सचिव कुंदन कुमार ने किया.

विश्वकर्मा समाज का होली मिलन समारोह का हुआ समापन

# जल्द हजारीबाग में विश्वकर्मा भवन का होगा निर्माण : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज, हजारीबाग जिला कमेटी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधानसभा क्षेत्र हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा एवं पूर्व आरक्षी उपाधीक्षक संजय राणा उपस्तिथ हुए । होली मिलन समारोह की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के हजारीबाग जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया । विश्वकर्मा समाज के होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए हजारीबाग सदर विधायक ने होली की बधाई देते हुए कहा कि विश्वकर्मा समाज के साथ मिलकर हजारीबाग क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेंगे , समाज के विकास के लिए शिक्षा जरुरी है। विश्वकर्मा समाज के विकास में हर सम्भव सहयोग करूँगा और बहुत जल्द हजारीबाग में विश्वकर्मा भवन का निर्माण होगा। विशिष्ट अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नशामुक्त होली मनाकर मिशाल बने विश्वकर्मा समाज। हजारीबाग जिला में विश्वकर्मा समाज का जिला स्तरीय सम्मलेन सितम्बर माह में आयोजित किया जायेगा जिसमें हजारों की संख्या में विश्वकर्मा समाज के महिला पुरुष शामिल होंगे। होली मिलन समारोह में जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, विनोद राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष उमेश राणा, ममता राणा, देवनाथ शर्मा, सुषमा राणा, बबिता राणा, सुनीता राणा, रीना राणा, पिंकी राणा, बलराम राणा सहित विश्वकर्मा समाज के सभी गणमान्य लोग शामिल हुए।

भूगोल विभाग के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश हुए रवाना

# शैक्षणिक भ्रमण आपके लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव होगा : कुलाधिपति




◆ वहां की प्राकृति संरचना की मिलेगी बेहतर जानाकारी ◆

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़
11 मार्च 2025 को राधा गोविंद विश्विद्यालय भूगोल विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम सत्र के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अनुसार इस वर्ष नौ दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए हिमाचल प्रदेश को रवाना हुए। इस क्रम में छात्र-छात्राएं हिमाचल प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों जैसे शिमला, कुल्लू, मनाली, कसोल, सोलंग घाटी, मनिकर्ण और साथ ही दिल्ली का भ्रमण करेंगे। विद्यार्थियों का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की भू-आकृति, बागवानी, नगरीय बसाव, आदिवासी प्रतिरूप, पारिस्थितिक तंत्र और साथ ही वहां के पर्यटन उद्योग और परिवहन संबंधी विशेषताओं को समझना है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण आपके लिए एक यादगार और ज्ञानवर्धक अनुभव होगा। संस्था की सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को नए स्थानों और संस्कृतियों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है, जिससे उनका ज्ञान बढ़ता है। विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी (डॉ) संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमारऔर प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की मंगल यात्रा की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी। मौके पर भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिल्केश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान ,बुद्धदेव महतो अक्षय कुमार सोनी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियो के साथ की बैठक, दिये दिशा-निर्देश



**बानो।** बानो प्रखंड कार्यालय सभगार मे प्रखंड कर्मियो की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक मे प्रखंड के सभी पंचायत में चल रहे मनरेगा योजना व पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवको मनरेगा योजना संचालित योजना में तेजी लाने मानव दिवस सृजन में बढोतरी करने का निर्देश दिया। लंबित योजना को पुर्ण करके अभिभलेख बंद करने का निर्देश दिया। पीएय व अवास योजना मे वैसे लाभुक जो ढलाई नहीं किये है। पंद्रह दिन के अंदर ढलाइ करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर बीपीओ चारू मांझी, पीएम अवास समन्वयक आशुतोष कुमार, जेई अमरेश कुमार, संजय डांग, त्रिवेढी प्रसाद, लालदेव सिंह, देवीलाल ओहदार, राहुल कुमार, अरविंद कुमार दुबे, अजय सिंह, अकाश महतो, सिंपलश्री, केलिबर भोक्ता, रियासत खान, केदार नाग, बंसत मडकी, रमेश कुल्लु,दिव्य प्रकाश, इसहाक बाडा आदि उपस्थित थे।

## प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ने ग्राम सभा को सुदृढ़ करने के लिए उपायुक्त से की मुलाकात



**बानो।** खुंटी के सांसद कालीचरण मुंडा के बानो प्रखंड सांसद प्रतिनिधि अजीत कन्डुलना ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो नईमुद्दीन अंसारी व अंचल अधिकारी बानो रवि भूषण प्रसाद,को से मुलाकात कर आग्रह किया कि प्रखंड के सभी ग्राम सभा अध्यक्षों को पत्र प्रेषित करते हुए सूचित करें और ग्राम सभा को अधिक सुदृढ़ करने के लिए कार्यशाला का आयोजन प्रखंड परिसर में किया जाए । अंचल अधिकारी ने होली के बाद कार्यशाला आयोजन करने की बात कही।पत्र सौंपने के दौरान प्रखंड के सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक बागे, हर्षित सांगा, वरिष्ठ कांग्रेसी सफीक अंसारी, संजीव कैथवार उपस्थित थे।

## चैनपुर में होली मिलन समारोह एकता और भाईचारे का दया गया संदेश



**चैनपुर।** चैनपुर में बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्रखंड और अंचल के कर्मियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा "होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होलिका दहन अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जो हमें इस बात का एहसास कराता है कि सच्चाई और नैतिकता हमेशा विजयी होती हैं।" उन्होंने आगे कहा, "होली शीत ऋतु के अंत और वसंत के आगमन का संकेत देती है, और यह नए मौसम का हर्षोल्लास के साथ स्वागत करती है।"अंचल अधिकारी दिनेश कुमार गुप्ता ने समारोह में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा, "होली एक ऐसा त्योहार है जहाँ लोग जाति, धर्म, अमीरी-गरीबी जैसी दीवारों को तोड़कर एक साथ आते हैं और खुशी मनाते हैं। यह त्योहार दोस्ती, प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है, और लोग पुराने मतभेदों को भुलाकर नए संबंध स्थापित करते हैं।"इस समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, संजय ओहदार, रश्मि भारती, कमलेश तिर्की समेत अन्य प्रखंड सह अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## चैनपुर प्रखंड में महिला दिवस के अवसर पर अद्वितीय कार्यक्रम की तैयारी

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में आदिवासी एकता मंच द्वारा महिला दिवस को लेकर विशेष कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधायक व कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, साथ ही पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शामिल होंगे।जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह की शुरुआत प्रखंड परिसर से होगी, बरवे मैदान में जहाँ महिलाओं द्वारा संयुक्त रूप से अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।

# सरस मेला, नोयडा हाट में सिमडेगा की दीदियों ने लहराया अपना परचम

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय और एनआईआरडीपीआर द्वारा आयोजित सरस मेला 2025, 21 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक नोएडा हाट, उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया।विभिन्न राज्यों के लगभग 250 स्टॉल पर विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जहाँ झारखंड राज्य से पलाश जेएसएलपीएस ने भी 8 स्टॉल के साथ भाग लिया, जिसमे सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड से मां बाघचंडी आजीविका स्वयं सहायता समूह की ब्रिजिट कंडुलना ने भाग लिया। इनके द्वारा कोलेबिरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा उत्पादित नेचुरल फूड हेतु स्टाल लगाया गया। जिसमे रागी के विभिन्न उत्पाद जैसे लड्डू, मिक्सचर, पापड़, तिल लड्डू,




मधु आदि नेचुरल फूड शामिल है।मेला समापन के दिन नेचुरल फूड प्रतियोगिता में कोलेबिरा की दीदी को पूरे देश मे तीसरा स्थान प्राप्त हुआ एवं ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस पुरस्कार समारोह में मुख्य रूप से एनआईआरडीपीआर के श्री चिरंजी लाल कटारिया सर, आलोक जवाहर आदि के द्वारा पारितोषिक कार्यक्रम किया गया। यह वाकई पूरे जिले को गौरवान्वित करने वाला पल था। यह समाज मे स्वस्थ एवं शुद्ध प्राकृतिक भोजन को बढ़ावा देने में हमारे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के समर्पण और कौशल को उजागर करती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी के द्वारा पूरे कोलेबिरा टीम को बधाई दी गई।

## एकल नारी सशक्ति संगठन की ओर से डाक बंगला में हुआ महिला संगोष्ठी का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** एकल नारी सशक्ति संगठन झारखण्ड एवं सिंगल विमेंस एसोसिएशन फॉर राइज झारखण्ड के तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला संगोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम डाक बांग्ला सिमडेगा में किया गया आयोजन।कार्यालय की शुरूवात संगठन के गीत "दुनिया वाले क्या जाने बहनो से रिश्ता पुराना है " गा कर किया गया।अथिति अगस्तिना सोरेंग ने कहा की एकल नारियों का जीवन तकलीफ से भरा होता है, लेकिन एकल शासक्ति संगठन की साथियों ने अपने साथ सैकड़ो महिलों को जोड़कर उनको इक परिवार दिया है जहाँ हमेशा सब के लिए दरवाजा खुला रहता है,. महिलाओं को कानूनी जागरूकता, जानकारी और शिक्षा ही मजबूत बना सकता है इसलिए संगठन में जुड़े रहकर क़ानूनी जागरूकता , सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक और सजग बने रहना महिलाओं को जरुरी है ताकि शोषण से बच सकें। प्रभावती कुजूर ने महिला दिवस मनाने की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और महिलाओं के संघर्ष के महत्व के बारे जानकारी दी. संगठन की सदस्य आरती देवी ने विधवा, परित्यकता, एकल दीदीयों को संगठन में रह के अपने समस्याओं का समाधान खोज सकती हैं।संगठन संयोजक राहिल डूंगडूँग ने कहा की विधवा, एकल पीड़ित महिलाओं को न्याय और साथ देने के लिए हमेशा एकल नारी सशक्ति संगठन कार्य करते रहेंगे और महिलाएं संगठन में रह के खुशहाल रह सकती हैं।मौके पर हज़ारीबाग से आयी प्रीति गुड़िया ज़ी ने भी महिलाओं प्रेरित किया. इस संगोष्ठी में सिमडेगा सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होने की समस्या पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री के नाम से डीसी को ज्ञापन दिया गया ताकि सिमडेगा के एकमात्र सदर अस्पताल में जल्द से जल्द अल्ट्रासाउंड की जाँच शुरू कराने का कार्य किया जाये जिससे गर्बवती महिलाओं को दिक्कत ना हो।मौके पर अपोलीना डूंगडूँग, एलिस कोमोलीना, रोशांति कछुवा, सुनीता, बीबीयाना और अन्य उपस्थित रहे।

## होली और रमजान पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर गुमला प्रशासन सख्त

**गुमला।** आगामी होली और रमजान पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गुमला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसी कड़ी में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में बुधवार को जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त ने कहा कि पर्वों की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

## भरनो में किसानों के लिए ऊर्जा व जल संरक्षण पर कार्यशाला, आधुनिक कृषि तकनीकों की मिली जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को झारखंड नवकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (JREDA) और आत्मा के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जेरेड़ा के नीलकंठ कुमार, परवीन कुमार, मरियम कुमारी, बीटीएम शीतल शमा खलखो और एटीएम रोहित कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**ऊर्जा व जल संरक्षण की मिली विस्तृत जानकारी**



कार्यशाला में ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण और कृषि के आधुनिक तकनीक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों को दी गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि किस तरह सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग से खेती की लागत घटाई जा सकती है और उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है। प्रोजेक्टर के माध्यम से भी किसानों को खेती के उन्नत तरीके और जल संरक्षण के विभिन्न उपायों का प्रस्तुतिकरण दिखाया गया, जिससे किसानों में जागरूकता बढ़े।

**किसानों की सक्रिय भागीदारी**

कार्यशाला में किसान मित्र आयता उरांव, सुशील तिर्की, चंगेज खान, जितेंद्र चौबे, निकोलस तिर्की समेत प्रखंड के सभी किसान मित्र और बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे। उपस्थित किसानों ने आधुनिक तकनीक को अपनाकर कृषि क्षेत्र में बदलाव लाने का संकल्प लिया और भविष्य में इस तरह की कार्यशालाओं की नियमित व्यवस्था की मांग भी की। इस कार्यक्रम से किसानों में नवीन कृषि तकनीकों और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिससे उनके आजीविका में सुधार की संभावनाएं प्रबल हुई हैं।

## विद्यालयों में मनाया गया होलिकोत्सव

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखण्ड के एक मात्र शिक्षा पद विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगा धाम विद्यालयों में मनाया गया होलिकोत्सव मौके पर उल्लास में सराबोर हुए नन्हें-मुन्ने, शिक्षकों ने होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली मनाई। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य सुक्रा केरकेट्टा ने छात्र छात्राओं को सुरक्षित तरह से होली खेलने के तरीके बताए और वहीं पर प्रधानाचार्य ने विस्तार से होली के संबंध में बताया।होली का त्योहार शुक्रवार से शुरू हो रहा है। गुरुवार रात होलिका दहन के बाद से शुक्रवार सुबह होली खेलने वालों की टोलियां घूमने लगेंगी। लेकिन रंगों का यह त्यौहार होल्लास और प्रेम व सौहार्द का होता है। इसलिए एक सप्ताह पहले से ही रंग खेला जाने लगता है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों में ऐसा उत्साह की हाथों में गुलाल लिए चल जा रहे थे। जहां भी अपने साथ के बच्चे मिल जाते उन्हें अबीर लगा देते। होली का यह उत्साह बड़े छात्रों में ही नहीं बल्कि नन्हें मुन्ने बच्चों में भी था। वह भी होली के रंग में रंगे हुए ही विद्यालय से घर वापस पहुंचे। इस दौरान बच्चयों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

इसके अलावा यहां पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य शुक्र केरकेट्टा, शिक्षक–बंधनु केरकेट्टा, शिक्षिका–रेनू गोस्वामी, शकुंतला सिंह, अंजली कुमारी। छात्र छात्राओं को रंगों से शरीर में होने वाली हानियों के बारे में बताया गया। उन्हें गुलाल से होली खेलने के लिए जागरूक किया।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले होली मिलन समारोह का आयोजन शिक्षक संघ भवन सिमडेगा में आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सिमडेगा सहित जिले के कई शिक्षक उपस्थित थे। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और खुशियां मनाई ।टेलीफोन के माध्यम से जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी जिले के सभी शिक्षकों को होली की शुभकामनाएं दी और जल्द ही खुशखबरी देने की बात कही।इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा एवं उपस्थित सभी शिक्षकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरुण कुमार पांडे एवं सेवानिवृत शिक्षक एतवा मांझी,



साधु मलुवा और नागपुरिया गायक मोहन साहू के द्वारा एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर माहौल को होलीमय बना दिया गया।सभी शिक्षक फगुआ गीत पर झूम उठे। मौके पर महासचिव संजय कुमार संगठन मंत्री राजकुमार राम , जिला प्रवक्ता फुलेंदर साहू ,देश बंधु शास्त्री, देवेंद्र प्रसाद तिवारी , अवधेश श्रीवास्तव , बिष्णु देव प्रसाद,अमरेंद्र कुमार, सुबोध कुमार,अमर कुमार सिंह,अजय तिवारी,संजय चौरसिया,संजय वर्मा ,अविनाश कुमार, उपेंद्र कुमार, केसरी ,सूरज मेहर, सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## महिला इंटर कॉलेज में मनाया गया होली मिलन समारोह



**सिमडेगा।** पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. मौके पर प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर ने सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित छात्राओं को अबीर लगाकर होली की शुभ कामनाएं दी गईं.साथ ही होली पर्व को रंगों का त्यौहार बतलाया होली में सभी से एक दूसरे के गीले सिकवे भूल कर खुशी मनाने की बात कही. मौके पर सभी छात्राओं ने एक दूसरे को रंग लगाकर मस्ती की. मौके पर मुख्य रूप में वैदेही प्रसाद, दुर्गविजय सिंह देव,सरिता केशरी, निशात अंजुम, आर.के. काशी,सुमन लकड़ा, प्रियंका राज मुंडा, सुमन केरकेट्टा, शालिनी लुगुन, मनोरमा सुनीता मिंज, राबिया तब्बसुम, पूरण बड़ाईकसतीश सिंह, रवि पाढ़ी सहित सभी छात्राएं उपस्थित थीं।

## भारी संख्या में ग्रामीणों ने थामा झामुमो का दामन

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** बुधवार को झामुमो जिला संयोजक मण्डली प्रमुख सिमडेगा अनिल कंडुलना के नेतृत्व में तूफानी गति से सदस्यता अभियान चलाया गया । सभी प्रखंडों को निर्देश जारी किया गया था कि यथा शीघ्र अपने -अपने प्रखंडों में एक लाख नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था और उसे हर हाल में निर्धारित तिथि तक हासिल करना है । इसी क्रम में बुधवार झामुमो जिला संयोजक मंडली द्वारा ठेठईटांगर प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता रशीद काटकर और झामुमो पटा पहना कर सबका



पार्टी में स्वागत किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कांडुलना ने कहा कि ठेठईटांगर प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में जा जा कर झारखंड सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के बारे बताएं,और साथ ही प्रखंड में सदस्यता अभियान को भी तेज करें ताकि प्रखंड में झामुमो को मजबूत किया जा सके। संयोजक सदस्य मो सफीक खान ने कहा की कार्यकर्त्ता गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करें ।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना,सदस्य मो सफीक खान ,साबिर अंसारी,नारायण मांझी, संजु डांग,केन्द्रीय समिति सदस्य मो शहीद, फिरोज अली,पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, पूर्व युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो,आनस आलम, नज़ीर अंसारी,राजाबासा मुखिआ बसंत समद, जूनास डांग, मसीहदास कुल्लू, मैन्युल डांग, पिऊस लुगुन, देओनिस लुगुन,ठेठईटांगर मुखिया संजीता मिंज के अलावा भारी संख्या में ठेठईटांगर प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## एक नजर

### गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ ने सिमडेगा विधायक का जताया आभार

**सिमडेगा।** गृह रक्षा वाहिनी लोकसेवक संघ जिला ईकाई सिमडेगा के द्वारा विधायक भूषण बाड़ा का आभार व्यक्त किया गया ।विधायक द्वारा सदन में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों को भी 365 दिन नियमित रूप से ड्यूटी बिहार छत्तीसगढ़ उड़ीसा राज्य की तरह और बिहार राज्य की तर्ज पर भविष्य निधि योजना सेवानिवृति का लाभ दिलाने को लेकर मांग अबूआ सरकार से रखने के लिए,जवानों की दर्द और भविष्य को महसूस करते हुए अबूआ सरकार अबूआ विधायक की चरितार्थ किया गया है।जिला के समुचित जवान सदा अबूआ विधायक के साथ खड़ा है और साथ राज्य के सभी जवान भी अबूआ सरकार और विधायक भूषण बाड़ा का आभारी बने रहेंगे। बधाई आभार व्यक्त करने वालों में मुख्यतः जिला संयोजक बिपिन पंकज मिंज,, जिला अध्यक्ष सुनील टेटे, देवनारायण दास, मनोज कुजूर, मिखाईल डुंगडुंग,प्रभा कुल्लू,सरिता टोपनो उपस्थित थे।

### नगर भ्रमण एवं भंडारे के साथ राधा कृष्ण मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन संपन्न




**बानो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राधा कृष्णा मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया गया,बुधवार को नगर भ्रमण व भंडारा के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। नगर भ्रमण मंदिर परिसर से निकलकर बड़ाईक टोली ,स्टेशन रोड ,बिरसा चौक होते हुये डाक बंगला होते पुनः राधा कृष्ण मंदिर पहुँचा ।नगर भ्रमण में नाचते गाते लोग आगे बढ़ रहे थे ।अष्ट प्रहरी यज्ञ में अंखड हरि कीर्तन में सोडा ,, जराकेल, उकौली, बानो, पबुडा, रामजोल आदि गांवों के कीर्तन मंडली भाग लिया ।बुधवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। ।पुरोहित सह मुख्य पुजारी प्रदीप पंडा, मनोहर दिवेदी संतोष दिवेदी व यजमान की भूमिका में गोपाल सिंह व उनकी धर्मपत्नी अलोमनी देवी निभा रहे थे ।मौके पर समिति के अध्यक्षअ गोपाल सिंह, सचिव राजेंद्र लुनिया, कोपाध्यक्ष हुलेश नयक, महावीर सिंह, सुकेश सिंह, दुर्गा जयसवाल, पलटु सिंह,श्रवण नायक दिनेश सिंह, बबलु सिंह, करण सिंह,लालमोहन प्रधान, उषा देली, सावित्री देवी, राधा देवी, अलोमनी देवी,किशोर सिंह, जीतनाथ नायक, अनुप राम, पुनित बडाइक, अक्षय नायक, मनोज सिंह,राजु सिंह,

### कोलेबिरा थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी कोलेबिरा अनुप कच्छप थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह उपस्थित थे।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल 08 आवेदन मिला और 03 मामलों का निष्पादन किया गया।बाकी को नोटीस जारी किया गया।इस अवसर पर सीओ अनुप कच्छप और थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना में प्रत्येक बुधवार को थाना में थाना दिवस मनाया जाना है और इसमें विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा।.भूमि संबंधित मामलों सभी 08 मामलों की सुनवाई की गई 03 मामलों का निष्पादन किया गया और बाकी मामलों का निपटारा हेतु अगली तिथि दी गई है।सीओ ने आगे कहा कि पुलिस प्रशासन के साथ विवादित भू स्थल पर जाकर जमीन की मापी की जाएगी तत्पश्चात सत्यापन कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।मौके पर अंचल निरीक्षक संजीवन बड़ाइक,राजस्व उप निरीक्षक अनिल प्रफुल्ल एक्का,राजस्व उप निरीक्षक प्रणय तिर्की,आमिन अरविंद टोप्पो,के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण थे।

### अनुमंडल बनाओ मंच की बानो डाक बंगला में बैठक 17 को होगी रैली

**बानो।** अनुमंडल बनाओ मंच की आवश्यक बैठक बानो डाक बंग्ला परिषर में की गयी ।जिसमें बानो अनुमंडल बनाओ मंच के बैनर तले आगामी दिनांक 17 मार्च दिन सोमवार को बानो की अनुमंडल मांग एँव हुरदा को प्रखंण्ड बनाने को लेकर विराट रैली सह बानो बीडीओ बानो को ज्ञापन सौंपने पर सहमति बनी। समिति में प्रवक्ता के रूप में संतोष साहु को मनोनीत की गयी एंव 17 मार्च को होने वाली अनुमंडल बनाओ ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने पर बानो प्रखंण्ड के सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो. इसके लिए गांव स्तर पर तैयारी कर सफल बनाने पर विचार की गयी. बैठक में मंच के अध्यक्ष बिरजो कन्डुलना, सचिव चुढामनी यादव, रफिक अंसारी, संतोष साहु, दिलमोहन साहु, घनश्याम सिंह, तनवीर हुसैन,मुखिया संघ के विश्वनाथ बडाईक सोमारी कैथवार, कृपा मुण्डां,लोरेंन्स बागे, विकास मघैया, सीता कुमारी, नीरज साहु, मनीर खान, के आलावा अन्य लोग उपस्थित थे ।

### कोलेबिरा मुख्यालय में 15 मार्च को होली पर्व मनाई जाएगी

**कोलेबिरा।** मुख्यालय स्थित चंडी होटल में होली पर्व को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोलेबिरा के पुरोहित पंडित अभिषेक शर्मा, जितेंद्र तिवारी,शिवोपति मिश्र,मनोज कुमार पति और पुजारी गण शामिल हुए।जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया 13 तारीख को होलिका दहन एवं 15 तारीख को रंग उत्सव का त्यौहार मनाया जाएगा। बैठक में विनोद कुमार डब्ल्यू, अभिषेक कुमार,शिवलाल प्रसाद,सहदेव प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद,मनोज कुमार पति,जगरनाथ साहू, धनंजय प्रसाद,त्रिवेणी कुमार, संतोष तिवारी एवं

### होली पर्व के मद्देनजर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया

**बानो।** बानो-कामडारा मुख्य रोड में वाहन जांच अभियान चलाया गया ।बानो थाना के एसआई निरंजन कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को बानो कामडारा मुख्य रोड में वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी ।एस आइ निरंजन कुमार ने टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। अभियान को सफल बनाने में

### दो गुमटियों में आग लगने से समान जल कर राख

# ग्रामीणों ने अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
डुमरी थाना क्षेत्र के वनांचल चौक फुटपाथ के समीप अवस्थित दो गुमटियों सहित गुमटियों को घेर कर रखे बांस व तिरपाल में बीती रात आग लगने से झोपड़ी एवं दुकान में रखे सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि इस घटना में किसी की जानमाल की क्षति नहीं हुई ।वहीं आग कैसे लगी यह किसी को पता नहीं है ।घटना की सूचना पर डुमरी पुलिस द्वारा तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई हालांकि फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही दो दुकानों में पूरी तरह से आग फैल चुकी थी ।स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने के लिए काफी प्रयास किया साथ ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग पर काबू पाया ।आग इतनी तेज थी कि गुमटी के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना रात्रि लगभग डेढ़-दो बजे की है ।आसपास के दुकानों में आग नहीं फैले इसके लिए स्थानीय मुखिया खेमलाल महतो ने उपस्थित लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने में जूटे रहे ।आगलगी की इस घटना में जामतारा निवासी सुधीर अग्रवाल की गुमटी में रखा सारा सामग्री जलकर राख हो गई ।सुधीर के अनुसार इस घटना में उसे दो से ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है ।वहीं शंभू अग्रवाल की गुमटी, अस्थायी झोपड़ी व काउंटर जलकर राख हो गई ।शंभू के अनुसार पूजा भंडार का सारा सामान जलकर राख हो गया है ।इन्हें भी लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये की क्षति पहुंची है। इधर डुमरी मुखिया शोभा जायसवाल ने उपायुक्त से मांग किया है कि इस प्रकार की घटना क्षेत्र में होने पर उसपर तुरंत काबू पाया जा सके,इसके लिए अनुमंडल परिसर में एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी हमेशा उपस्थित रहना चाहिए।

### मिलावट के विरुद्ध प्रशासन ने कई प्रतिष्ठानों में चलाया जांच अभियान

**बेंगाबाद।** मिलावट के विरुद्ध अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बेंगाबाद के कई प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया। इस क्रम में बाबा स्वीट में रखी खराब मिठाईयों को मौके पर ही नष्ट कराया गया एवं खोवा, पेड़ा और लड्डू का नमूना लेकर लैब भेजा गया। इसी प्रकार से कई अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जाँच कर हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, पापड़, लड्डू, आदि का नमूना लेकर जाँच में भेजा गया। खंडोली स्थित नेचर वियू रिसॉर्ट के किचन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जाँच के क्रम में तिरंगा चौक स्थित महाराजा पेड़ा की दुकान में रसगुल्ला में मक्खी को देख कर दुकानदार को कड़ी चेतावनी देते हुए मिठाई को मौके पर ही नष्ट कराया गया। वही बदडीहा स्थित भदानी होटल में मिठाईयों में औद्योगिक रंग पाए जाने पर लगभग 10 ˇ तक मिठाईयों को कड़ी चेतावनी देते हुए नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ पवन कुमार ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा मिलावट के विरुद्ध अभियान होली तक लगातार जारी रहेगा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत, एक गंभीर




**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
डुमरी थाना क्षेत्र के एनएच-19 बायपास सर्विस रोड (बेरमो मोड़ समीप स्थित ओवरब्रिज) पर बुधवार की अहले सुबह अज्ञात वाहन के चपेट में आकर बाइक सवार दो युवकों की मौत घटना स्थल पर ही हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का प्राथमिक इलाज रेफरल अस्पताल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। पुलिस दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करके पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया ।बताया जाता है कि एक बाइक से पेंक थाना नावाडीह वंशी निवासी धनीराम हेंब्रम का पुत्र सुरेंद्र हेंब्रम व निमियाघाट थाना क्षेत्र चंदनकुरुवा निवासी बैधनाथ बेसरा का पुत्र राकेश कुमार बेसरा तथा युगल टुडू का पुत्र दिनेश टुडू केबी उच्च विद्यालय के मैदान में सरहुल पुजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर अहले सुबह वापस अपने घर जा रहा था कि उक्त स्थान पर किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया ।घटना में सुरेन्द्र एवं राकेश की मौत घटना स्थल पर ही हो गई वहीं दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

### फगुआ के राग से गुलजार हुआ हजारीबाग

**हजारीबाग।** आधुनिकता की दौड़ में फगुआ के राग धीरे-धीरे गायब होते जा रहे थे. लेकिन फिर से लोग अपने पारंपरिक फगुआ के राग की ओर लौट रहे हैं. होली का पर्व नजदीक है. बसंत पंचमी की शुरूआत के साथ ही गांव में फगुआ के राग सुनाई देने लगे हैं. जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आ रहा है शहर में भी ढोलक, झाल, हारमोनियम, ढोल, झांझर और अन्य व वाद्य यंत्र से लोग फगुआ का आनंद उठा रहे हैं.

### स्कूटर सवार ने स्कूली छात्र को मारा टक्कर, घायल



**बेंगाबाद।** बहादुरपुर विशनपुर मुख्य मार्ग चक्रदाहा काली मंडप के समीप बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक स्कूली छात्र को कोयला बेचकर आ रहे स्कूटर सवार ने टक्कर मार दिया जिससे स्कूली छात्र विकाश कुमार सिंह 14 वर्षीय बहादुरपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया ,घटना के बारे में बताया गया कि सुबह करीब 08:30 बजे नौवीं क्लास का छात्र विकाश अपने घर से बेंगाबाद घुठिया हाइ स्कूल पढ़ने के लिए जा रहा था इसी बीच स्कूटर सवार जो कोयला का खाली बोरी लादकर लापरवाही ओर तेज गति से आ रहा था इसी बीच स्कूटर सवार ने छात्र को जोरदार टक्कर मार दिया । छात्र को टक्कर लगने के बाद सड़क पर गिर गया जब तक घायल छात्र को उसके साथी सब उसको उठाने लगे तब तक स्कूटर सवार ने वहां से भागने का प्रयास किया तो जैसे ही स्कूटर सवार भागने के लिए अपनी गाड़ी को स्टार्ट किया तो ग्रामीणों ने हो हल्ला कर उसको पकड़ लिया,उसके बाद छात्र के परिजनों को इसकी सूचना दी गई ,घटना की खबर सुनकर उनके परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर छात्र को आनन फानन में उसे गिरिडीह निजी वाहन से इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इधर ग्रामीणों में आक्रोश है ओर ग्रामीणों ने कहा कि बहादुरपुर विशनपुर मुख्य मार्ग पर सुबह 6 बजे से स्कूल के बसों ओर पैदल स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं की आवागमन दिनभर लगा रहता है ओर इसी रस्ते से बाइक पर कोयला लादकर ले जाने वालों का भी दिनभर तांता लगा रहता है जिस कारण आए दिन दुर्घटना घटते रहती है ओर कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है बावजूद भी लोग इस काम से बाज नहीं आ रहे हैं। बाइक पर लादकर कोयला ले जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ताकि आने वाले दिनों में किसी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

# जमडाला में लक्ष्मी इलेट्रॉनिक और हाडवेयर शॉप का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखंड के द्वारपहरी क्षेत्र के जमडाला में लक्ष्मी इलेट्रॉनिक और हाडवेयर शॉप का बुधवार को उद्धघाटन किया गया। इस उद्घाटन फीता काटकर किया गया। उद्धघाटन से पहले शॉप में पंडित के द्वारा पूजा अर्चना करते हुए सामुहिक रूप से फीता काटकर उद्धघाटन किया गया ।इस उद्धघाटन समारोह में शॉप संचालक सह बैंक ऑफ इंडिया बीसी संचालक योगेंद्र यादव, बुधन मण्डल,तुलसी मण्डल मजीद अन्सारी, राजू अन्सारी, अर्जुन मण्डल,सबिता कुमारी, नारायण बैठा,संजीत मण्डल,जहूर अन्सारी, रियाज अन्सारी, महाराज सिंह, मुरली मण्डल,दिनेश मण्डल,किशुनचन्द मण्डल समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए ।इस शॉप के संचालन योगेंद्र यादव ने बताया कि जमडाला में लक्ष्मी इलेट्रॉनिक और हाडवेयर शॉप का बुधवार को उद्धघाटन किया गया। जिसमे सभी तरह का सामना उचित मूल्य पर मिलेगा ।लोग सेवा का मौका एक बार अवश्य दे।

### दोस्तों के साथ नदी नहाने गए परीक्षार्थी की डूबने से मौत,मातम

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के रहने वाला युवक सरिया परीक्षा देने गए नदी में डूबने से नाबालिग की मौत परिजनों में मातम। मृतक की पहचान भरकट्टा ओपी क्षेत्र अंतर्गत सरंडा निवासी 15 वर्षीय अनमोल पासवान पिता बाजो पासवान के रूप में हुई है । बता दें कि मृतक 9 वीं की परीक्षा देकर प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया से अपने 4 दोस्तों के साथ सरिया स्थित के राजदह धाम नहाने गया था। तभी मृतक गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई । घटना की सूचना पाकर स्थानीय लोग एवं सरिया पुलिस घटनास्थल पहुँची और शव को निकालकर सरिया स्थित देवकी हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगोदर ट्रामा सेंटर भेज दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शांतिपूर्ण होली मानने को लेकर एसडीओ ने लागू की निषेधाज्ञा

# सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज प्रेषण पर रहेगी प्रतिबंध

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के आदेश ज्ञापांक 45/मु०/ सी०, 31/03/2025 के संयुक्त आदेशानुसार देश के विभिन्न भागों में घटित साम्प्रदायिक घटना एवं पूर्व के वर्षों में जिले में घटित घटना के आलोक में वर्तमान में साम्प्रदायिक स्थिति को देखते हुए होली-2025 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पूरे हजारीबाग अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

### गोड्डा में होली मिलन समारोह आयोजित

**गोड्डा।** पूरे देश में होली की धूम है. देशभर में लोग होली की मस्ती में पूरी तरह सराबोर नजर आ रहे हैं. बाजारों में लोग रंग, गुलाल पिचकारी की जमकर खरीदारी कर रहे हैं. इस उल्लास के साथ गोड्डा के मधुबन मे होली मिलान समारोह का आयोजन किया गया. इस मौके पर होली के गीतों पर देर रात तक लोग झूमते रहे. अबीर और गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी.

**उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(उत्पाद शाखा)**
**"आदेश"**

होली का मुख्य पर्व दिनांक 14.03.2025 को खूँटी जिला में मनाये जाने की सूचना है। झारखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन) नियमावली, 2022 के नियम 14 एवं प्रदत अनुज्ञप्ति के कंडिका – 11 के तहत खुदरा उत्पाद दुकानें /सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियों, होली पर्व 2025 (14 मार्च), के अवसर पर बंद रखने का स्पष्ट प्रावधान है। उपरांकित प्रावधान के आलोक में उक्त दिवस अर्थात होली पर्व 2025 (14 मार्च), को खूँटी जिला की अनुज्ञप्ति प्राप्त सभी खुदरा उत्पाद शराब दुकानें/सभी उत्पाद अनुज्ञप्तियों, की बिक्री दुकानें बंद रहेगी। आदेश के उल्लंघन करने पर दोषी के विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

PR.NO.348559 Khunti(24-25):D
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, खूँटी।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग।**
(जिला नजारत शाखा)
ज्ञापांक..–259./नजा0, हजारीबाग दिनांक .12/03/2025
–: प्रेस विज्ञप्ति :–

हजारीबाग जिला अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों, पंचायत भवनों के डेवलपमेंट एवं ग्रामीण इलाको में ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों आदि के व्यवहार हेतु सोलर सिस्टम अधिष्ठापन हेतु दर निर्धारण के लिए निकाले गये निविदा ज्ञापांक 200/नजा0 से 208/नजा0 दिनांक 28.02.2025 द्वारा कुल 09 (नौ) अल्पकालीन निविदा का आमंत्रण जिला नजारत शाखा, हजारीबाग द्वारा किया गया है। निविदा निस्पादन की तिथि दिनांक 15.03.2025 को निर्धारित की गई थी।

निविदा समर्पित करनेवाले सभी इच्छुक एजेन्सी/निविदा दाता को सूचित किया जाता है कि सरकार के संयुक्त सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–10/सा0अव0–03–02/2024 का०–1479 दिनांक 11.03.2025 द्वारा होली के अवसर पर दिनांक 15.03.2025 (शनिवार) को एन०आई०एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

अतः दिनांक 15.03.2025 को अवकाश घोषित होने के फलस्वरूप निविदा निस्पादन की तिथि 21.03.2025 को अपराहन 03:00 बजे निर्धारित की जाती है।

उपायुक्त के निदेश के आलोक में,
नजारत उपसमाहर्ता,
हजारीबाग।

PR 348454 District(24-25)D

# हजारीबाग यूथ विंग ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ मनाई होली

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग द्वारा समाज सेवा की अपनी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी दीपूगढ़ा स्थित वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों के साथ होली महापर्व बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर बुजुर्गों को केला, सेव, संतरा, जूस, हॉर्लिक्स, बिस्कुट, स्टील थाली, ग्लास, साबुन, सर्फ, दूध, मिक्चर, मूढ़ी सहित आवश्यक वस्तुएं को आकर्षक टोकरी में सजाकर भेंट कीं और उनके साथ स्नेहपूर्वक होली मनाई। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने होली गीत प्रस्तुत किए, जिससे बुजुर्गों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने बुजुर्गों को गुलाल लगाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया बुजुर्गों ने भी सभी उपस्थित लोगों को अपने हाथों से गुलाल लगाया और आशीर्वाद दिया। उनके चेहरे पर खुशी की झलक देखते ही बनती थी। हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने संकल्प लिया कि आगे भी ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा और समाज में बुजुर्गों को उचित सम्मान दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रंगों का यह पर्व तभी सार्थक होता है जब समाज के सभी वर्ग इसमें सम्मिलित हों। बुजुर्गों के आशीर्वाद के बिना यह त्यौहार अधूरा और बेरंग है। उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि माता-पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ देना एक बेहद दुखद और चिंतनीय स्थिति है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी लोग अपने माता-पिता के साथ अधिक समय बिताएं, विशेष रूप से त्योहारों पर, जिससे वे अकेलापन महसूस न करें। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।

**ˇहमें बुजुर्गों से अनुभव लेने की आवश्यकता है : चंद्र प्रकाश जैन**

हमें उनके अनुभवों से सीखने और उन्हें सम्मान देने की आवश्यकता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग यूथ विंग ने यह सुनिश्चित किया कि बुजुर्गों को त्यौहार की खुशियों से वंचित न रहना पड़े। इस कार्यक्रम संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, प्रणीत जैन, सत्यनारायण सिंह, सनी देव,शानू सिंह,प्रिंस कसेरा,सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू,नीरज सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहें. इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग यूथ विंग ने समाज को यह संदेश दिया कि बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक होते हैं और उनकी सेवा करना ही सच्ची समाजसेवा है।

### पुलिस अधीक्षक ने अपराध गोष्ठी का किया आयोजन

# लंबित कांडों के शीघ्र निष्पदन का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा 12 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों, लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडा (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एन० डी० पी० एस०, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई । समीक्षा के क्रम में टीएसपीसी/ पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जन शिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, जेल से छुटे अपराधियों, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सी० सी० टी० एन० एस० अन्तर्गत आइआइएफ-1 टू 7 फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीपी लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआइएस पर अपडेट करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, न्यू क्रीमिनल ला के तहत इ साक्ष्य एप का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी थाना / ओपी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहन चेकिंग करने तथा आसूचना संकलन करते हुए चोरी, लूट, गृहभेदन एवं डकैती के काण्डों को अंजाम देने वाले गिरोह के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए साक्ष्य के अधार पर गिरफ्तार करने साथ ही थाना / ओपी क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों के संबंध में जानकारी एकत्रित कर निगरानी रखते हुए सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,**
**राँची पश्चिम, राँची**
**निविदा रद्द करने के संबंध में सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सं0:– निविदा सूचना संख्या– **DWSD/RW/31/2023-24** दिनांक – 06.08.2024 (द्वितीय कॉल) जिसका PR No. 331959 (Drinking Water & Sanitation) 2023-24 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.348475 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–818 (अनु०) दिनांक–03.03.2025 पी०आर०संख्या–347760(भवन) 2024–25D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 107/2024–25 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 17.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक 18.03.2025 को 3.00 (तीन) बजे तक है, में अंकित परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि 20.03.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 21.03.2025 पढ़ा जाय। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

PR.NO.348539 Building(24-25):D
कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण शुद्धि सूचना–02**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–906 (अनु०) दिनांक–10.03.2025 पी०आर०संख्या–348420 (भवन) 2024–25D द्वारा शुद्धि आमंत्रण सूचना संख्या –108/2024–25 जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री दिनांक 15.03.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक एवं निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक 17.03.2025 को 3.00 (तीन) बजे तक है, में अंकित परिमाण विपत्र की बिक्री तिथि 18.03.2025 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 19.03.2025 पढ़ा जाय। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।

PR.NO.348533 Building(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**
**(जिला समाज कल्याण अन्तर्गत)**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 57/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि/स्थान :– दिनांक 21.03.25 को 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि/स्थान :– दिनांक 22.03.25 को 3.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 22.03.25 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0/ ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | काँके | काँके प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 19,43,544.00 | 39,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | रातु | रातु प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 8,07,454.00 | 16,500/- | 1250/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 28,47,086.00 | 57,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 4 | माण्डर | माण्डर प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 8,61,180.00 | 17,500/- | 1250/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 5 | बेड़ो | बेड़ो प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 38,44,266.00 | 77,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 6 | बुण्डू | बुण्डूं प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 30,69,495.00 | 61,500/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 7 | बुढ़मू | बुढ़मू प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 29,59,133.00 | 60,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 8 | अनगड़ा | अनगड़ा प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 32,67,767.00 | 65,500/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 9 | सोनाहातु | सोनाहातु प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 39,57,630.00 | 80,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 10 | नामकुम | नामकुम प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 23,64,133.00 | 47,500/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 11 | सिल्ली | सिल्ली प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 14,71,771.00 | 30,000/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 12 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 27,79,086.00 | 56,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 13 | लापुंग | लापुंग प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 22,28,133.00 | 45,000/- | 2500/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 14 | सदर | सदर अन्तर्गत विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 5,39,681.00 | 11,000/- | 750/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |
| 15 | तमाड़ | तमाड़ प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एंव आंगनबाड़ी केन्दों में पेयजल की व्यवस्था हेतु। | 44,67,538.00 | 90,000/- | 5000/- | छ माह | कार्य के अनुरूप |

Note ; कार्य अनुभव प्रमाण पत्र अन्तिम 3 वर्श का Affidavite के साथ ।
PR 348529 NREP(24-25)D
कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

सुप्रभात

विचार प्रवाह

इस तरह प्रार्थना करना सर्वोत्तम है: "प्रभु! आपकी चेतना 'में मैं सदा प्रसन्न रहूँ। मुझे सभी सांसारिक इच्छाओं से मुक्त करें, और सर्वोपरि, मुझे आपका वह परमानंद प्रदान करें, जो जीवन के अच्छे और बुरे सभी अनुभवों के परे जाता है।" - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### कनाडा की हलचल और भारत पर असर

कनाडा से भारत गहरे से जुड़ा है और उसे डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में तेजी से संरक्षणवादी बनते अमेरिका और भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों से निपटने की चुनौती है। उनकी आर्थिक सूझबूझ राजकोषीय नीति और व्यापार संबंधों के प्रबंधन में उन्हें विश्वसनीय बनाती है, लेकिन भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने, शत्रुतापूर्ण व्हाइट हाउस को संभालने और कनाडा की संस्थाओं में जनता का विश्वास बहाल करने जैसी चुनौतियों को देखते हुए उनकी असल परीक्षा कूटनीतिक होगी। उनकी नेतृत्व शैली यह निर्धारित करेगी कि क्या वह वैश्विक मंच पर कनाडा की स्थिति को स्थिर करने में सफल होते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने कनाडा में भारतीय समुदाय के बहुसंख्यकों को नाराज कर दिया था, क्योंकि उन्होंने खालिस्तानियों का खुलकर समर्थन किया था, जो भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों के लिए जिम्मेदार थे। नए प्रधानमंत्री ने संकेत दिया है कि वह भारत के साथ मजबूत संबंधों के पक्षधर हैं, जो दोनों देशों के हित में है। नए प्रधानमंत्री को संबंधों को पटरी पर लाने के लिए अपने कौशल और अनुभव का उपयोग करना होगा। वर्ष 2021 की जनगणना के अनुसार, कनाडा में भारतीय समुदाय की संख्या लगभग 18,58,755 है, जो राष्ट्रीय जनसंख्या का लगभग 5.1 फीसदी है। इस जनसांख्यिकी ने कनाडा के बहुसांस्कृतिक परिदृश्य को काफी प्रभावित किया है, खासकर टोरंटो, वैंकूवर, कैलगरी, एडमॉन्टन और मॉन्ट्रियल जैसे शहरी केंद्रों में। कनाडा की राजनीति में भारतीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है तथा शासन में उनके प्रतिनिधित्व के महत्व को उजागर करती है। लेकिन जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हुई सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अक्तूबर, 2024 में कनाडा और भारत के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया। जस्टिन ट्रुडो ने भारत सरकार पर कनाडा में हिंसा की साजिश रचने का आरोप लगाया, जिसके चलते राजनयिकों को निष्कासित किया गया और द्विपक्षीय संबंधों में तनाव पैदा हुआ। इससे कनाडा स्थित भारतीय समुदाय के बीच चिंता पैदा हो गई, खासकर आव्रजन, शिक्षा और आर्थिक संबंधों पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में।

*कनाडा में समावेशी शासन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुदाय के योगदान को पहचानना और उसका मूल्यांकन करना आवश्यक है।*

नए प्रधानमंत्री को भारतीय समुदाय के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ना होगा। उनकी चिंताओं को संबोधित करना, समावेशी नीतियों को बढ़ावा देना और भारत के साथ राजनयिक संबंधों को सुधारने की दिशा में काम करना कनाडा के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने में इस जीवंत समुदाय की भलाई और निरंतर योगदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक होंगे। कनाडा में समावेशी शासन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय समुदाय के योगदान को पहचानना और उसका मूल्यांकन करना आवश्यक है। नए प्रधानमंत्री को इस जीवंत समुदाय के साथ जुड़ने से सामाजिक सामंजस्य को मजबूत करने तथा ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने के अवसर मिलेंगे, जो विविधता और समावेशन के प्रति कनाडा की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती हैं।

# होली सिर्फ त्योहार नहीं, वैज्ञानिक और सामाजिक अनुष्ठान भी

होली भारत में प्रति वर्ष चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाने वाला न सिर्फ एक प्रमुख त्योहार है, बल्कि इसमें वैज्ञानिक और सामाजिक संदेश भी छिपे हुए हैं। यह पर्व सनातन संस्कृति में सदियों से समाज को जोड़ने, प्रकृति को संतुलित रखने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय को स्थापित करता है ,बुरे लोगों के स्थान सच्चे और अच्छे लोगों को चुनने और उनके साथ खड़े होने की बात करता है। इसके मूल में जहां प्रह्लाद का ईश्वर के प्रति समर्पण, भक्ति और सदाचरण के कारण अंततः विजय हाथ लगना है,वहीं हिरण्यकश्यप का अहंकार और अपने आप को ईश्वर समझने की भूल के कारण पतन होना है। प्रह्लाद की बुआ होलिका का अपने भाई हिरण्यकश्यप की बुराइयों का साथ देते हुए अपने भतीजे को अग्नि में जलाकर भस्म करने की कोशिश कबीर के उस दोहे को चरितार्थ करती है जिसमें कहा गया है "बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिल्या कोय,जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय"। होलिका दहन इसी कड़ी में बुराई के नाश और सत्य की विजय का प्रतीक है। यह प्रसंग मानव को याद दिलाता है कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आएं, पीढ़ा सहनी पड़े जीत हमेशा सच्चाई का साथ और ईश्वर के प्रति आस्था रखने वाले की होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से यदि इस त्योहार को देखा जाए तो होली का आयोजन कुछ ऐसे समय होता है जब मौसम में बदलाव आ रहा होता है, अर्थात सर्दी समाप्त हो रही होती है और गर्मी का आगमन होता है।यह संधिकाल(न ज्यादा ठंड और न ज्यादा गर्मी) सामान्यतः रोगाणुओं के पनपने और मानव शरीर पर आक्रमण के लिए उपयुक्त रहता है। हमेशा कम इम्यूनिटी वाले लोगों को ही रोगाणु अपना शिकार बनाते हैं और संक्रमण जनित रोगों को विस्तारित होने का अवसर मिल जाता है। अतः इस त्योहार के पीछे का विज्ञान मानव को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान और सचेत रहने के लिए आगाह करता है। वैज्ञानिकों का यह भी विचार है कि होली को सनातन संस्कृति में सामुहिक रूप से (ईष्ट मित्रों, परिवार जनों, आस-पड़ोस के साथ), आनंद का अनुभव करते हुए हर्ष- उल्लास (उमंग,उत्साह, नृत्य, संगीत और रंगों) के वातावरण में बेहतर खान-पान (पकवान)को महत्व देते हुए ईश्वर के प्रति कृतज्ञता और समर्पण व्यक्त करते हुए मनाने से जहां एक ओर मानव शरीर में हेप्पी हार्मोन की वृद्धि होती हैं, वहीं इस दौरान सक्रियता अधिक होने के कारण रक्त संचार बेहतर होता है।कुल मिलाकर हार्मोन का पोजिटिव



प्रभाव, सोच का सकारात्मक होना, वातावरण का मनभावन होना , खान-पान का पोष्टिक और मनोनुकूल होना हैप्पी हार्मोन के आनंददायी प्रभाव को बढ़ाता है तथा प्रतिरोधक तंत्र को रोगाणुओं से लड़ने के लिए मजबूती प्रदान करता है। समग्र प्रभाव जीवन में खुशियां लाता है, अंदर से आनंद को महसूस कराता है,घर के माहौल को खुशनुमा बनाता है, तनाव को कम करता है।

पुरातन समय में जब वनों की तथा पेड़ पौधों की बहुतायत थी तब ऊंची ऊंची होलिकाओं के दहन से निकली उच्च ताप वाली अग्नि की ज्वालाओं को वातावरण में स्थान ले चुके रोगाणुओं के नाश के एक उपाय के रूप में देखा जाता था। किन्तु आज जब रोगाणुओं को नष्ट करने के लिए कई चिकित्सीय विधियां उपलब्ध हैं ,वहीं दूसरी तरफ जंगलों को विविध कारणों से पहले ही संकुचित और सीमित किया जा चुका है,तब समय की मांग के अनुसार होलिका का सांकेतिक रूप में दहन ही उचित है वो भी गाय-भैंस के गोबर से बने उपलों का उपयोग करते हुए।इस तरह यह त्योहार हरियाली को संरक्षित करने का संदेश देता है। सनातन के त्योहारों की विशेषता ही यही है कि वे समय के अनुसार अपने में बदलाव लाते हैं।

आज की बात



**डा मनमोहन प्रकाश**

प्राचीन समय में होली में प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाता था, जो फूलों या औषधीय पौधों से बनाए जाते थे। इनमें टेसू के फूल, चंदन, हल्दी और नीम आदि का उपयोग किया जाता था। आर्युवेद के अनुसार ये वनस्पतियां त्वचा और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि आज प्राकृतिक रंगों का स्थान रसायनिक रंगों ने ले लिया है जिनका मानव शरीर पर उपयोग हानि पहुंचा सकता है,लाभ तो किसी भी कीमत पर नहीं। अच्छी बात यह है कि अब बाजार में होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंग और गुलाल मिलने लगे हैं और समझदार लोगों ने उनका उपयोग भी आरंभ कर दिया है। कुछ धार्मिक स्थलों पर तो रंगों को फूलों की रंग-बिरंगी पंखुड़ियों ने विस्थापित कर दिया है। विज्ञान का भी यही संदेश है कि आज के मानव को होली सहित सभी त्योहारों को पर्यावरण को प्रदूषित किये बिना मनाना चाहिए, क्योंकि मानव जनित प्रदूषण जल, वायु, पृथ्वी के साथ ध्वनि को भी प्रदूषित कर रहा है। यहां यह ध्यान देना होगा कि होली एक ऐसा ही त्योहार बनता जा रहा है जहां इसके मनाने का विकृत रूप पर्यावरण के विविध घटकों को कम या ज्यादा दूषित कर सकता है। जबकि पानी की सीमित उपलब्धता मानव को इसके अपव्यय से बचने का सुझाव देती है। होली का किसानों से भी गहरा संबंध है। किसान इसे उत्सव के रूप में लेते हैं क्योंकि रबी की फसल (गेहूं, जौं,चने) पक कर कटाई के लिए तैयार रहती है। यदि पैदावार अच्छी है तो किसान उत्साह, उमंग, खुशी का अनुभव करते हैं।इसी खुशी में किसान फसल को भोग के रूप में अग्नि को समर्पित करते हैं, भूनकर (होलक) खाते हैं। कुछ किसान परिवारों में खेत में होली जलाने की परंपरा है। इन किसानों का मानना है कि यह परंपरा खेतों को कीटों और बुरी शक्तियों से बचाता है ।आज के वैज्ञानिक युग में, जहां कीटों को नियंत्रित करने की प्राकृतिक और रासायनिक विधियां उपलब्ध है तब पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले उपायों का विकल्प तलाशना चाहिए। सामाजिक दृष्टि से देखा जाए तो इस त्योहार का महत्व बहुत ज्यादा है, और इसका कारण है इस त्योहार को भारतीयों द्वारा अपने पूराने सारे मतभेद तथा गिले-शिकवे भूलकर परिवार,मित्र मंडल,समुदाय, समाज तथा पड़ोसियों के साथ हंसी खुशी से मनाना। अथार्त होली मानव समाज को आपसी मेल-जोल बढ़ाने की सलाह देती है, आपसी प्रेम, भाई चारा, एकता, सद्भावना, समरसता को विस्तार देने पर जोर देती है। अतः मेरा ऐसा मानना है कि होली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि वैज्ञानिक, सामाजिक और पर्यावरणीय अनुष्ठान है।यह अवसर है पारिवारिक एकता तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने का, सामाजिक बुराईयों को अच्छाइयों से जीतने का, प्रकृति और स्वास्थ के प्रति सजग रहने का, किसानों की खुशियों में सम्मिलित होने का है और जीवन में आनंद और खुशियों के महत्व को समझने का। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## जीवन का लक्ष्य?

जीवन का उद्देश्य क्या होना चाहिए? यह प्रश्न हर युग में मनुष्य के मन में उठता रहा है। भारतीय ग्रंथों-उपनिषदों, पुराणों, महाभारत और भगवद गीता में इस विषय पर गहन चिंतन किया गया है। आधुनिक जीवन में, विशेष रूप से युवा पीढ़ी, आनंद और प्लेजर में अंतर न समझ पाने के कारण भ्रमित रहती है। वे क्षणिक सुख को ही जीवन का लक्ष्य मान बैठते हैं, जबकि वास्तविक आनंद इससे बहुत अलग और उच्चतम अवस्था है। भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को समझाते हैं कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मज्ञान और आत्म-साक्षात्कार है। गीता (2.47) में कहा गया है "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" अर्थात्, मनुष्य को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए, परंतु फल की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। जब हम निष्काम भाव से अपने कार्य करते हैं, तो हमें सच्चा आनंद मिलता है, न कि केवल क्षणिक सुख। गीता में "संतोष" और "आनंद" को आत्म-साक्षात्कार से जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि जो व्यक्ति आत्मा के स्वरूप को पहचान लेता है, वह परम आनंद की प्राप्ति कर सकता है, जिसे "ब्रह्मानंद" कहा जाता है। उपनिषदों में आनंद को ही ब्रह्म (परम सत्य) कहा गया है। "आनंदो ब्रह्मेति व्यजानात्" (तैत्तिरीय उपनिषद्, 3.6.1) अर्थात्, ब्रह्म (परम सत्य) आनंदस्वरूप है। जो व्यक्ति आत्मा का साक्षात्कार करता है, वह स्थायी आनंद को प्राप्त करता है, जो न कभी घटता है और न समाप्त होता है। महाभारत में यक्ष-युधिष्ठिर संवाद में जीवन के मूल प्रश्नों पर चर्चा होती है। यक्ष पूछते हैं— "जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीज़ क्या है?" युधिष्ठिर उत्तर देते हैं— "धर्म (कर्तव्य) को निभाना ही जीवन का परम लक्ष्य है, क्योंकि धर्म से ही व्यक्ति को सच्चा आनंद मिलता है।" इससे स्पष्ट होता है कि धर्म, कर्तव्य और आत्म-साक्षात्कार के बिना आनंद की प्राप्ति असंभव है। आज की युवा पीढ़ी मनोरंजन और आनंद के अंतर को नहीं समझ पाती। वे सोशल मीडिया, वीडियो गेम, पार्टियों और अन्य बाहरी गतिविधियों को ही आनंद मान लेते हैं, जबकि ये सभी केवल क्षणिक सुख देते हैं। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे आनंद प्राप्ति के सही मार्ग को अपनाएँ। इसके लिए ध्यान और योग करें। मानसिक शांति और आंतरिक आनंद के लिए यह आवश्यक है। स्वाध्याय : भगवद गीता, उपनिषदों और महापुरुषों के विचारों का अध्ययन करना चाहिए। नैतिक जीवन और सेवाः जब हम निःस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करते हैं, तो हमें आत्मसंतोष मिलता है। नैतिक मूल्यों का पालनः सत्य, अहिंसा, प्रेम, और कर्तव्यपरायणता हमें आंतरिक संतोष और आनंद की ओर ले जाते हैं। जीवन का वास्तविक लक्ष्य आनंद की प्राप्ति है, न कि केवल क्षणिक सुख।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# सनातन उत्सव का भारत देश

भारतवर्ष की आत्मा उसके धर्म और संस्कृति में बसती है। बिना इसके राष्ट्र-जीवन का कोई कल्पना नहीं है। राष्ट्र-जीवन का प्राण तीर्थ, पर्व, ऋतु राग, उत्सव में बसता है। तीर्थ देश का लघु रूप है। तो पर्व काल का प्रवाह है। ऋतु राग है, तो उत्सव उस राग का रस है। सूर्य के आगमन भवगवान विष्णु का पहला चरण है, तो दोपहर दूसरा और सांध्यवेला तीसरा पग है। यहां नदियां माता का आशीष है तो पहाड़ पिता का पुण्य है। हमारे पूर्वजों ने देश के दुर्गम और अलघ्य पर्वत श्रृंखलाओं में तीर्थयात्राओं के लिए कई स्थलों को जागृत एवं तपस्थल का रूप दिया। भगवान राम राज्याभिषेक के पूर्व तीर्थाटन करते हैं। तो पांडव भी तीर्थयात्रा करते हैं। जीवन में सनातन की खोज ही भारतीय का लक्ष्य रहा और सनातन के तत्वों को तीर्थ, पर्व, उत्सव, और यात्राओं ने प्रगाढ़ किया है। भारतीय जीवन में उत्सव, साहित्य, दर्शन और परंपरा का सनातन सूत्र भी इन ऋतुओं के कारण मिला है। एक बच्चा जन्म लेता है और बड़ा होकर जवान, युवा और बूढ़ा होता है। फिर मृत्यु। जैसा ऋतु परिवर्तन है, वैसा ही परिवर्तन हमारे जीवन काल में आता है। उम्र का बढ़ना, ऋतुओं का परिवर्तन और समय का विभिन्न स्थितियों में रूपांतरण जीवन नहीं है। परितर्वन में जीवन नहीं है। परिवर्तन समय है। संसार में सब कुछ परिवर्तित होता है। इन काल, इन ऋतु और इन परिवर्तन में जीवन नहीं है। जीवन इनके प्रति जागरण में है। जागरण ही उत्सव है। हमारे अस्तित्व में सदैव उत्सव है। उत्सव हमारे जीने के ढंग में है। जीने के ढंग में आनंद सम्माहित है। इसलिए भारतीय मन हरेक समय, ऋतु और परिवर्तन का उत्सव मनाता है। आनंद खोजता है। जहां आनंद है, वहां जागरण है और जहां जागरण है वहां जीवन है। संवत्सर में वसंत ऋतु आती है और चली जाती है। पुनः कुछ दिनों के बाद इसका पुनर्जन्म होता है। भारतीय मन कहता है कि अस्तित्व में सदैव ही वसंत हैं। शरद हैं, हेमंत हैं और पतझड़ है। समय की गति चूंकि रैखिक नहीं वृत्तीय होती है, अतएव ऋतुएं बार-बार आती है। उसी प्रकार इस जीवन में शरद, हेमंत और वसंत का रस, रंग और भाव भी हमारे चित्त को बार बार रंगता है, भींगाता हैं और निर्माण करता है। ऋतुएं हमारे मन का निर्माण करती है। हमारा मन शाश्वत की खोज करता है, चित्त सदैव सनातन शिखर की ओर उन्मुख होता है, तो इसके पीछे की उत्प्रेरक शक्ति ऋतुएं हैं।

जीवन ही ईश्वर है। ईश्वर कोई वस्तु या व्यक्ति नहीं है। वह संपूर्ण जीवन है। इस जीवन की खोज ही हमारा लक्ष्य है। जीवन हमारे अंदर है। वही जीवन हमारे बाहर है। इस अस्तित्व के चराचर तत्वों- सूर्य, तारे, आकाश, बादल, पृथ्वी, जंगल, समुद्र, हवा, वृक्ष, जानवर में जीवन है। यह सारा अस्तित्व जीवन का ही नृत्य और संगीत है। ऋतु हमें जीवन की संपूर्णता का भाव देते है। वह परिवर्तन, रूपांतरण और बढ़ाव तथा घटाव में मदमस्त होना सीखाती है। एक फक्कड़ फकीर गरमी की तपती धूप में भी धूनी लगाता है और मदमस्त हो जाता है। एक सामान्य मन भी बरसात में बालपन की हट करता है। बारिश में भींगता है, दूसरे को भींगोता हैं और तनमन को रसरंग से भर लेता है। शरद के शीत में भी भारतीय मन तल्लीन हो जाता है। शक्ति की आराधना करता है और अपने को ओज और तेज से भर लेता है। इसी प्रकार एक संन्यासी जो निरासक्त होता है, लेकिन वसंत में नाचता है, गाता है। उस दिव्यता को संपूर्णता में जीता है। ऋतु का दर्शन है कि हरेक समय और स्थिति का उत्सव मनाया जाना चाहिए। हरेक को प्रेम करना चाहिए और जीवन को संपूर्णता में जीना चाहिए। इसी कारण भारतीय मन कर्म पर जोर देता है, उसके फल की बात नहीं करता है। वह जानता है कि वसंत के फूल, बरसात के पत्ते, हेमंत में शरीर (वृक्ष रूपी देह) की साधना से ग्रीष्म में फल मिलेंगे। ऋतु सदैव जीवन को खोजने की बात करता है। हम जीवित है, लेकिन जीवन के साथ तारताम्य नहीं है। हम समय में, परिवर्तन में और रूपांतरण में जीवन की खोज करत है और असफल होते हैं। ऋतु में नया खोज के साथ खुद को नूतन और नवीन करना ही जीवन है। ऋतु सदैव यह बताती है कि वसंत, ग्रीष्म, बरसात, शरद एक परिवर्तन है। हमको उस परिवर्तन के साथ सदैव नया होना है। नूतन रहना है। भारतीय जीवन पर ऋतु प्रभाव के कारण ही हमारा मन सदैव नवीन रहता है। थकता नहीं है। परिवर्तन के साथ खुद को बदल लेता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डा मयंक मुरारी**




## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हर चुनाव इक प्रश्न है, उत्तर स्वयं चुनाव।
जन को ही खुद खींचनी, पड़ती अपनी नाव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# होली सिर्फ त्योहार नहीं, यह जिंदगी का उत्सव है

**होली: जब रंग बोलते हैं और दिल जुड़ते हैं**

होली कोई साधारण त्योहार नहीं—यह रंगों का एक जीवंत उत्सव है, प्रेम की उफनती लहर है, और जीवन को उल्लास व उमंग से आप्लावित कर देने वाला एक जादुई उन्माद है। फाल्गुन की पूर्णिमा पर जब होलिका दहन की आग धधकती है, लपटों में बुराई जलकर राख हो जाती है और सत्य का सूरज उगता है। अगली सुबह, जब गलियाँ गुलाल से लाल हो उठती हैं, चेहरे रंगों से खिल पड़ते हैं, और हर दिल अपनी उदासी को ठेंगा दिखाकर मस्ती में डूब जाता है। यह पर्व सिर्फ रंगों की बौछार नहीं-यह दिलों को जोड़ने वाली वो डोर है, जो समाज को एकता के रंग में रंग देती है और हर आत्मा को उल्लास की उड़ान देती है।

होली की कहानी उस आग से शुरू होती है, जो हिरण्यकश्यप के अहंकार को भस्म कर प्रह्लाद की भक्ति को अमर कर गई। हिरण्यकश्यप, एक क्रूर राजा, जिसने खुद को भगवान से बड़ा समझा, अपने बेटे प्रह्लाद की विष्णु-भक्ति से चिढ़ता था। उसने अपनी बहन होलिका को, जिसे आग से न जलने का वरदान था, प्रह्लाद को गोद में लेकर चिता पर बैठने का हुक्म दिया। मगर भक्ति का चमत्कार देखिए-होलिका जलकर राख हो गई, और प्रह्लाद पर एक खरोंच तक न आई। यह कहानी चीख-चीखकर बताती है कि सच्चाई और प्रेम के आगे हर ताकत घुटने टेकती है। होलिका दहन की हर लपट हमें पुकारती है—अंदर की बुराइयों को जलाओ, क्रोध को राख करो, ईर्ष्या को भस्म करो, और अपने जीवन में प्रेम का दीया जलाओ। यह एक प्रतीक है, एक नई शुरुआत का, जहाँ हम अपने भीतर के राक्षसों को विदा करते हैं।

फिर आता है कृष्ण का रंगों भरा खेल, एक ऐसी मस्ती जो मन को मोह लेती है। साँवला ठाकुर, अपने रंग से चिंतित, माँ यशोदा से पूछता है, "राधा इतनी गोरी क्यों है, माँ?" माँ ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, "जा, उसके मुख पर रंग लगा दे!" और बस, यहीं से प्रेम की यह शरारत होली बनकर फूटी। ब्रज की धरती पर यह कथा आज भी साँस लेती है। बरसाने की लठमार होली में जहाँ औरतें लाठियों की बौछार करती हैं, वहीं पुरुष रंगों से पलटवार करते हैं, और हवा में प्रेम की चुलबुली फुहारें तैरती हैं। यह रंग ऐसा है जो दिलों को जोड़ता है, फासलों को मिटाता है, और जीवन को एक अनोखी चमक से भर देता है। होली सिर्फ पौराणिक कथाओं तक नहीं सिमटी—यह जिंदगी का रंगमंच है। यहाँ पुरानी दुश्मनियाँ गुलाल में दफन हो जाती हैं, रूठे गले मिलते हैं, और टूटे रिश्ते फिर से रंग उठते हैं। गलियों में बच्चे, बूढ़े, जवान-सब एक-दूसरे पर रंग उड़ाते हैं, और हर चेहरा हँसी से खिल उठता है। रंग सिर्फ चमड़ी पर नहीं चढ़ते-ये मन को भी भिगोते हैं। हर रंग अपने साथ एक वादा लाता है-लाल जोश और जुनून लाता है, हरा सुकून बरसाता है, पीला उमंग का आलम फैलाता है, नीला विश्वास की गहराई देता है। यह रंगों का ऐसा उन्माद है जो उदासी को भस्म कर देता है, तनाव को उड़ा ले जाता है, और हर साँस को खुशी की मिठास से भर देता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि रंग हमारे दिमाग को तरोताजा करते हैं-तो होली क्या है? यह एक थेरेपी है, जो हमें जिंदगी को नए सिरे से जीना सिखाती है। मगर इस रंगीले पर्व को अब नई राह चाहिए। आज के दौर में रासायनिक रंग चमकते तो हैं, पर त्वचा को जख्मी करते हैं, आँखों को चुभते हैं। क्यों न प्राकृतिक रंग अपनाएँ? हल्दी की पीली चमक, टेसू की लाल आभा, चंदन की ठंडक-ये न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि प्रकृति के साथ हमारा रिश्ता भी मजबूत करते हैं। होलिका दहन में जंगल मत जलाओ-गोबर के कंडों से बुराई को विदा करो, ताकि धरती साँस ले सके। और एक बात-होली के नाम पर जबरदस्ती, नशे का धुआँ, या बदतमीजी? यह सब इस पर्व की आत्मा को ठेस पहुँचाता है। होली प्रेम का उड़ता गुलाल है, सम्मान की बौछार है, न कि किसी को दुख देने का बहाना। हर चेहरा इस दिन मुस्कुराए, हर दिल रंगों से भरे-यही इसकी सच्ची पहचान है। होली महज रंगों का त्योहार नहीं-यह प्रेम की विजय का उद्घोष है, सौहार्द्र का मधुर गीत है, और जिंदगी का एक अनमोल जश्न है। यह पर्व हमें पुकारता है कि पर्यावरण को सहेजें, दिलों को जोड़ें, और हर चेहरे पर मुस्कान का रंग बिखेरें। होली चीख-चीखकर कहती है-जिंदगी एक अनमोल खेल है, इसे प्रेम से खेलो, सम्मान से सजाओ। अपने आसपास के लोगों को गले लगाओ, उनकी हँसी में शरीक हो जाओ, और हर कोने में खुशियों का गुलाल उड़ाओ। यह त्योहार हमें सिखाता है कि जिंदगी की सच्ची खूबसूरती अपने रंगों को दूसरों के लिए बिखेरने में है—हर कदम पर प्यार बोने में, हर नजर में उम्मीद जगाने में। होली वह जादू है जो कहता है: रंगों से आगे बढ़ो, दिलों को जीतो, और जिंदगी को एक अनंत उत्सव बनाओ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



रामंदिर परिसर में इकबाल अंसारी और आचार्य परम हंस ने खेली होली, बोले-

# नफरत होगी अलविदा

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में होली के त्योहार में एकता और सौहार्द का रंग चढ़ता नजर आ रहा है। बाबरी मस्जिद के पैरोकार रहे इकबाल अंसारी ने आचार्य परमहंस के साथ होली खेली। इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का जश्न मनाया। इस मौके पर तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि होली के त्योहार के मौके पर राममंदिर के प्रांगण में रामभक्तों, साधु संतों के साथ बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी भी पुष्प वर्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राममंदिर परिसर में रामराज की होली हो रही है। आचार्य का कहना था कि यह मानवता की होली है। इससे रामभक्त काफी प्रसन्न हैं। रामराज की होली का दुनिया में डंका बजेगा। इसमें हमारे इकबाल अंसारी भी शामिल हैं। दुनिया में चाहे जितना नफरत फैला लें, लेकिन अब मानवता स्थापित होकर रहेगी। दुनिया में रामराज स्थापित होगा। नफरत अलविदा होगी। जो नफरत फैला रहे हैं, वो अपने आप राम जी के रंग में रंग जाएंगे। इस मौके पर उन्होंने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी पर बना गाना भी गाया। उन्होंने कहा होली रंगों का त्योहार है, इसके साथ रंग बिरंगी खुशियां एक दूसरे को बांटनी चाहिए। इस दौरान साधु संतों के साथ होली खेली जा रही है। यह खुशियों की होली होती है। इससे सब खुश हैं। हमें इस त्योहार में बहुत अच्छा लगता है। इस कारण इसे मनाने के लिए इसमें शामिल हुए हैं। इकबाल ने भगवा रंग के सवाल पर कहा कि उसका इस्तेमाल सबसे पहले करते हैं। हमारे यहां पहले जो चावल बनता था, उसे भगवा रंग से ही रंगते थे। होली में साधु-संतों के साथ मंदिरों और मठों में खेलता रहा हूं। उन्होंने कहा कि होली एकता और सौहार्द का त्योहार है।

सीईईडब्ल्यू की नई रिपोर्ट 'हाउ कैन इंडिया मीट इट्स राइजिंग पॉवर डिमांड पाथवेज टू 2030 जारी

# 600 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखना चाहिए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत को बिजली की बढ़ती मांग को विश्वसनीय और किफायती ढंग से पूरा करने के लिए अपनी स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 600 गीगावाट तक बढ़ाना होगा। यह जानकारी काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की नई रिपोर्ट 'हाउ कैन इंडिया मीट इट्स राइजिंग पॉवर डिमांड पाथवेज टू 2030' से सामने आई है। इसे बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल डायलॉग ऑन पॉवरिंग इंडियाज फ्यूचर कार्यक्रम में जारी किया गया। यह अपनी तरह का पहला अध्ययन है, जिसने 2030 में प्रत्येक 15 मिनट के लिए भारत के पॉवर सिस्टम डिस्पैच का मॉडल बनाया है।

इससे सामने आया है कि अगर बिजली की मांग केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के पूर्व-आकलन के अनुरूप बढ़ती है तो भारत की मौजूदा, निर्माणाधीन और नियोजित बिजली उत्पादन क्षमता 2030 में बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी। हालांकि यदि आगामी पांच वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग या तेज आर्थिक विकास के कारण बिजली की मांग मौजूदा अनुमानों से अधिक तेजी से बढ़ी तो सीईईडब्ल्यू के अध्ययन के अनुसार 2030 तक अक्षय ऊर्जा की उच्च हिस्सेदारी के साथ 600 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का रास्ता सबसे उपयुक्त और किफायती विकल्प होगा। इसमें 377 गीगावाट सौर ऊर्जा, 148 गीगावाट पवन ऊर्जा, 62 गीगावाट जलविद्युत और 20 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल होगी। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है, जब फरवरी 2025 में देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड 238 गीगावाट तक पहुंच गई और असामान्य उच्च तापमान के कारण आने वाले गर्मी के महीनों में पीक डिमांड 260 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पूर्व आंकलन से अधिक है।

केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा कि हमने गैर-जीवाश्म ईंधन की क्षमता बढ़ाने और 2070 तक नेट जीरो तक पहुंचने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। ये लक्ष्य विकसित भारत के लिए आवश्यक हैं। गैर-जीवाश्म क्षमता 2014 में 76 गीगावाट से लेकर 2025 में 220 गीगावाट पहुंचने तक, हमारी स्वच्छ ऊर्जा की यात्रा शानदार रही है। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और सीईईडब्ल्यू के ट्रस्टी डॉ. सुरेश प्रभु ने कहा कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन उसकी आर्थिक महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए।

हमें अभी नवीकरणीय ऊर्जा की उच्च हिस्सेदारी रखने की योजना बनानी होगी, ताकि कल यानी भविष्य के लिए सही बाजार संकेत भेजे जा सकें। सीईईडब्ल्यू रिपोर्ट ने 2030 में भारत के बिजली क्षेत्र के लिए कई परिदृश्यों के मॉडल बनाए हैं। इसमें एक बेसलाइन परिदृश्य भी शामिल है, जिसमें माना गया है कि बिजली की मांग सीईए के पूर्वाकलन के अनुसार बढ़ेगी और भारत 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्य हासिल कर लेगा।

> *सीईईडब्ल्यू के ट्रस्टी*
> **डॉ. सुरेश प्रभु ने कहा-**
> भारत का ऊर्जा परिवर्तन उसकी आर्थिक महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए।
> ● सीईईडब्ल्यू रिपोर्ट ने 2030 में भारत के बिजली क्षेत्र के लिए कई परिदृश्यों के मॉडल बनाए हैं।



## नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, तीन गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पताही थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पीड़ितों में परसौनी कपूर गांव के निवासी नीतीश कुमार और नरकटिया गांव के निवासी राजन कुमार शामिल हैं। इन दोनों से आरोपितों ने 5.65 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने जांच के बाद इस रैकेट से जुड़े तीन युवक संतोष कुमार, करण कुमार और आदित्य राज गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार ठगों ने खुलासा किया कि वे लंबे समय से नौकरी दिलाने और विभिन्न विश्वविधालय के फर्जी सर्टिफिकेट बनवाने के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठ रहे थे।

## यूपी में होली के पर्व के दौरान ढकी जाएगी मस्जिदें

### अलर्ट मोड में पुलिस, जुलूस स्थलों पर ड्रोन से निगरानी

एजेंसी। लखनऊ

होली का त्यौहार और जुमे की नमाज को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर दी गई है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। होली पर चलने वाले रंग को देखते हुए मस्जिदों को तिरपाल से ढकने की व्यवस्था की गई है। कुछ जगहों पर ढक दी गई हैं।

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की है। साथ ही हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने के आदेश पुलिस को दिये हैं।

पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों से कहा है कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की नई परम्परा शुरू करने की इजाजत न दी जाए। जिन जगहों पर होलिका दहन, जुलूस निकलते हैं वहां पर फोर्स तैनात किए जाए।

उन्होंने कहा कि होली पर्व शुक्रवार (जुमे) के दिन पड़ने के चलते प्रशासनिक अधिकारी सभी धर्मगुरुओं, आयोजकों के साथ बैठक कर लें। इनकी ओर से त्यौहार से संबंधित बतायी गई सारी समस्याओं का पहले से निस्तारण कर लिया जाए।

मिश्रित आबादी के क्षेत्रों के जुलूस के मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाए। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें।

मस्जिदें ढकी रहेंगी शुक्रवार को होली के पर्व पर रंग खेला जाएगा और इस दिन जुमे की नमाज भी पढ़ी जाएगी। ऐसे में मुस्लिम धर्म गुरुओं ने रंग चलने के दौरान मस्जिदों को ढकने का निर्णय लिया है। प्रदेश के सबसे चर्चा में आने वाला जिला संभल में जामा मस्जिद समेत 10 मस्जिदें ढकी जाएंगी। इसके अलावा शाहजहांपुर में 'लाट साहब' का बहुत बड़ा जुलूस निकलता है। इस दौरान जुलूस के रास्ते में पड़ने वाली 32 मजिस्दों को आपसी सहमति से ढक दिया गया है। ऐसे कई शहरों में किया गया है।



भारत- नेपाल सीमा पर मानव तस्करी गिरोह सक्रिय

## एसएसबी की सक्रियता से तीन नाबालिगों की बची जिंदगी



एजेंसी

**सीतामढ़ी।** सूबे में मानव तस्करी का कारोबार पुराना है। नाबालिग बच्चे और बच्चियां मुक्त कराई जाती हैं और तस्कर पकड़े भी जाते हैं। फिर यह धंधा बंद नहीं हुआ है। ताजा मामला भारत-नेपाल के सोनबरसा बॉर्डर से सामने आया है, जहां तीन नाबालिग के साथ मानव तस्कर एसएसबी की नजरों से नहीं बच सका और उनके हत्थे चढ़ गया। एसएसबी के स्तर से थोड़ी चूक होती, तो तस्कर कामयाब हो जाता।

**● पूछताछ में नहीं दिया जवाब**

बताया गया है कि सीतामढ़ी जिले के सोनबरसा बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल 51 वी वाहिनी के जवान ड्यूटी कर रहे थे। जवान राहगीरों पर पैनी नजर रखे हुए थे। इसी दौरान कुछ जवानों की नजर तीन नाबालिग और उसके साथ एक व्यक्ति पर पड़ी। जवानों ने संबंधित व्यक्ति से उसके और नाबालिग लड़कियों के बारे में पूछताछ की, तो उसने सही तरीके से जानकारी नहीं दी। इस पर एसएसबी को शक हुआ। फिर चारों को एसएसबी कैंप में लाया गया।

**● एसएसबी ने पुलिस को सौंपा**

कैंप में कम्पनी कमांडर सह सहायक कमांडेंट पवन दत्तात्रेय खराटे ने संबंधित व्यक्ति से पूछताछ की, तो मानव तस्करी का मामला उजागर हुआ। बाद में चारों को सोनबरसा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। जब बॉर्डर से मानव तस्कर को पकड़ा गया है और उसके चंगुल से नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया है। बॉर्डर से लव जिहाद में फंसी कई युवतियों को भी नेपाल जाने से बचाया जा चुका है।

**● थानाध्यक्ष ने बताई सच्चाई**

सोनबरसा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर तीनों नाबालिग लडकी को सीतामढ़ी चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम के माध्यम कल्याण समिति के हवाले कर दिया गया है। बताया कि उक्त बच्चियों को पैसे का लालच देकर आर्केस्ट्रा में डांस हेतु नेपाल ले जाया जा रहा था।

## 'संभल में मंदिर है, किसी के पूजा स्थल पर जबरन कब्जा करना अस्वीकार्य': योगी



एजेंसी। लखनऊ

संभल विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान आया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी की आस्था को जबरन छीनना और उसकी मान्यताओं को कुचलना अस्वीकार्य है - खासकर तब जब हम संभल के बारे में सच्चाई जानते हैं। योगी ने दावा किया कि संभल का उल्लेख 5,000 साल पुराने ग्रंथों में मिलता है, जो इस्लाम से भी पहले का है। संभल में श्री हरि विष्णु का मंदिर 1526 में नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि भगवा मेरी पहचान है, सनातन धर्म की पहचान है और मुझे इस पर गर्व है। एक दिन पूरी दुनिया इसे अपनाएगी। लखनऊ में पांचजन्य और ऑर्गनाइजर द्वारा आयोजित 'मंथन-महाकुंभ और उससे आगे' कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पूजा स्थलों का सम्मान करने और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने संभल का जिक्र करते हुए कहा, "संभल सत्य है। मैं सभी संप्रदायों और धर्मों का सम्मान करता हूं, लेकिन अगर कोई जबरन किसी स्थान पर कब्जा करता है और किसी की आस्था को नष्ट करता है तो यह स्वीकार्य नहीं है।

# आज का राशिफल

**मेष :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। सफलता मिलेगी। शुभांक-5-7-9

**वृष :** विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-1-3-5

**मिथुन :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-3-5-6

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सही समय का इंतजार करें। शुभांक-2-4-6

**कन्या :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। शुभांक-1-3-5

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-4-6-8

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभ समाचारों मिलेगें। शुभांक-3-5-6

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आत्मचिन्तन करें। शुभांक-4-6-8

**मकर :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-2-4-5

**मीन :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना बड़ेगा। शुभांक-1-3-5

## मध्य प्रदेश में 4 लाख 21 हजार करोड़ का बजट पेश, कोई नया कर नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का बुधवार को दूसरा बजट पेश किया गया। यह बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ से ज्यादा का है, इसमें कोई नया कर नहीं लगाया गया है। राज्य के उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने मोहन सरकार का दूसरा आम बजट पेश किया, जो पिछले बजट की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है। यह बजट 4 लाख 21 हजार करोड़ से अधिक का है। इस बजट में न तो कोई नया कर लगाया गया है और न ही पुराने कर में कोई बदलाव किया गया है। इस तरह राज्य में कोई भी सामान सस्ता या महंगा नहीं होगा। राज्य सरकार का यह बजट युवा, किसान, गरीब और नारी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इन सभी के कल्याण के लिए सरकार ने विशेष प्रावधान किए हैं। इस बजट में 'लाडली बहन योजना' के लिए 18,500 करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया। साथ ही इसे अटल पेंशन योजना से भी जोड़ने की बात कही गई है। इस बजट में कर्मचारियों के लिए भी खुशखबरी है, क्योंकि सातवें वेतन आयोग के आधार पर महंगाई भत्ते का पुनरीक्षण 1 अप्रैल से किया जाएगा।

## एक मई से मुंबई में आयोजित विश्व ऑडियो विजुअल एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन

● केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, मेजबान राज्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद।

नवीन मेल न्यूज नटवर्क

**नई दिल्ली।** मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत सरकार 13 मार्च 2025 को शाम 4.30 बजे सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 से पहले वैश्विक समुदाय तक पहुंचेगी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित यह आउटरीच कार्यक्रम 2 मई 2025 को मुंबई में पहली वेव्स घोषणा से पहले विभिन्न सरकारों से महत्वपूर्ण वैश्विक मीडिया संवाद में भागीदारी की अपेक्षा करेगा। केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, केंद्रीय सूचना और प्रसारण, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय सूचना और प्रसारण तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, मेजबान राज्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णविस के साथ तेजी से बढ़ते मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के लिए एकीकृत वैश्विक मंच के रूप में वेव्स की परिवर्तनकारी क्षमता को उजागर करेंगे। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक राजदूत और उच्चायुक्त भाग लेंगे तथा इसमें मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में सहक्रियात्मक दृष्टिकोण के अवसरों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी।

**वैश्विक मीडिया संवाद**

2 मई 2025 को मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 में आयोजित होने वाले वैश्विक मीडिया संवाद का उद्देश्य वैश्विक नेताओं, नीति निमार्ताओं, उद्योग हितधारकों, मीडिया पेशेवरों और कलाकारों को एक साथ लाना है, ताकि वे रचनात्मक और गतिशील संवाद में शामिल हो सकें। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग, तकनीकी नवाचार और नैतिक प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऑडियो-विजुअल और मनोरंजन क्षेत्रों के भविष्य को आकार देना है।

**चर्चा के मुख्य बिंदु**

संवाद का प्रमुख उद्देश्य मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के निष्पक्ष और पारदर्शी विकास को सुनिश्चित करने के लिए देशों के बीच खुले संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। चर्चाएं सीमा पार सहयोग को बढ़ाने और आम चुनौतियों और अवसरों को संबोधित करने के लिए ज्ञान-साझाकरण और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए मंच के रूप में काम करने की रणनीतियों पर केंद्रित होंगी। संवाद मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में खुले और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं के महत्व पर भी वाल देगा, जिससे सभी हितधारकों के लिए समान पहुंच और विकास सुनिश्चित होगा। वेव्स के तत्वावधान में वैश्विक मीडिया वार्ता के प्रमुख एजेंडा बिंदुओं में वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में सभी देशों के लिए समान अवसरों और चिंताओं पर चर्चा करना शामिल है।

### बिहार के भागलपुर में पति-पत्नी का शव बरामद

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में बुधवार को डबल मर्डर का मामला प्रकाश में आया है। एक तरफ जहां पत्नी की तेज धार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। वहीं 300 मीटर की दूरी पर पति की एक पेड़ से लटका शव मिला है। फिलहाल यह हत्या एक रहस्य बन गई है। गांव वालों का कहना है पति-पत्नी के अनबन में पत्नी को पहले पति ने मारा फिर खुद पेड़ से झूल कर आत्महत्या कर ली। ससुराल वालों का कहना है कि मेरी बेटी की हत्या की गई है। मृतका के पिता ने कहा कि हम लोग घर पर थे तभी मेरे मोबाइल पर कॉल गया और जब मैं घटनास्थल पर जाकर देखा तो मेरी बेटी मृत पड़ी हुई थी। उसके 300 मीटर दूरी पर मेरा दामाद एक पेड़ से फंदे में लटका झूल रहा था। मृतका प्रीति देवी और मृतक मुरारी सिंह हैं। लॉ एंड आर्डर चंद्रभूषण ने इस मामले को लेकर बताया कि इस घटना की तहकीकात की जा रही है। अभी तक इस घटना के कारण का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। हम लोग तत्परता से इस मामले को देख रहे हैं। जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है।

आत्महत्या

## बिहार के भोजपुर में एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया जहर



**03 की मौत**

**02 की हालत गंभीर**

**पटना।** बिहार में भोजपुर जिले के बिहिया थाना के बेलवानीय गांव में बीती रात एक ही परिवार के 5 लोगों के कीटनाशक खाने से तीन लोगों की मौत हो गई, दो की हालत गंभीर है। बिहिया थाने के सब इंस्पेक्टर भगत यादव ने बताया कि बेलवानीया गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों ने कीटनाशक दवा खा ली जिससे तीन की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्य शादी समारोह में गए हुए थे तभी इन सभी ने जहर खाया। घटना के बाद घर के बाकी के सदस्य जब शादी समारोह से घर पहुंचे तो दरवाजा खुलवाने लगे लेकिन दरवाजा नहीं खुला जिसके बाद दरवाजे को तोड़ा गया और देखा कि पिता सहित उनके चारों बच्चे गंभीर हालत में पड़े है। जिसके बाद परिजनों ने उन पांचों को आनन फानन में सदर अस्पताल लाया। जहर खाने वालों में अरविंद कुमार, उनकी पुत्री नंदनी कुमारी (12 वर्ष), डॉली कुमारी (5 वर्ष), आदर्श कुमार (10 वर्ष) एवं टोनी कुमार (6 वर्ष) शामिल हैं। इनमें नंदनी कुमारी, डॉली कुमारी और टोनी की मौत हो गयी। घटना के कारणों का अभीतक पता नहीं चला है। परिजन कुछ भी बताने से इनकार कर रहे है। हालांकि पत्नी की मौत के बाद से पिता अपने बच्चों को लेकर काफी परेशान चल रहे थे।

# गिल को फरवरी के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया

**दुबई (आईएएनएस)**

भारत के शानदार फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार दिया गया है। 25 वर्षीय गिल ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पछाड़कर यह सम्मान हासिल किया। गिल के लिए यह तीसरा आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ सम्मान है, जिन्होंने इससे पहले 2023 में दो बार - जनवरी और सितंबर में यह पुरस्कार जीता था। गिल ने एक बयान में कहा, "मैं फरवरी के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर बहुत खुश हूं। बल्लेबाजी करके और अपने देश के लिए मैच जीतकर मुझे इससे अधिक प्रेरणा कुछ नहीं देता। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी बहुत महत्वपूर्ण थी और मुझे खुशी है कि मैं इसका पूरा लाभ उठा पाया। व्यक्तिगत रूप से और एक इकाई के रूप में हमारे लिए यह साल एक शानदार शुरुआत रही है। मैं आने वाले एक एक्शन से भरपूर क्रिकेट वर्ष की प्रतीक्षा कर रहा हूं और भारत के लिए कई और मैच जीतने की उम्मीद करता हूं। गिल ने इस महीने के दौरान सिर्फ पांच वनडे मैचों में 406 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 101.50 और स्ट्राइक रेट 94.19 रहा।

इसमें इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की सीरीज जीत में उनका शानदार प्रदर्शन भी शामिल है, जहां उन्होंने लगातार तीन बार पचास से ज्यादा का स्कोर बनाया। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज़ ने नागपुर में 87 रनों की शानदार पारी खेली, उसके बाद कटक में 60 रनों की पारी खेली और अहमदाबाद में 102 गेंदों पर 112 रनों की शानदार पारी खेलकर सीरीज का अंत किया। अपनी इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।




> मैं फरवरी के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर बहुत खुश हूं। बल्लेबाजी करके और अपने देश के लिए मैच जीतकर मुझे इससे अधिक प्रेरणा कुछ नहीं देता।

## चोटिल द्रविड़ जयपुर में राजस्थान रॉयल्स कैंप में शामिल हुए



**जयपुर (आईएएनएस)**

राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ बुधवार को जयपुर में टीम के तैयारी शिविर में शामिल होंगे। इससे एक सप्ताह पहले बेंगलुरु में एक क्लब मैच के दौरान उनके बाएं पैर में चोट लग गई थी। आईपीएल फ्रेंचाइजी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की, जिसमें द्रविड़ अपने बाएं पैर में प्लास्टर पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, "मुख्य कोच राहुल द्रविड़, जिन्हें बेंगलुरु में क्रिकेट खेलते समय चोट लगी थी, अब ठीक हो रहे हैं और आज जयपुर में हमारे साथ जुड़ेंगे। पूर्व रॉयल्स कप्तान ने 2011 से 2015 तक फ्रेंचाइजी के साथ पांच सीजन बिताए। उन्होंने 2014 में रॉयल्स के साथ अपने कोचिंग करियर की शुरुआत की, जब वे कप्तान से टीम के मेंटर बन गए। भारत के पूर्व मुख्य कोच द्रविड़ ने 22 फरवरी को नासूर मेमोरियल शील्ड में केएससीए ग्रुप I, डिवीजन III लीग मैच में अपने छोटे बेटे अन्वय के साथ खेलकर क्रिकेट के मैदान पर आश्चर्यजनक वापसी की।

## बल्लेबाजी में उतार-चढ़ाव के बावजूद सर्वश्रेष्ठ फिनिशर बन गए केएल राहुल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ऑसिलेटरी मोशन की विशेषता एक निश्चित बिंदु के बारे में किसी वस्तु की बार-बार आगे-पीछे की गति है, जैसा कि घड़ी के पेंडुलम द्वारा उदाहरण दिया गया है। भारतीय टीम में सबसे अधिक ऑसिलेटरी खिलाड़ी को खोजने की प्रतियोगिता में, केएल राहुल सर्वसम्मति से चुने जाएंगे। राहुल के शानदार कवर ड्राइव और उनकी कलाई से सहज फ्लिक, जब वे अपने सर्वश्रेष्ठ पर होते हैं, तो बस गति में कविता होती है। लेकिन राहुल होना आसान नहीं है - उनकी बल्लेबाजी की स्थिति में उतार-चढ़ाव चुनौतीपूर्ण रहे हैं, एक पेंडुलम की आगे-पीछे की गति के समान। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के दौरान भारत के लिए मैच फिनिश करने में राहुल की सफलता इसका उदाहरण है। राहुल को एकदिवसीय मैचों में नई चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें छठे स्थान पर भेजा गया, जो कि अक्षर पटेल के अपने सामान्य नंबर पांच पर आने के बाद फिनिशर की स्थिति थी। इसके अलावा, इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में, हमेशा इस बात पर सवाल उठते रहे कि राहुल को ऋषभ पंत से आगे क्यों तरजीह दी गई। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए उस भूमिका में राहुल की सफलता उनके शांत, विनम्र और सक्रिय अनुकूलनशीलता से चिह्नित थी - ऐसे गुण जो उनके लिए दूसरी प्रकृति बन गए हैं। हालांकि उनके 136 टूर्नामेंट रन महत्वहीन लग सकते हैं, लेकिन वे भारत के निचले मध्य क्रम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की पूरी कहानी नहीं बताते हैं। केएल राहुल के बचपन के कोच सैमुअल जयराज ने मंगलुरु से आईएएनएस से कहा,"जब भी उन्हें बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा जाता था, तो वे शिकायत नहीं करते थे। वे मुझसे पूछते थे कि मैं कैसे बेहतर हो सकता हूं और मुझे उस तरह से क्यों खेलना चाहिए।



## अलाना किंग को फरवरी के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला



**दुबई (आईएएनएस)**

महिला एशेज के दौरान अलाना किंग के शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें फरवरी 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है। ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ने अपनी टीम की साथी एनाबेल सदरलैंड और थाईलैंड की थिपाचा पुथावोंग को कड़ी टक्कर देते हुए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जीता। उनकी जीत से इस पुरस्कार में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बढ़ गया है, इससे पहले सदरलैंड (दिसंबर 2024) और बेथ मूनी (जनवरी 2025) ने भी जीत दर्ज की थी, जिससे यह लगातार तीसरा महीना है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने यह सम्मान हासिल किया है। यह पहली बार है जब किंग को आईसीसी मासिक पुरस्कार मिला है, और उन्होंने अपनी टीम की साथियों को उनकी सामूहिक सफलता का श्रेय देने में देर नहीं लगाई। किंग ने कहा, "लड़कियों के लिए यह एक बड़ी गर्मी रही है, और हम जिस तरह से एशेज को बरकरार रख पाए हैं, उससे हम वाकई बहुत खुश हैं। मुझे उस सफलता में भूमिका निभाने पर गर्व है और मैं उस श्रृंखला, विशेष रूप से टेस्ट मैच को लंबे समय तक याद रखूंगी। एमसीजी पर एशेज टेस्ट से बड़ा कोई मंच नहीं है, और मैं इसका हिस्सा होने के लिए बहुत आभारी हूं। किंग ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की शानदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने मात्र 98 रन देकर नौ विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया की पारी और 122 रन की शानदार जीत में अहम भूमिका निभाई।

## सीनियर खिलाड़ियों ने दबाव से निपटने में मदद की : अर्शदीप




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** 20 वर्षीय फॉरवर्ड अर्शदीप सिंह हाल ही में अपने लगातार प्रदर्शन के लिए सुर्खियों में रहे हैं, जिसके चलते उन्हें भुवनेश्वर में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (पुरुष) में सीनियर इंडिया में पदार्पण का मौका मिला। अर्शदीप ने पहली बार पिछले साल दिसंबर में 2024 पुरुष जूनियर एशिया कप के दौरान सुर्खियां बटोरीं, जब उन्होंने टूर्नामेंट में छह गोल किए और स्टिक से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए बहुत अच्छा टूर्नामेंट था और मैंने कुछ अच्छे गोल किए। खास तौर पर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ जीतना मेरे लिए खास पल था। मुझे लगा था कि इस साल के अंत में जूनियर विश्व कप के बाद मुझे सीनियर्स के लिए खेलने का मौका मिलेगा, लेकिन मुझे इतनी जल्दी सीनियर टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं थी।" हालांकि जूनियर एशिया कप के दौरान उन्होंने सबका ध्यान खींचा था, लेकिन अर्शदीप सिंह का ब्रेकआउट टूर्नामेंट इस साल की शुरुआत में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) था।

## गोल हंटर्स की खिताबी हैट्रिक




**नई दिल्ली ।** गोल हंटर्स फुटबाल क्लब ने कोनसाइंट फुटबाल को 5-1 से हरा कर फुटसाल दिल्ली लीग का खिताब जीत लिया। के डी जाधव इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में हंटर्स के अनुभवी और जाने माने खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और मौकों का लाभ उठा कर प्रतिद्वंद्वी को परास्त किया। मानव शर्मा और अनमोल अधिकारी ने दो दो और कप्तान अंश गुप्ता ने एक गोल जमाया। उपविजेता टीम का इकलौता गोल हिमांशु चंटोला ने किया। लगातार तीसरा खिताब जीतने वाले हंटर्स के अनमोल को टॉप स्कोरर, लेटमिनट को प्लेयर ऑफ द लीग और मोला को बेस्ट गोलकीपर आंका गया। तेज रफ्तार से खेले गए फाइनल मुकाबले में यूं तो टक्कर बराबर की रही लेकिन मौकों का लाभ उठा कर अनुभवी खिलाड़ियों ने शुरू से ही खेल पर पकड़ बना ली और लगातार हमलावर रुख अपना कर खिताब पर कब्जा बनाए रखा।

### इंडिया मास्टर्स आज पहला सेमीफाइनल खेलेगा

**रायपुर।** श्रीलंका मास्टर्स, इंडिया मास्टर्स, वेस्टइंडीज मास्टर्स और ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने पहले इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इंडिया मास्टर्स, जो अपने पांच लीग मैचों में आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, गुरुवार को रायपुर में पहला सेमीफाइनल खेलेगा। वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेंगे। श्रीलंका मास्टर्स, जो आठ अंकों और बेहतर नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, शुक्रवार को रायपुर में दूसरे सेमीफाइनल में लीग चरण में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से खेलेगा।

## डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटने पर महावीर फोगाट ने कहा, खेल मंत्रालय ने कुश्ती खिलाड़ियों के हित में अच्छा फैसला लिया



**चरखी दादरी (आईएएनएस)।** खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का निलंबन वापस ले लिया। डब्ल्यूएफआई का निलंबन हटने पर द्रोणाचार्य अवार्डी पहलवान महावीर फोगाट ने प्रतिक्रिया दी। महावीर फोगाट ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि खेल मंत्रालय ने निलंबन हटाकर कुश्ती खिलाड़ियों के हित में अच्छा फैसला लिया है। अब अच्छे पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वे बेहतर प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर सकेंगे। बता दें कि महिला पहलवानों विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत बजरंग पूनिया इत्यादि ने महासंघ अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही दिल्ली में प्रदर्शन कर ठोस कार्रवाई की मांग की गई थी। उस समय द्रोणाचार्य अवार्डी महावीर फोगाट भी पहलवानों के पक्ष में उतरे थे।

## स्वितोलिना, एंड्रीवा, स्वीयाटेक इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**इंडियन वेल्स (आईएएनएस)**

यूक्रेन की 23वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बारिश का सामना करते हुए 5-7, 6-1, 6-2 से नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पूर्व इंडियन वेल्स सेमीफाइनलिस्ट ने अपनी शुरुआती असफलताओं को भुलाकर मैच को अपने पक्ष में मोड़ दिया और अंतिम 15 गेम में से 12 गेम जीतकर अपने 21वें डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जो 2021 के बाद से उनका पहला मैच था। कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में धुंध भरे दिन पर, स्वितोलिना और पेगुला को तीसरे सेट के पहले गेम के बाद बारिश के कारण लंबे समय तक खेल में देरी का सामना करना पड़ा। यह स्वितोलिना ही थी जो बीच में अपनी आंखों में आग लेकर वापस आई। उसने पेगुला को पीछे धकेल दिया और जीत के साथ आगे निकल गई। पेगुला ने इस महीने की शुरुआत में ऑस्टिन खिताब जीतने के बाद इंडियन वेल्स में प्रवेश किया।



### स्क्वैश: इंडियन ओपन में रमित, अनाहत शीर्ष भारतीय प्रतिभाओं में शामिल



**मुंबई।** शीर्ष खिलाड़ी रमित टंडन, वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी, अनाहत सिंह और आकांक्षा सालुंखे देश के पहले पीएसए स्क्वैश कॉपर इवेंट इंडियन ओपन में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इनमें मिस्र, कनाडा, मलेशिया, जापान जैसे देशों की कुछ बेहतरीन प्रतिभाएं भी शामिल हैं। 24-28 मार्च को बॉम्बे जिमखाना में होने वाला 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाला इवेंट 2018 के बाद देश में शीर्ष स्क्वैश टूर्नामेंट की वापसी का प्रतीक है, जब मुंबई ने सीसीआई इंटरनेशनल - एक पीएसए वर्ल्ड टूर सिल्वर टूर्नामेंट की मेजबानी की थी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारत के रियल एस्टेट डेवलपर्स के लिए 62,000 करोड़ निवेश के खुले अवसर

- **डेवलपर्स भविष्य के प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन खरीदने में निवेश कर रहे हैं**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में रियल एस्टेट डेवलपर्स ने 2024 के दौरान 23 प्रमुख शहरों में 39,742 करोड़ रुपये मूल्य की 2,335 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। यह जानकारी बुधवार को जारी जेएलएल की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि इस अधिग्रहण ने 194 मिलियन स्क्वायर फीट के रियल एस्टेट डेवलपमेंट के रास्ते खोल दिए हैं। इसमें करीब 62,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में भी टियर 1 शहरों का प्रभुत्व बना हुआ है। कुल जमीन खरीद में इन शहरों की हिस्सेदारी 72 प्रतिशत थी। हालांकि, टियर 2 और टियर 3 शहर एक महत्वपूर्ण 28 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में कामयाब रहे हैं जो 662 एकड़ जमीन के बराबर होता है। रिपोर्ट में बताया गया कि नागपुर, वाराणसी, इंदौर, वृंदावन और लुधियाना जैसे शहर भूमि अधिग्रहण के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं।



जेएलएल विश्लेषण से पता चलता है कि प्रति एकड़ भूमि की लागत पिछले तीन वर्षों में लगातार बढ़ी है, जो 2022 में लगभग 11 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 17 करोड़ रुपये हो गई है। कोविड-19 के बाद 2024 कार्यालय और आवासीय परिसंपत्ति वर्ग में रियल एस्टेट के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला वर्ष साबित हुआ है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि रियल एस्टेट सेक्टर में तेजी जारी है। डेवलपर्स भविष्य के प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन खरीदने में निवेश कर रहे हैं। मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) 2024 के लिए भूमि अधिग्रहण में अग्रणी बनकर उभरा है, जहां डेवलपर्स ने 19 अलग-अलग सौदों के माध्यम से लगभग 407 एकड़ जमीन हासिल की है, जो वर्ष के कुल भूमि लेनदेन का 17 प्रतिशत है।

### भारत में गोल्ड ईटीएफ इनफ्लो फरवरी में 99 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत में निवेशकों की रुचि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में तेजी से बढ़ी है। फरवरी में नेट इनफ्लो में 1,979.84 करोड़ रुपये रहा है। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा बुधवार को दी गई। इससे पहले फरवरी 2024 में गोल्ड ईटीएफ में निवेश 997.22 करोड़ रुपये था, जो कि सालाना आधार पर ईटीएफ इनफ्लो में 99 प्रतिशत की बढ़ोतरी के दिखाता है। वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण भारत में गोल्ड ईटीएफ में नेट इनफ्लो लगातार 10वें महीने सकारात्मक रहा है। गोल्ड की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के कारण गोल्ड ईटीएफ का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट फरवरी के अंत में 55,677.25 करोड़ रुपये रहा है। गोल्ड ईटीएफ का एयूएम फरवरी 2024 में 28,529.88 करोड़ रुपये था, जो कि जनवरी 2025 में 51,839.39 करोड़ रुपये था।

### भारत के इंडस्ट्रीयल प्रोडक्शन की वृद्धि दर जनवरी में 5 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित भारत की औद्योगिक वृद्धि दर जनवरी में 5 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जो कि दिसंबर में 3.2 प्रतिशत थी। यह जानकारी सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से प्राप्त हुई। आंकड़ों से पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, जो देश के विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग संस्थानों से निकलने वाले युवा स्नातकों को गुणवत्तापूर्ण नौकरियां प्रदान करता है, ने जनवरी में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। यह पिछले साल की समान अवधि में 3.6 प्रतिशत था।

### जुर्माने से बचने के लिए 15 मार्च से पहले जमा करें अग्रिम कर

**नई दिल्ली ।** अग्रिम कर जमा करने की आखिरी तिथि 15 मार्च है। वे करदाता जिनकी अनुमानित कर देयता एक वित्त वर्ष में 10,000 रुपये से अधिक होती है, उन्हें अग्रिम कर का भुगतान करना होता है। अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष के दौरान चार अलग-अलग किस्तों में किया जाता है। करदाता को अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देनी होती है, जिसमें अनुमानित कर का 15 प्रतिशत का भुगतान करना होता है। इसके बाद 15 सितंबर को दूसरी किस्त देनी होती है, जिसमें कम से कम 45 प्रतिशत अग्रिम कर देना होता है।

### 5जी सर्विस अब 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध : केंद्र सरकार




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू की गई 5जी सर्विस वर्तमान में देश के 776 में से 773 जिलों में उपलब्ध हैं, जिसमें लक्षद्वीप भी शामिल है। संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 28 फरवरी तक देश भर में टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) द्वारा 4.69 लाख 5G बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) स्थापित किए गए हैं। टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) ने देश भर में 5जी सर्विस का विस्तार किया है और स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए नोटिस इनवाइटिंग एप्लीकेशन (एनआईए) में निर्धारित न्यूनतम रोलआउट दायित्वों से आगे निकल गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन दायित्वों से आगे मोबाइल सर्विस का विस्तार टीएसपी के टेक्नो-कमर्शियल विचार पर निर्भर करता है। सरकार ने देश में 5जी सर्विस को शुरू करने के लिए कई पहल की हैं।

### भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में थे। हालांकि, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स 72.56 अंक या 0.10 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 74,029.76 और निफ्टी 27.40 अंक या 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,470.50 पर बंद हुआ। मुख्य सूचकांकों के उलट निफ्टी बैंक 202.70 अंक या 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,056.65 बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी गिरावट देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 276.15 अंक या 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 48,486.60 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31.55 अंक या 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,044.35 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक के अलावा ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटीज इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस,



एचडीएफसी बैंक, आईसीटी, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स थे। इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, जोमैटो, एचयूएल और एसबीआई टॉप लूजर्स थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,494 शेयर हरे निशान में, 2,490 शेयर लाल निशान में और 138 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटी के सुंदर केवट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा के स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ को दोगुना करने की चेतावनी के बाद वैश्विक व्यापार नीतियों को लेकर चिंताओं के कारण शुरुआती कारोबार में बिकवाली हुई थी, जिससे निवेशक बाजार को लेकर सतर्क हो गए।

# जल्द चालू होगी सिकनी कोलियरी मंत्री ने विधायक को दिया आश्वासन

**● विभागीय मंत्री ने कहा मार्च में होगा अवधि विस्तार**

नवीन मेल संवाददाता





**चंदवा।** विधायक प्रकाश राम ने विधानसभा सत्र के दौरान जेएसएमडीसी द्वारा संचालित एकमात्र सिकनी कोलियरी मामले में तारांकित प्रश्न पूछते हुए बंद पड़े कोलियरी को खोलने की मांग रखी। विधायक ने सदन में बताया कि सिकनी कोलियरी लातेहार जिला के लिए कितना महत्वपूर्ण है। सरकार को राजस्व देने के साथ-साथ करीब 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देने का कार्य करती है। पिछले 5 वर्षों के दौरान राज्य सरकार को 300 से लेकर 500 करोड़, जबकि जिला को करीब 25 करोड़ का राजस्व दिया है। विधायक प्रकाश राम के सवाल पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री ने कहा कि इसी माह मार्च महीने में खनन पट्टा अवधि विस्तार कर दिया जायेगा। अवधि विस्तार को लेकर विधायक प्रकश राम ने प्रयास कर कैबनेट में भी इस प्रस्ताव को पास करा दिया है। विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र को लोगों को रोजगार मिले, इसके लिए मैं हमेशा से प्रयासरत रहा हूं। आने वाले समय में भी अन्य कंपनियों और विभाग के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ने का काम करूंगा। लातेहार जिला सदियों से पलायन का दंश झेल रहा है। पलायन रोकने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में होली मिलन

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू में बुधवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम , वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार सिंह ने मां सरस्वती, ओउ व भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने होली त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि होली भारत का एक प्रसिद्ध रंगों और आनंद का त्यौहार है। जिसे बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन के प्रतिक के रूप में मनाया जाता है । मुख्य रूप से होली को भक्त प्रह्लाद की रक्षा और होलिका के विनाश की कहानी से जोड़कर देखा जाता है। होली वसंत ऋतु के आगमन का भी प्रतीक है, जो प्रेम और नवचेतना की ऋतु मानी जाती है। होली त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली उत्सव का मुख्य विषय है। होली प्रेम और सद्भाव के प्रतीक के रूप में रंगों का उपयोग करती है। जिससे लोगों के बीच की दूरी कम होती है। कार्यक्रम में आचार्य शशि कुमार सिंह, वीणा देवी, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार, खुशबू कुमारी, मधुबाला कुमारी, लक्ष्मी मंडल, वंदना सिन्हा, युवराज कुमार, सोनाली कुमारी, किरण देवी, सभी भैया। बहने उपस्थित थे।

# बीडीओ व थाना प्रभारी ने पटाखा दुकानों का जायजा लिया

नवीन मेल संवाददाता



**धुरकी।** गोदरमाना में पटाखे की दुकान में लगी आग से दम घुटने के कारण पांच लोगों के मौत के बाद जिला प्रशासन पटाखा की खरीद,बिक्री और भंडारण पर गंभीर हो गया है। जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देश के बाद सीओ जुल्फिकार अंसारी व थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बुधवार को धुरकी के मुख्य पथ के दुकानदारों के साथ बाजार एवं गली मोहल्ला के दुकानों में डोर टू डोर जाकर पटाखा बिक्री की जानकारी लिया। इस दौरान सीओ जुल्फिकार अंसारी एवं थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने दुकानदारों को कहा कि जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गढ़वा जिले में बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखा का निर्माण, भंडारण एवं खरीद-बिक्री पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। यदि किसी व्यक्ति या संस्थान के द्वारा बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखा का निर्माण, बिक्री अथवा संग्रहण किया जाता है, तो उसके विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 1884, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908, विस्फोटक नियम 2008 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# धूम्रपान मुक्त जीवन व्यक्ति के शारीरिक, आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य : डॉ. एमके जोश




नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर महुआडांड़ स्थित संत जेवियर्स महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस क्लब (कॉर्डिनेटर शालिनी बारा) व इको क्लब(कॉर्डिनेटर शेफाली प्रकाश ) और एनएसएस सेल (कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर) के सहयोग से प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश, उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो की उपस्थिति में कॉलेज परिसर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस वर्ष के धूम्रपान निषेध दिवस 2025 के लिए थीम 'क्विट एंड विन' है, जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को धूम्रपान छोड़ने और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर एमके जोश ने अपने संदेश के दौरान कहा कि धूम्रपान मुक्त जीवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक विकास के लिए ही नहीं बल्कि उनके जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है।असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा बाखला ने एक संक्षिप्त परिचय के साथ इस रैली की शुरूआत की। प्रो. मनीषा बाक्सला जिन्होंने धूम्रपान निषेध दिवस 2025 के महत्व को उजागर किया। उन्होंने समझाया कि धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यह वैश्विक घटना प्रतिवर्ष देखी जाती है, जो फेफड़े के कैंसर, हृदय रोग और श्वसन मुद्दों जैसे बीमारियों को रोके जाने हेतु आवश्यक व अनिवार्य है। रैली का उद्देश्य धूम्रपान छोड़ने के महत्व पर जोर देना था, विशेष रूप से युवाओं के बीच, और एक धुएं से मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना था। मौके पर असिस्टेंट प्रो. शशि शेखर,असिस्टेंट प्रो. अंशु अंकिता बारा, कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस के कॉर्डिनेटर शालिनी बारा, एनएसएस सेल के कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर, इको क्लब के कॉर्डिनेटर शेफाली प्रकाश, असिस्टेंट प्रोफेसर शशि शेखर, मनीषा, अंशु अंकिता सहित अन्य प्रोफेसर व विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

# नर सेवा ही नारायण की सेवा है : भूमि संरक्षण पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** होली का पर्व है लोग अपने-अपने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए नये नये कपड़े खरीद कर दे रहे हैं, पर जिले के विवेक मिश्रा,भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने ऐसा कार्य किया है, जिससे समाज के लोगों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने जिला मुख्यालय के बाल आश्रय गृह में रहने वाले उन बच्चों के लिए आगे आए जिनका कोई नहीं है। होली में बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आए इसके लिए उन्होंने स्वंय बच्चों का नाप मंगवाया, फिर उन बच्चों के लिए पोशाक की खरीददारी की और पहुंचे गए बाल आश्रय गृह। वह जब बच्चों को पोशाक दे रहे थे, तो बच्चों के चेहरे पर अलग ही मुस्कान नजर आ रही थी। उनके चेहरे पर ऐसा चमक नजर आ रहा था, मानो उनका भी अभिभावक है और उनका ख्याल रखा जा रहा है। उनके मुख पर अलग ही चमक दिख रही थी।

**छोटी सी पहल है, समाज को भी आगे आने की जरूरत : विवेक मिश्रा**

उन्होंने कहा कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। मैं चाहता था कि इन बच्चों के चेहरे पर वैसी ही खुशी हो, जो अन्य बच्चों में पर्व त्योहार के दौरान दिखती है। ऐसे कार्य करने से बच्चों को ऐसा लगता है कि उनके भी अभिभावक हैं। मैं लातेहार जिलेवासियों से आग्रह करना चाहता हूं कि एक बार वे भी यहां आकर इन बच्चों से मिले और संभव हो तो बच्चों के लिए कुछ करें। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, जूनियर इंजीनियर दिलशाद आलम, सुनील कुमार, बाल आश्रय गृह के शैलेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

# यादव महासभा का होली मिलन समारोह में झूमे लोग

**लातेहार।** शहर के स्टेशन रोड स्थित पंडित दीनदयाल भवन में बुधवार को प्रांतीय यादव महासभा ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव, यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पीतांबर यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश यादव और विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने मुख्य रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। लक्ष्मण यादव ने कहा कि यह त्योहार प्यार, स्नेह और एकता को बढ़ावा देता है। पीतांबर यादव ने कहा कि रंग जीवन को सुंदर बनाते हैं, ठीक वैसे ही प्रेम और एकता हमें जोड़ते हैं। बिमलेश यादव ने कहा कि लोगों से इस त्योहार को प्यार और भाईचारे का संदेश फैलाने का जरिया बनाने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि होली हमें जीवन में रंगों के महत्व का एहसास कराती है। लोग झूमने को मजबूर हो गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सभी लोगों ने इसका खूब लुत्फ उठाया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बच्चन यादव, शिवनंदन यादव, मोहर यादव, दामोदर यादव, सुजीत यादव, मनोज यादव, श्यामसुंदर यादव, चिंटू यादव, सकेंद्र यादव, चिंटू यादव, प्रदीप यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# झामुमो बारी पंचायत कमेटी का गठन

**चंदवा।** झामुमो जिला संयोजक लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन किया जा रहा है। इस निमित्त बुधवार को झामुमो नेता नौशाद अंसारी के नेतृत्व में बारी पंचायत में झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बारी पंचायत स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष इसराफिल अंसारी,सचिव पवन यादव,उपाध्यक्ष राजू उंराव व राजेंद्र उंराव,कोषाध्यक्ष आनंद यादव का चुनाव किया गया। महिला विंग कमेटी में अध्यक्ष गुड्डी देवी,सचिव सीता देवी,कोषाध्यक्ष सुशांति देवी व उपाध्यक्ष के पद पर रूमी देवी का चयन किया गया। इस अवसर पर नौशाद अंसारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को पंचायत से लेकर जिला स्तर तक मजबूत बनाने के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का चंहुमुखी विकास तेज गति से हो रहा है। मौके पर पूर्व मुखिया रोबिन उंराव,नन्दलाल उंराव,इरफान अंसारी,इम्तियाज अंसारी,राजू उंराव,मीणा देवी,रुक्मणि देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग

**मेदिनीनगर।** ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया और प्रेस वार्ता आयोजित कर गैस सिलेंडरों के बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध इस्तेमाल पर चिंता जताई। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि 60% घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जिससे सरकार को 13% जीएसटी का नुकसान हो रहा है और ब्लास्ट जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। फाउंडेशन के ईस्ट इंडिया परियोजना प्रमुख रामेश्वर लश्करे ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर सुरक्षित और गैर-प्रदूषणकारी ईंधन है, लेकिन इसका कमर्शियल उपयोग और वाहनों में रिफिलिंग खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की केवल अस्थायी कार्रवाई पर्याप्त नहीं है और घरेलू गैस सिलेंडरों में क्यूआर कोड से ट्रैकिंग शुरू करने की मांग की, ताकि अवैध उपयोग को रोका जा सके। इस मौके पर फाउंडेशन के झारखंड राज्य जनसंपर्क अधिकारी मोसाहिद आदिब भी उपस्थित थे। फाउंडेशन ने शासन-प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## 'अपार आईडी' की खुशी में रजवाडीह मध्य विद्यालय ने मनाई होली

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में 'अपार आईडी' जेनरेट होने की खुशी को होली के रंगों के साथ मनाया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का 'अपार आईडी' सफलतापूर्वक जेनरेट हो जाने पर शिक्षकों और छात्रों ने अबीर-गुलाल लगाकर हर्ष जताया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि यह आईडी बच्चों की विश्वसनीय डिजिटल पहचान है, जो उनका शैक्षणिक डाटा सुरक्षित रखेगा और विभिन्न आवश्यकताओं में उपयोगी होगा। इस सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर जलेबी और आलूचाप का आनंद लिया। प्रधानाध्यापक ने सभी से आग्रह किया कि होली जबरदस्ती नहीं, बल्कि आपसी सौहार्द और सहमति से मनाएं। कार्यक्रम में शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा सहित विद्यालय परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## दंगा नियंत्रण के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**मेदिनीनगर।** होली और रामनवमी के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पलामू पुलिस ने विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के निर्देश पर मेदिनीनगर पुलिस लाइन मैदान में यह अभ्यास किया गया, जिसमें दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठीचार्ज जैसी तकनीकों का परीक्षण किया गया।

**अधिवक्ता संघ में होली मिलन समारोह का आयोजन**

# न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने रंग-गुलाल से मनाई होली

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ भवन में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि होली आपसी समरसता और भाईचारे का त्योहार है, जिसमें लोग गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हैं। समारोह में न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान कलाकारों द्वारा होली गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पारंपरिक होली गीतों की प्रस्तुति से माहौल उल्लासपूर्ण बना रहा। अधिवक्ता संघ द्वारा पूआ-पकवान की विशेष व्यवस्था भी की गई थी, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार सिंह,रश्मि चंदेल, संजय सिंह यादव, उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, संजय कुमार पांडेय, शशि भूषण दुबे सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित थे।

# कक्षा 1 व 2 के छात्रों के बीच पोशाक वितरण

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड स्थित पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय अरंगी में कक्षा 1 व 2 के विद्यार्थियों के बीच विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संयोजिका और समिति के अन्य सदस्यों द्वारा पोशाक वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतेंद्र दास ने जानकारी दी कि यह पहल छात्रों को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने के लिए की गई है। कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों ने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया और विद्यालय में अनुशासन व स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि पोशाक वितरण से विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया और अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जय कुमार पासवान और अन्य सदस्यों ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी और वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

# होली के रंग में रंगा संत मरियम परिवार

**▸▸ शिक्षकों ने उड़ाए गुलाल, चेयरमैन ने समाज हित में कार्य करने की दी प्रेरणा**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में बुधवार को होली महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, उपप्राचार्य एस.वी. शाहा, शैक्षिक प्रबंधक स्वाधीन पाल, समन्वयक और अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षकों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छात्रों ने नृत्य व होली गीत प्रस्तुत कर शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। पलामू के प्रसिद्ध गीतकार पंकज निराला के होली गीतों और श्याम किशोर पांडे के कीबोर्ड की धुन पर शिक्षकों ने जमकर रंग उड़ाए और उल्लास में झूमे।

चेयरमैन अविनाश देव ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विभिन्न धर्मों और पंथों से आने के बावजूद, शिक्षकों को एक रंग में रंगा देखकर यह प्रतीत होता है कि अशिक्षा ही समाज में विभाजन का कारण है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति यह समझता है कि सभी मानव एक समान हैं और प्रेम का रंग सबसे बड़ा होता है। उन्होंने सभी को आपसी द्वेष, मतभेद और द्वंद को त्यागकर प्रेम और सौहार्द को बढ़ाने का संदेश दिया।

विभिन्न राज्यों से आए मेंटर्स एडुसर्व शैक्षिक संस्थान के रीजनल मैनेजर राहुल राजा और अन्य शिक्षकों ने पलामू की मेहमाननवाजी और स्नेह की सराहना की। इस अवसर पर प्रवीण दुबे, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना प्रवीण, निकिता गुप्ता समेत समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

**झारखंड में डॉक्टरों...**

करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इससे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया था। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार से अधिक बहाली की वैकेंसी निकाली जाएगी। सेवानिवृत्त डॉक्टरों से भी सेवाएं ली जाएंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने नवनियुक्त चिकत्सकों को बधाई दी। साथ ही, कहा कि मुख्यमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नवनियुक्त चिकित्सकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। अब आप जनता के बीच जाकर अपनी सेवाएं देंगे। अपनी क्षमता से समाज को एक खूबसूरत दिशा देने का प्रयास करेंगे। आपकी पोस्टिंग विभिन्न अस्पतालों में होगी। आपका प्रयास होना चाहिए कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले। चिकित्सक मरीजों की जान बचाने का काम करते हैं, इसलिए हमें उनका मनोबल भी बढ़ाने का काम करना होगा। उन्होंने कहा, मैं आपके साथ हूं। हमलोग कदम से कदम मिला कर चलेंगे और झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत आगे तक लेकर जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने नवनियुक्त चिकित्सकों को बधाई दी। कहा कि अब आप लोग जीवन के दूसरे पड़ाव में कदम रख रहे हैं। पढ़ाई खत्म कर कर अब प्रोफेशनल बनने जा रहे हैं। चिकित्सक होने के नाते आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। अब लोग आपकी तरफ आशा भरी नजरों से देखेंगे। अब आपके पास जो भी मरीज इलाज कराने आएं, आप उसका बेहतर तरीके से इलाज करेंगे, ताकि उनको संतुष्टि मिले। इस अवसर पर अभियान निदेशक अबु इमरान सहित स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर को किया जा रहा है मजबूत :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य को बहुत जल्द कई मेडिकल कॉलेज मिलने वाले हैं। साथ ही, मेडिकल सीटें भी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार हर पंचायत में हेल्थ कॉटेज बनाने की व्यवस्था करने जा रही है। एआई टेक्नोलॉजी के तहत इलाज की व्यवस्था की जाएगी। जल्द ही रोबोटिक टेक्नोलॉजी के माध्यम से इलाज की व्यवस्था की जाएगी। 108 एंबुलेंस का विस्तार करने जा रहे हैं। रिमोट एरिया में बाइक एंबुलेंस की भी व्यवस्था करने जा रहे हैं।

**उत्पाद सिपाही में...**

एक महत्वपूर्ण निर्णय में राज्य में आंधी-तूफान और लू को आपदा घोषित करने की स्वीकृति दी गई। अब ऐसी परिस्थितियों में सरकार आपदा नियंत्रण के नियमों के अनुसार, नियंत्रण के आवश्यक कदम उठाएगी। इससे प्रभावित लोगों को मुआवजे के भुगतान में भी आपदा से संबंधित प्रावधान लागू होंगे। कैबिनेट सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने खनिजों पर भी सेस दर बढ़ाने का फैसला लिया है। खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक 2024 की समीक्षा की गई, तो पता चला कि अन्य खनिज बहुल राज्यों की तुलना में झारखंड में सेस दर काफी कम है। इसी कारण सेस दर में वृद्धि करने का फैसला लिया गया है। खनिज धारित भूमि पर सेस से ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक वसूलने का लक्ष्य रखा जा रहा है। वर्तमान में कोयला और लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन की दर से सेस लिया जाता है।

राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोकने के लिए विशेष कोर्ट के गठन की मंजूरी दी गई। इसके तहत परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय अधिनियम-2023 की धारा-26 के तहत अपर न्यायायुक्त-1, रांची के कोर्ट को विशेष कोर्ट के रूप में स्वीकृति दी गई।

**कैबिनेट के अन्य...**

▸ झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मार्च, 2025 तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।

▸ ऊर्जा विभाग के मुख्ये अभियंता के सचिव अरविंद कुमार बलदेव प्रसाद के इलाज में हुए 28 लाख रुपए के खर्च की राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया। उनके कैंसर का इलाज अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर, चेन्नई में किया गया था।

▸ गोड्डा के एनआरईपी के पूर्व कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी पर लगाए गए दो वेतन वृद्धि की रोक के विरुद्ध समर्पित अपील को स्वीकृत करते लगाए गए दंड के परिमार्जन की स्वीकृति दी गई।

▸ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी स्वर्गीय नागेंद्र कुमार सिन्हा को एयर एंबुलेंस से रांची से हैदराबाद ले जाने और इसपर खर्च हुए 14.52 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया।

▸ जल संसाधन विभाग के विशेष भू-अर्जन और पुनर्वास कार्यालयों के छटनीग्रस्त कर्मियों की सेवा समाप्ति और पुनर्बहाली के बीच की सीमा सेवा के दौरान वेतन देने का निर्णय लिया गया।

▸ छठे झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।

▸ एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान की स्वीकृति दी गई।

▸ राज्य के एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रण में चलने वाले आश्रम विद्यालयों, पीवीटीजी आवासीय प्राथमिक विद्यालयों, अनुसूचित जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय तथा अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालयों के संचालन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से कराने की अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई।

▸ जन वितरण प्रणाली के कंप्यूटरीकरण प्रक्रिया के क्रम में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानों में ई-पोश मशीन के जरिए खाद्यान्न वितरण के लिए नियमावली को शिथिल करते हुए मेसर्स लिंकवेल टेलीसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स इंटिग्रा माइक्रोसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड से अगले आठ माह या 4-जी नेटवर्क आधारित ई-पोश मशीन लगाने के लिए अवधि में विस्तार मिली मंजूरी।

▸ राज्य के मेडिकल कॉलेजों में पीजी (मेडिकल, एमडीएस) में पास होने के बाद तीन वर्षों की आवश्यक सरकारी सेवा की बाध्यता संबंधी प्रावधानों में संशोधन की स्वीकृति दी गई।

▸ झारखंड माल और सेवा कर अधिनियम-2017 में संशोधन करने के लिए प्रस्तावित झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक-2025 को झारखंड विधानसभा के चालू सत्र में पुनर्स्थापित करने की स्वीकृति दी गई।

▸ लातेहार जिले के सिकनी कोल ब्लॉक के 410.75 एकड़ क्षेत्र में से 133.473 एकड़ पर झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड के खनिज खनन पट्टा की अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।

▸ झारखंड कारा और सुधारात्मक सेवाएं विधेयक-2024 को वापस लेते हुए झारखंड कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक-2025 को झारखंड विधानसभा में पुनर्स्थापन की स्वीकृति दी गई।

▸ एक जनवरी 2016 से लागू रिवाइज्ड वेतनमान पेंशन में बदलाव की स्वीकृति दी गई।

▸ झारखंड राज्य के पुलिस, कक्षपाल, सिपाही (होमागार्ड), उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गई।

▸ झारखंड सहायक कारापाल संवर्ग नियमावली-2012 में संशोधन करते हुए झारखंड सहायक कारापाल संवर्ग (संशोधन) नियमावली- 2025 प्रवृत करने की स्वीकृति दी गई।

▸ राज्य के पीवीटीजी और अन्य आदिवासी समूह के अविद्युतीकृत टोलों तथा घरों के विद्युतिकृत करने के लिए ऑन-ग्रिड और ऑफ ग्रिड योजना के लिए 55.92 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

▸ रांची में बन रहे 5000 एमटी क्षमता के कोल्ड स्टोरेज के तीसरे पुनरीक्षित राशि के रूप में कुल 11 करोड़ 65 लाख 41 हजार 783 रुपए की स्वीकृति दी गई।

**सीनियर राष्ट्रीय महिला...**

हॉकी झारखंड ने हॉकी हरियाणा पर 4-3 से शूटआउट जीता। रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर, बिनिमा धन और कप्तान एलेबला रानी टोप्पो ने अपने प्रयासों को गोल में बदल डाला। वहीं, हॉकी हरियाणा के लिए पिंकी, अन्नू और मनीषा ने शूटआउट में गोल किए। तीसरे/चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में हॉकी मिजोरम ने हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता।

**झारखंड में कल से...**

रांची और आसपास के इलाकों में भी तापमान बढ़कर 37-38 डिग्री होने की आशंका है। कोल्हान के जिलों में भी तापमान बढ़ सकता है।वहीं, बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिन में मौसम साफ रहा और दोपहर में गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, सुबह और शाम में अभी भी ठंड का एहसास हो रहा है। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 34.1 और न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री, जमशेदपुर में 38.6 और 17.4, मेदिनीनगर में 39.2 और 16.1 तथा बोकारो में अधिकतम 38.1 और न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों में फंसे 266 भारतीयों की स्वदेश वापसी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर अपराध केंद्रों से रिहा किए गए 266 भारतीय नागरिक स्वदेश वापस आ गए हैं। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक विमान में ये लोग भारत लौटे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा, "भारत सरकार ने कल एक आईएएफ विमान द्वारा 266 भारतीयों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की, जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया में साइबर अपराध केंद्रों से रिहा किया गया था। मंत्रालय ने भारतीय दूतावासों के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला, जिन्होंने प्रभावित व्यक्तियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए म्यांमार और थाईलैंड की सरकारों के साथ मिलकर काम किया। इससे पहले सोमवार को 283 भारतीयों को म्यांमार से वापस लाया गया।

## पुर्तगाल: लुइस मोंटेनेग्रो की गिरी सरकार, संसद में नहीं हासिल कर पाए जरूरी मत

**लिस्बन (आईएएनएस)।** पुर्तगाली प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो संसद में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाए, जिससे उनकी सरकार गिर गई। एक साल से भी कम समय तक चली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा। इसमें भाग लेने वाले 224 सांसदों में से केवल मोंटेनेग्रो की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (पीएसडी), पीपुल्स पार्टी (सीडीएस-पीपी) और लिबरल इनिशिएटिव ने उनका समर्थन किया। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशलिस्ट पार्टी (पीएस), दूर-दराज़ चेगा, लेफ्ट ब्लॉक (बीई), कम्युनिस्ट पार्टी (पीसीपी), लिवरे और पैन के एकमात्र सांसद ने उनके खिलाफ़ मतदान किया।



पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक

## सुरक्षाबलों ने 155 यात्रियों को बचाया, प्रत्यक्षदर्शी बोले- ब्लास्ट व फायरिंग की आ रही थीं आवाजें



**क्वेटा /पाकिस्तान (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किए जाने के बाद सुरक्षाबलों ने अब तक 155 यात्रियों को आतंकवादियों से सुरक्षित बचा लिया है। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान अब तक 27 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। साथ ही यह भी पता चला है कि जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले आतंकवादी अफगानिस्तान में अपने मददगारों के संपर्क में हैं। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि आत्मघाती हमलावरों ने कुछ बंधक यात्रियों को अपने पास ही रखा है। बंधकों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सेना द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, उग्रवादी अलगाववादी समूह बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की कैद से रिहा हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की आपबीती बताई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि जिस समय ट्रेन को हाईजैक किया गया, उसके बाद लोगों में हड़कंप मच गया और वे चीखने-चिल्लाने लगे।

### भारत और मॉरीशस ने किए आठ एमओयू पर हस्ताक्षर

# साझी सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा है भारत-मॉरीशस का सबंध : मोदी

### दोनों देशों के बीच रणनीतिक, आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर

**पोर्ट लुईस (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मॉरीशस के समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति में बुधवार को आठ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। ये अपराध जांच, समुद्री यातायात निगरानी, बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त और महासागर अर्थव्यवस्था सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं। संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने कहा, भारत-मॉरीशस का सबंध, केवल हिंद महासागर से नहीं, बल्कि हमारी साझी सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़ा है। हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति की राह पर एक दूसरे के साथी हैं। प्राकृतिक आपदा हो या कोविड विपदा, हमने हमेशा एक दूसरे का साथ दिया है। रक्षा हो या शिक्षा, स्वास्थ्य हो या स्पेस हम हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। पिछले दस वर्षों में हमने अपने संबंधों में कई नए आयाम जोड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को ऐलान किया कि भारत मॉरीशस में संसद की नई बिल्डिंग बनाने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि यह 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की ओर से मॉरीशस को भेंट होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अगले पांच वर्षों में भारत में मॉरीशस के 500 सिविल सर्वेंट को ट्रेनिंग दी जाएगी। हमारे बीच लोकल करेंसी में आपसी व्यापार का सेटलमेंट करने पर भी सहमति बनी है। पीएम मोदी ने मॉरीशस के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है कि मुझे दोबारा मॉरीशस के नेशनल डे पर आने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम जी और मॉरीशस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11से 12 मार्च तक मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर हैं।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान

**नई दिल्ली।** मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोखूल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजधानी पोर्ट लुइस में देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री मोदी को मिला यह 21वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री ने पूर्ण विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करते हुए पुरस्कार को भारत से सदियों पहले मॉरीशस आए पूर्वजों और उनकी सभी पीढ़ियों को समर्पित किया। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान सम्मानित प्रधानमंत्री ने हार्दिक आभार प्रगट करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका नहीं, बल्कि 1.4 अरब भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और मॉरीशस के बीच के रिश्ते के सदियों पुराने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक बंधनों को सम्मान है। प्रधानमंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया कि भारत-मॉरीशस रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

## दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर भारत में

**ब्यूरो**



- इसमें भी ज्यादा दिल्ली व उससे सटे एनसीआर के शहर
- खराब हवा के कारण भारत के लोगों की उम्र 5.2 वर्ष कम हो रही है

**नई दिल्ली।** भारत की राजधानी दिल्ली और उससे सटे अन्य राज्यों के कुछ शहर (हरियाणा का फरीदाबाद, उप्र का नोएडा,ग्रेटर नोएडा, लोनी, ग़ाज़ियाबाद )जो एनसीआर जोन में पड़ते हैं, वे दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में से हैं। और विश्व में जो 20 सबसे प्रदूषित शहर हैं उनमें 13 (दो तिहाई के लगभग ) भारत के हैं।कह सकते हैं कि प्रदूषित शहरों के मामले में भारत विश्व गुरु है। मेघालय का बर्नी हॉट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी की श्रेणी में टॉप पर है। ये जानकारी स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7% की गिरावट देखी गई।2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल ऊँचा दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा। जहां तक विश्व का सबसे साफ़ शहर का सवाल है तो ओशिनिया 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ वाला शहर रहा। यूनाइटेड नेशंस के अनुसार, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं। और भारत के शहरों की हवा तो इतनी खराब है कि 35% शहरों में हवा में धूल के छोटे-छोटे कण (पीएम2.5) का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के बताए लेवल से 10 गुना ज्यादा है। खराब हवा के कारण भारत के लोगों की उम्र लगभग 5.2 वर्ष कम हो रही है।हर वर्ष लगभग15 लाख लोगों की मौत हवा में मौजूद जीएम 2.5 कणों के प्रदूषण के कारण हो रही है। जीएम 2.5 हवा में मौजूद 2.5 माइक्रोन से छोटे सूक्ष्म प्रदूषण कण होते हैं ,जो फेफड़े व खून में प्रवेश कर सकते हैं। जिससे सांस लेने में तकलीफ, दिल की बीमारी व कैंसर होने की संभावना ज्यादा हो जाती है।

रूस-यूक्रेन युद्ध

## ट्रंप के 30 दिवसीय युद्ध विराम समझौते से जेलेंस्की हुए सहमत पुतिन पर टिकी सबकी निगाहें



**जेद्दाह (आईएएनएस)** । यूक्रेन का कहना है वह रूस के साथ 30 दिन के युद्ध विराम के वाशिंगटन के प्रस्ताव का समर्थन करेगा। कीव ने कहा कि यह 'मील का पत्थर' वार्ता थी जिसके दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने को फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी। मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के साथ आठ घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद कीव ने यह घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अब संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रस्ताव को रूस के समक्ष ले जाएगा।

## न्यूयॉर्क में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फिलिस्तीन समर्थकों ने निकाली रैली

**न्यूयॉर्क।** फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने न्यूयॉर्क शहर में ट्रंप प्रशासन के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। ये प्रदर्शन मध्य पूर्व, कॉलेजों में विरोध और आव्रजन से जुड़ी नीतियों के खिलाफ थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया कि मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर वाशिंगटन पार्क से लोअर मैनहट्टन स्थित सिटी हॉल तक मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। पिछले शुक्रवार को ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया विश्वविद्यालय के लिए 400 मिलियन डॉलर की फेडरल फंडिंग को रद्द कर दिया था। उन्होंने यह फैसला यहूदी-विरोधी गतिविधियों को रोकने के आधार पर लिया था।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

## पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना ने 10 लाख इंस्टॉलेशन का कीर्तिमान स्थापित किया

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 13 फरवरी 2024 को शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना का उद्देश्य 1 करोड़ आवासीय घरों को रूफटॉप सौर प्रणालियों के माध्यम से मुफ्त बिजली प्रदान करना और पारंपरिक बिजली स्रोतों पर निर्भरता को कम करना है, साथ ही नागरिकों को ऊर्जा उत्पादक बनने में सक्षम बनाना है। यह योजना प्रत्येक घर को 100 पेड़ लगाने के बराबर कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान करने में सक्षम बनाती है।

**सब्सिडी और प्रोत्साहन के साथ परिवारों को सशक्त बनाना :** नवीन और नवीकरणीय और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) द्वारा कार्यान्वित इस योजना को 47.3 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। 6.13 लाख लाभार्थियों को सफलतापूर्वक सब्सिडी प्राप्त हुई है, जिसकी राशि 4,770 करोड़ रुपए है।

### ऋण सुविधा से रूफटॉप सौर इंस्टॉलेशन हुआ अधिक सुलभ

मुफ्त बिजली योजना की एक प्रमुख विशेषता 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबीपीएसबी) के माध्यम से 6.75% की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक के ऋण के लिए संपार्श्विक-मुक्त ऋण का प्रावधान है, जिससे रूफटॉप सौर इंस्टॉलेशन आम लोगों के लिए अधिक सुलभ हो गया है। आसान ऋण सुविधा के साथ, एक) के माध्यम से 6.75% की रियायती ब्याज दर पर 2 लाख रुपये तक के ऋणों के लिए बिना किसी जमानत के ऋण का प्रावधान है, जिससे रूफटॉप सौर इंस्टॉलेशन आम जनता के लिए अधिक सुलभ हो सके। आसान ऋण सुविधा के साथ, 3 किलोवाट रूफटॉप सौर प्रणाली को 15,000 रुपए जितना कम निवेश करके स्थापित किया जा सकता है, जो 25 वर्षों में 15 लाख रुपए तक का रिटर्न दे सकता है। ऋण आवेदन प्रक्रिया भी पूरी तरह से स्वचालित और ऑनलाइन है। अब तक, 3.10 लाख ऋण आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1.58 लाख ऋण स्वीकृत और 1.28 लाख वितरित किए जा चुके हैं, जिससे संभावित लाभार्थियों के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। लाभार्थियों को 3 किलोवाट तक के रूफटॉप सौर प्रणाली के लिए 78000 रुपए तक की सब्सिडी मिलती है सब्सिडी मिलती है, जिससे इंस्टॉलेशन लागत काफी कम हो जाती है।



### कई राज्यों में उल्लेखनीय प्रगति

राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्य भी असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन करते हुए कुल इंस्टालेशन आंकड़ों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सरकार योजना के सुचारू और समय पर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों में प्रगति की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही है, जिसका लक्ष्य 2026-27 तक एक करोड़ घरों तक पहुंचना है।

कहानी फिल्म जगत की



## कैटरीना कैफ कुक्के श्री सुब्रमण्य मंदिर में सर्प संस्कार की पूजा-अर्चना में शामिल हुईं

कैटरीना मंगलवार और बुधवार को प्रत्येक दिन चार से पांच घंटे तक इस विशेष पूजा में शामिल रहेंगी। कैटरीना मंदिर के वीआईपी गेस्ट हाउस में ठहरी हैं और बुधवार अपराह्न दो बजे तक इस अनुष्ठान के पूरा हो जाने की उम्मीद है। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने मंगलवार को कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर में पूजा-अर्चना की। कैटरीना दक्षिण कन्नड़ जिले में स्थित कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर में सर्प संस्कार की दो दिवसीय पूजा-अर्चना में शामिल हुईं, जो बुधवार अपराह्न तक संपन्न होगी। मंदिर प्रशासन ने बताया कि कैटरीना अपने कुछ दोस्तों के साथ आज मंदिर पहुंचीं और वह सर्प संस्कार पूजा कर रही हैं। यह पूजा आमतौर पर किसी की संपत्ति या पूर्वजों द्वारा किसी सर्प (नाग देवता) की मृत्यु के प्रायश्चित के रूप में की जाती है। यह पूजा दो चरणों में लगभग चार से पांच घंटे तक दो दिनों तक चलेगी। कैटरीना मंगलवार और बुधवार को प्रत्येक दिन चार से पांच घंटे तक इस विशेष पूजा में शामिल रहेंगी। कैटरीना मंदिर के वीआईपी गेस्ट हाउस में ठहरी हैं और बुधवार अपराह्न दो बजे तक इस अनुष्ठान के पूरा हो जाने की उम्मीद है।


